सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं

रांची, मंगलवार 14.01.2025 | माघ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 184 | * * नगर संस्करण | पेज : 12 | khabarmantra.net

## न्यूज डायरी

### गंगासागर में उमड़ा सैलाब, तीन की मौत

**गंगासागर।** मकर संक्रांति से पहले पश्चिम बंगाल के गंगासागर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। सोमवार को हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने स्नान किया है। इस दौरान कड़ाके की सर्दी में दिल का दौरा पड़ने से तीन लोगों की जान भी चली गयी। एक अनुसान के अनुसार 65 लाख श्रद्धालु सोमवार तक गंगासागर पहुंचे।

### मंत्री ने पुल निर्माण नियमों में बदलाव का दिया निर्देश

**रांची।** ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पांडेय ने पुल निर्माण के निर्धारित स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट में आवश्यक बदलाव करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कई बार क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा जा रहा है कि पूर्व में जो पुल बनाये गये हैं, वे मरम्मत के अभाव में जर्जर हो रहे हैं। उन पुलों की मरम्मति कराने का निर्देश दिया।

### प्रिंसिपल का रूम सील, जांच के आदेश

**धनबाद।** छात्राओं से शर्ट उतरवाने के मामले में झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार से स्वतः संज्ञान लिया है। डिगवाडीह कार्मेल स्कूल की प्रिंसिपल का कक्ष सील कर दिया गया है। इस मामले के जांच के आदेश दिये गये हैं।

### जापान में तेज भूकंप सुनामी की चेतावनी

**नयी दिल्ली।** जापान के क्यूशू क्षेत्र में 6.6 तीव्रता के भूकंप से लोगों में दहशत फैल गयी। भूकंप की तीव्रता 6.6 मापी गयी। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गयी है।

# देश का मुकुट कश्मीर धरती का स्वर्ग बनेगा

## वादा है, सही समय पर सही काम भी होनेवाला है : मोदी

एजेंसी

**श्रीनगर।** पीएम मोदी ने कहा, कश्मीर तो देश का मुकुट है, भारत का ताज है। मैं चाहता हूं कि ये ताज और सुंदर हो, और समृद्ध हो। आप पक्का मानिये, ये मोदी है, वादा करता है, तो निभाता है। हर काम का समय होता है, सही समय पर सही काम भी होने वाले है। जम्मू-कश्मीर अब एक बार फिर से 'धरती का स्वर्ग' बनेगा। पीएम मोदी सोमवार को सोनमर्ग सुरंग (जेड-मोड़-सुरंग) का उद्घाटन के बाद बड़ी जनसभा में बोल रहे थे। 6.4 किलोमीटर लंबा यह टनल रणनीतिक रूप से भी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, मुझे ये देखकर खुशी होती है कि इस काम में मुझे यहां के नौजवानों, बुर्जगों, बेटे-बेटियों का लगातार साथ मिल रहा है। मोदी ने कहा, उनके सपने का भारत तभी पूरा होगा जब हर हिस्से में समान रूप से तरक्की होगी।

**टनल से यात्रा और सुगम होगी :** पीएम ने कहा, जेड मोड़ टनल राज्य के लिए एक बड़ी सौगात है। परियोजना का निर्माण 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। इसमें सोनमर्ग मुख्य सुरंग, एक निकास सुरंग और पहुंच मार्ग शामिल हैं। इस सुरंग के निर्माण से पर्यटक वर्ष भर सोनमर्ग आ सकेंगे। शीतकालीन पर्यटन, साहसिक खेल और स्थानीय आजीविका को भी बढ़ावा मिलेगा। समुद्र तल से 8,650 फुट की ऊंचाई पर स्थित इस सुरंग से श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच हर मौसम में सड़क मार्ग से आना-जाना सुगम होगा और लेह पहुंचने में भी आसानी होगी। उन्होंने कश्मीर के विकास और यहां की जनता के योगदान की सराहना की। साथ ही भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार उनके साथ है। समारोह में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, प्रदेश के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा, सीएम उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे।



6.4 केएम लंबा सोनमर्ग सुरंग (जेड-मोड़-सुरंग) का किया उद्घाटन

### दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग यहीं

पीएम ने कहा कि सुरंग का वास्तविक निर्माण कार्य, उनकी सरकार ने 2015 में शुरू किया था और मुझे खुशी है कि इसका उदघाटन भी किया। जम्मू-कश्मीर में भी बीते 10 साल में एक से बढ़कर एक शिक्षण संस्थान बने हैं। इसका बहुत बड़ा लाभ यहां के हमारे नौजवानों को हुआ है। जम्मू-कश्मीर तो अब सुरंग का, ऊंचे-ऊंचे पुलों का, रोप-वे का हब बनता जा रहा है। दुनिया की सबसे ऊंची सुरंगें यहां बन रही हैं, दुनिया के सबसे ऊंचे रेल-रोड ब्रिज, दुनिया की सबसे ऊंची रेल लाइन यहां बन रही हैं।

### शहीद श्रमिकों को नहीं भूल सकते

पीएम ने कहा कि जिस टनल का आज उद्घाटन हुआ, कुछ समय पहले यहां पर काम कर रहे श्रमिकों पर आतंकियों ने हमला किया था जिसमें 7 श्रमिक मारे गयेए थे। श्रमिकों ने कठिन संघर्ष किया है, जिनकी कड़ी मेहनत और बलिदान की सराहना की। हम अपने श्रमिक साथियों की कुर्बानियों को कभी नहीं भूलेंगे।

## ट्रिपल टेस्ट के बहाने निकाय चुनाव रोकना अवमानना

# हाइकोर्ट ने केंद्रीय चुनाव आयोग को भेजा नोटिस

### अगली सुनवाई अब गुरुवार को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्थानीय शहरी निकाय चुनाव कराने को लेकर दायर एक याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान सरकार ने अदालत को बताया कि ट्रिपल टेस्ट करवा कर चुनाव कराया जायेगा। इस पर न्यायालय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा है कि ट्रिपल टेस्ट के बैगर ही निकाय चुनाव कराया जाये। ट्रिपल टेस्ट की आड़ में निकाय चुनाव रोक नहीं सकते हैं। यह आदेश दिये जाने पर भी राज्य सरकार द्वारा चुनाव नहीं कराना, कोर्ट के आदेश की अवमानना है। स्टेट इलेक्शन कमीशन के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने नयी मतदाता सूची को अभी तक राज्य निर्वाचन आयोग को उपलब्ध नहीं कराया है। साथ ही राज्य सरकार राज्य निर्वाचन आयोग को सहयोग नहीं कर रहा है। इस स्थिति में अभी तक शहरी निकाय चुनाव राज्य में नहीं कराया जा सका है। इसके बाद न्यायालय ने केंद्रीय चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को करेगा। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। यह जानकारी प्रार्थी रौशनी खलखो ने दी। दरअसल निवर्तमान पार्षद रौशनी खलखो ने राज्य में जल्द नगर निगम और निकाय चुनाव कराने के लिए हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है।

## महाकुंभ : संगम पर स्नान करने पहुंची दुनिया

**महाकुंभनगर।** दुनिया के सबसे बड़े समागम महाकुंभ में सोमवार को पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के दिन देश-विदेश के करीब दो करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम पर अमृत स्नान किया। प्रयागराज के संगम को आस्था, संस्कृति और मानवता के जीवंत केंद्र में बदल दिया।

संगम घाट इस बार दुनिया के लिए बड़ा आकर्षण का केंद्र बन गया है। देश के विभिन्न राज्यों के साथ ही अमेरिका, रूस, जर्मनी, इटली, इक्वाडोर समेत तमाम देशों के लोग सनातन संस्कृति से अभिभूत नजर आये। सभी ने संगम में डुबकी लगायी और माथे पर तिलक लगाया।

स्पेनिश, जर्मन, रशियन और फ्रेंच समेत कई विदेशी भाषाओं में 'जय श्री राम' और 'हर-हर गंगे' के जयकारों से संगम का वातावरण गूंज उठा। इसके साथ ही महाकुंभ की विशिष्ट परंपरा कल्पवास की भी शुरुआत हो गयी।



(पेज 11 और 12 भी देखें)



## जल्द हो सकता है स्टेट बार काउंसिल चुनाव

**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल की नयी कमिटी के लिए जल्द चुनाव हो सकता है। चुनाव के मुद्दे पर काउंसिल की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि चुनाव की तिथि निर्धारित करने के लिए 15 दिनों में जेनरल बॉडी की बैठक बुलाई जाये, जिसमें चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाये।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना का निरस्तीकरण**

**ई-निविदा सं. एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-109, दिनांक 03.01.2025** जो इस समाचार पत्र में वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर द्वारा पूर्व में प्रकाशित किया गया था, को **निरस्त** माना जाएगा।

(PR-1008/C)


## नव प्रोन्नत 9 आईएएस अधिकारियों की हुई पोस्टिंग, विभाग में बने रहेंगे ज्वाइंट सेक्रेटरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति पाए 9 अधिकारियों की पोस्टिंग कर दी गई है। सभी अधिकारियों को संयुक्त सचिव का पद दिया गया है और उन्हीं विभागों में पदस्थापित किया गया है जहां वे पहले से थे। सुधीर बाड़ा को संयुक्त सचिव अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा कल्याण विभाग रांची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। वहीं, अनिल कुमार तिर्की को संयुक्त सचिव गृह विभाग, शैल प्रभा कुजूर को संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग, नीलम लता को संयुक्त सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, संदीप कुमार को संयुक्त सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, पशुपतिनाथ मिश्रा को डीडीसी गढ़वा और राजकुमार गुप्ता को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जैप आईटी रांची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया। कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।


**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा का कार्यालय**
**(जिला ग्रामीण विकास शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**-: सूचना :-**

"महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी" अन्तर्गत क्षेत्रीय कर्मियों के संविदा अधारित सृजित पदों पर नियुक्ति के लिए सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निर्गत संकल्प ज्ञापांक-4729 दिनांक-04.06.2007 से निर्गत नियुक्ति सेवा शर्त कर्तव्य नियमावली 2007 निर्गत तथा विभागीय संकल्प ज्ञापांक-6440 दिनांक-17.07.2012 तथा सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड के संकल्प ज्ञापांक-(N) 848 दिनांक-21.03.2017 से निर्गत (संशोधित नियुक्ति सेवा शर्त कर्तव्य नियमावली-2017) के आलोक में चतरा जिला में रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या-01/2023-24 प्रकाशित की गई थी।

नियुक्ति सेवा शर्त कर्तव्य नियमावली (N) 848 दिनांक-21.03.2017 के कंडिका 4 के उप कंडिका 1 से 3 के (IV) एवं विज्ञापन संख्या-61/2023-24 के कंडिका 6 के उपकंडिका (VIII) में स्पष्ट निदेश है कि "नियुक्ति के लिए किसी भी अभ्यर्थी विशेष के लिए किसी एक जिला के अभ्यर्थी का आवेदन स्वीकार किया जा सकेगा। साथ ही **आवेदन पत्र के साथ उन्हे इस आशय का शपथ पत्र अर्पित करना अनिवार्य होगा कि:-**

1) झारखण्ड राज्य के किसी अन्य जिला में उस पद विशेष के लिए उनके द्वारा कोई आवेदन नहीं किया गया है।

2) उनके द्वारा अर्पित शपथ पत्र/कोई सूचना यदि कभी भी असत्य पाया जाता है तो उस अभ्यर्थी विशेष की नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जायेगा। साथ ही इसके लिए उनके विरूद्ध उचित कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।

उक्त के आलोक में समीक्षोपरांत पाया गया कि कुछ अभ्यर्थियों द्वारा चतरा जिला के अतिरिक्त अन्य जिला में भी उस पद विशेष के लिए आवेदन दिया गया है। जिसकी सूची चतरा जिले के Website www.chatra.nic.in पर upload किया गया है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में वैसे अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि यदि उन्हे इस संबंध में अपना पक्ष रखना हो तो दिनांक-18.01.2025 तक लिखित रूप से जिला ग्रामीण विकास शाखा, चतरा के कार्यालय में संध्या 4:00 बजे तक हाथो हाथ जमा कर सकते है। उक्त समयावधि तक वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने चतरा जिला के अतिरिक्त अन्य जिला में उस पद विशेष पर आवेदन नहीं किये हैं का शपथ पत्र समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे तथा निर्धारित समयावधि के उपरांत कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

उप विकास आयुक्त,
चतरा।

PR.NO.344142 Rural Development(24-25):D


## दुमका सर्किल में सबसे अधिक और पलामू में सबसे कम

# झारखंड की छोटी-बड़ी खदानों के 3467 लीजधारकों की लीज लैप्स

### राज्यभर में छोटी-बड़ी खदानों के कुल 4559 लीजधारक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की छोटी-बड़ी खदानों के 3467 लीजधारकों की लीज लैप्स हो गयी है। राज्यभर में छोटी-बड़ी खदानों के 4559 लीजधारक हैं। इसमें से सिर्फ 753 लीजधारक ही कार्यरत हैं। सबसे अधिक दुमका सर्किल में 1187 लीजधारकों की लीज लैप्स हुई है। इस सर्किल में 1529 लीजधारक हैं। इसमें सिर्फ 261 लीजधारक ही कार्यरत हैं। जामताड़ा में 100 लीजधारकों में सिर्फ आठ ही कार्यरत हैं।

**रांची सर्किल में 583 लीज धारकों का लीज लैप्स :** रांची सर्किल में 583 लीजधारकों की लीज लैप्स हो गयी है। इस सर्किल में 755 लीजधारकों में सिर्फ 106 ही कार्यरत हैं। पलामू सर्किल में 310 लीजधारकों में सिर्फ 77 ही कार्यरत हैं। कोल्हान सर्किल में 586 लीजधारकों में सिर्फ 68 ही कार्यरत हैं। धनबाद सर्किल में 727 लीजधारकों में सिर्फ 154 लीजधारक ही कार्यरत हैं। हजारीबाग सर्किल में 672 लीजधारकों में सिर्फ 87 लीजधारक ही कार्यरत हैं।

### किस सर्किल में कितने लीज लैप्स और कितने हैं कार्यरत

| जिला | लीजधारक | कार्यरत | लैप्स |
|---|---|---|---|
| **धनबाद सर्किल** | | | |
| बोकारो | 198 | 28 | 164 |
| धनबाद | 281 | 74 | 147 |
| गिरिडीह | 248 | 52 | 178 |
| **दुमका सर्किल** | | | |
| देवघर | 166 | 23 | 135 |
| दुमका | 308 | 41 | 263 |
| गोड्डा | 81 | 10 | 69 |
| जामताड़ा | 100 | 08 | 83 |
| पाकुड़ | 418 | 94 | 303 |
| साहेबगंज | 456 | 85 | 334 |
| **हजारीबाग सर्किल** | | | |
| चतरा | 94 | 20 | 60 |
| हजारीबाग | 136 | 26 | 106 |
| कोडरमा | 210 | 22 | 175 |
| रामगढ़ | 232 | 19 | 201 |
| **कोल्हान सर्किल** | | | |
| चाईबासा | 197 | 20 | 172 |
| जमशेदपुर | 206 | 27 | 167 |
| सरायकेला | 163 | 21 | 133 |
| **पलामू सर्किल** | | | |
| गढ़वा | 59 | 04 | 46 |
| लातेहार | 43 | 14 | 24 |
| सरायकेला | 208 | 59 | 124 |
| **रांची सर्किल** | | | |
| गुमला | 130 | 31 | 68 |
| खूंटी | 91 | 12 | 72 |
| लोहरदगा | 119 | 10 | 106 |
| रांची | 343 | 43 | 280 |
| सिमडेगा | 72 | 10 | 57 |

## सक्षम महिलाओं को विधवाओं से अधिक मिल रही सम्मान राशिः बाबूलाल मरांडी

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने विधावाओं को दी जाने वाली राशि एक हजार से बढ़ाने की मांग की



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि सक्षम महिलाओं को 2500 रुपये और विधवाओं को केवल 1000 रुपये दिये जा रहे हैं। उन्होंने विधावाओं को दी जाने वाली राशि में बृद्धि की मांग की है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार किस तर्क से यह अन्यायपूर्ण अंतर पैदा कर रही है। सरकार को सबसे कमजोर वर्ग असहाय विधवा महिलाओं के अधिकारों पर कुठाराघात करने के निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिये।

## फरवरी-मार्च तक साइकिल खरीद की टेंडर प्रक्रिया होगी पूरी

# 8वीं के 5 लाख विद्यार्थियों को साइकिल देगी हेमंत सरकार

■ एसटी, एससी ओबीसी को 4,500 और जनरल को दिये जायेंगे 3,500 रुपये



**विशेष संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार झारखंड के 5 लाख विद्यार्थियों को साईकिल देगी। सभी बच्चे 8वीं कक्षा के होंगे। साइकिल खरीद की टेंडर प्रक्रिया फरवरी-मार्च तक पूरी कर ली जायेगी। टेंडर नहीं होने की स्थिति में साईकिल के पैसे विद्यार्थियों के बैंक अकाउंट में भेज दिये जायेंगे। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल 2025 में शैक्षणिक सत्र की शुरूआत होने के बाद मई में साइकिल वितरण शुरू कर दिया जायेगा। इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी गयी है।

**रिजर्व कैटेगरी को 4500 और जनरल कैटेगरी को मिलेंगे 3,500 रुपये :** जैक की ओर से मार्च 2025 में 7वीं की परीक्षा आयोजित की जायेगी और इसी महीने रिजल्ट भी जारी कर दिये जायेंगे। रिजल्ट आने के बाद एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। दाखिले की प्रक्रिया पूरा होते ही साईकिल वितरण का काम शुरू करल दिया जायेगा। अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के विद्यार्थियों को कल्याण विभाग की ओर से साइकिल खरीदने के लिए 4,500 रुपये मिलेंगे। वहीं सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग की ओर से साइकिल खरीदने के लिए 3,500 रुपये दिये जायेंगे


**सम्पदा न्यायालय ,**
**बोकारो स्टील सिटी, बोकारो**
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की सम्पदा न्यायालय बोकारो स्टील सिटी द्वारा पूर्व में बोकारो स्टील प्लांट के निम्नलिखित परिसरों को खाली करने के संदर्भ में बेदखली आदेश (Eviction Orders) पारित किए जा चुके है :

| SL. No. | CASE NO. | DT. OF ORDER | NAME OF PARTY | PREMISES |
|---|---|---|---|---|
| 1 | A/E 327/2023 | 17.02.24 | Sri Bittu Saw, Badri Saw & Others | Unauthorized construction of 02 Nos. of Kucha/Pucca Room/Shop/ Garage, in the open land near shopping centre of sector 12B, B. S. City. |
| 2 | A/E 333/2023 | 16.05.24 | Sri Arun Sharma | Unauthorized construction in the form of Pucca building etc. In PanaruaMouza. |
| 3 | A/E 335/2023 | 16.05.24 | Sri Rajesh Jaiswal | Unauthorized construction in the form of Udaipur Marbles etc. At PanaruaMouza. |
| 4 | A/E 334/2023 | 22.05.24 | Sri D.N. Pandey | Unauthorized construction in the form of Evergreens Banquet &Resturant etc. In Ukrid Mouza. |
| 5 | A/E 59/2024 | 21.05.24 | Sri Mohan Lal Jain, proprietor of M/s. Mohan Timber's | Unauthorized costruction in the form of permanent RCC/Steel foundation, Columns, beams, slabs etc. for the purpose of production and selling all types of Timber products, Plywood, block board, flush door, mica door skin, membrance door, shuttering material etc. in erstwhile mouzaUkrid, Thana no. 37 in the areas falling under North-BSL Land, South-BSL Land/unauthorised construction of Singh Timber, East-Road from NH-23 Byepass to Nayamore (Old NH-23), West-BSL Land. Bokaro. B. S. City. |

सम्पदा न्यायालय , बोकारो द्वारा पारित आदेशों के आलोक में ऊपर संदर्भित बेदखली आदेश (Eviction Orders) के तहत अनाधिकृत दखलदारों को 07 दिन के अंदर खाली करने का निर्देश दिया जाता है

अतः अनाधिकृत दखलदारों को पुनः सूचित किया जाता है कि उक्त अनाधिकृत परिसरों को खाली कर दे , अन्यथा इन्हें बेदखली प्रक्रिया के तहत हटा दिया जाएगा और किसी भी क्षति के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

आदेशानुसार
सम्पदा
पदाधिकारी
बोकारो स्टील सिटी

दिनांक: 11.01.2025


## 10 आइपीएस को मिला प्रमोशन

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के दस पदाधिकारियों को जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड के वेतनमान लेवल बारह के पे मैट्रिक्स में प्रोन्नति दी है। यह प्रमोशन एक जनवरी 2025 की तिथि से प्रभावी होगा। 2016 बैच के इन अधिकारियों को एमसीटीपी फेज थ्री का प्रशिक्षण पूरा करने का निर्देश दिया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत अंजनी अंजन, सौरव, अमित रेनू, ऋषभ कुमार झा, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, पूज्य प्रकाश, अमित कुमार सिंह, मुकेश कुमार, सहदेव साव को प्रमोशन मिला है।

## जर्जर पुलों की मरम्मत के लिए एसबीडी में करें बदलाव : दीपिका

**रांची।** ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पांडेय ने पुल निर्माण के लिए निर्धारित स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट में आवश्यक बदलाव करने का निर्देश विशेष प्रमंडल के मुख्य अभियंता को दिया है। मंत्री ने कहा था कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा जा रहा है कि पूर्व में जो पुल बनाये गये हैं, वे मरम्मत के अभाव जर्जर हो रहे हैं। उन पुलों की मरम्मत का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया है। बता दें कि मुख्यमंत्री ग्राम्य सेतू योजना से राज्य में अब तक 2095 पुल निर्माण कराया गया है। मंत्री ने जर्जर पुलों की मरम्मत का भी निर्देश इंजीनियरों को दिया है।

## स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने को मंत्री ने सांसदों-विधायकों से मांगे सुझाव

# झारखंड का बजट ऐतिहासिक होगा, जनता को मिलेगा सीधा लाभ : डॉ. इरफान अंसारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबु इमरान समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य झारखंड की स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक और प्रभावी तरीके से सुधारना था। बैठक में डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड का आगामी बजट राज्य की जनता को समर्पित होगा। बजट में किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने बहुत सहा है, अब उन्हें उनके अधिकार और सुविधाएं मिलनी चाहिये। मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा इलाज तक सीमित नहीं होगी, बल्कि रोकथाम, जागरूकता और स्वास्थ्य शिक्षा पर भी जरूरी होगा। झारखंड को स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और मॉडल राज्य बनाना है।



मंत्री ने कहा कि हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में व्यापक सुधार, हर गांव और शहर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, स्वास्थ्य कर्मियों का सशक्तिकरण, भ्रष्टाचार पर सख्त नियंत्रण और आम जनता की भागीदारी और सुझावों का सम्मान उनकी पहली प्राथमिकता है। डॉ. अंसारी ने मीडिया से भी अपील की कि राज्य के विकास और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए तथ्यपरक और सकारात्मक समाचार जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित में की गई सकारात्मक आलोचनाओं का स्वागत करेगी और उस पर गंभीरता से कार्य करेगी।

### बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

**लोकप्रिय और ठोस बजट के लिए सुझावः** डॉ. इरफान अंसारी ने सभी सांसदों एवं विधायकों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्रों की वास्तविक जरूरतों पर आधारित सुझाव दें, ताकि बजट को जनहितकारी और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी।

**स्वास्थ्य ही धन है के सिद्धांत पर कार्य :** डॉ. अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य ही धन है, के सिद्धांत पर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। इसके तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

**ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था होगी मजबूतः** गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जायेगी। हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित किए जाएंगे। विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

**स्थानांतरण नीति में सख्ती :** स्वास्थ्य विभाग में तीन वर्षों से अधिक समय से एक ही स्थान पर कार्यरत कर्मियों एवं पदाधिकारियों का स्थानांतरण अनिवार्य होगा।

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा सम्मानः** जो भी स्वास्थ्यकर्मी या अधिकारी ईमानदारी और समर्पण से कार्य करेंगे, उन्हें विभागीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

**सरकारी अस्पतालों का होगा आधुनिकीकरणः** राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों को अत्याधुनिक तकनीक से लैस मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पतालों के रूप में विकसित किया जाएगा। हर जिले में कम से कम एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का लक्ष्य रखा गया है।

**काम में लापरवाही पर सख्तीः** डॉ. अंसारी ने अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि जो भी कर्मचारी या अधिकारी अपने कार्य में लापरवाही बरतेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। कोई लापरवाही जनता की स्वास्थ्य सेवा में बाधा नहीं बननी चाहिये।


**District Health Society Koderma**

Letter no............. **EXPRESSION OF INTEREST** dt.........

**EOI No :01/2025**

**Introduction**

Sadar Hospital Koderma is 100 bedded Government Hospital providing all essential health services like (ICU, General Surgery, Orthopedic Surgery, Normal and Caesarian delivery, Pathology, SNCU, Blood Bank etc.). To increase the services more effectively, the District Health Society is inviting expression of interest for filling up the following vacancies of Specialist and Medical Officers for strengthening health infrastructure and resources in Sadar Hospital, Koderma under Mukhya Mantri Jan Arogya Yojna / as per Sankalp 108 (21) Dated 14.8.2024 of Govt. of Jharkhand.

| Sl No | Name of Post | No of Post | Minimum Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Medical Officer | 10 | MBBS |
| 2 | Orthopedic | 1 | MS/DNB/D Ortho |
| 3 | Dentist | 1 | BDS/MDS |
| 4 | Pathologist | 2 | DCP/MD /DNB (PATH) |
| 5 | Psychiatrist | 1 | MD/DPM/DNB |
| 6 | Physician | 2 | MD (Medicine) |
| 7 | Gynecologist | 2 | MS/DGO/DNB |
| 8 | Radiologist | 1 | MD/DMRD/DNB/CBE Pass |
| 9 | General Surgeon | 2 | MS/DNB |
| 10 | ENT | 1 | MS, DNB |
| 11 | Neurologist | 1 | DM |
| 12 | Urologist | 1 | DNB/MCH |
| 13 | Nephrologists | 1 | DNB/MCH |
| 14 | EYE Surgeon | 1 | MS/DNB |
| 15 | Pediatrician | 1 | MD/DNB/DIPLOMA |
| Total | | 27 | |

Note :- Download all term and condition from www.koderma.nic.in or For any enquiry, candidates can contact the following mobile numbers during official hours – Mr Mahesh Kumar, District Programme Manager, Contact no 8709947026. Email id cs.koderma4@gmail.com; Mr. Sumit Kumar Sinha, District Programme Coordinator- Ayushman, Contact no 9911901948. Email id dpcabpmjaykdm@gmail.com

Civil Surgeon
Koderma

PR 344246 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D


## पीएलएफआई के शिव साहू की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** नक्सली संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी शिव कुमार साहू को जमानत देने से अदालत ने इनकार किया है। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। खूंटी जिला के रनिया थाना अंतर्गत कोयल नदी के किनारे जंगली क्षेत्र में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का सुप्रीमो दिनेश गोप के संगठन के कुछ सदस्य हथियार, गोली एवं हथियार बनाने का औजार को जमीन में गाड़कर रखा गया था। उसे वहां से निकालकर अन्य जगहों पर ले जाने के दौरान पुलिस ने कुछ सदस्यों को धर दबोचा था। इसमें आरोपी शिव कुमार साहू की संलिप्ता पाई गई है। शिव कुमार साहू वर्तमान में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद है।

स्पीड न्यूज

### धनबाद कार्मेल स्कूल कांड के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग

**जमशेदपुर।** धनबाद के कार्मेल स्कूल डिग्वाडीह में दसवीं कक्षा के छात्राओं के साथ घटित घटना पर ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन झारखंड राज्य कमिटी ने निंदा की है। एआइडीएसओ के पूर्वी सिंहभूम जिला सचिव शुभम झा ने यहां जारी बयान में कहा है कि एआइडीएसओ इस घटनाक्रम जांच कर घटना में शामिल दोषियों को सजा देने की मांग करता है। 9 जनवरी को धनबाद स्थित निजी विद्यालय में छात्राओं द्वारा विद्यालय के अंतिम दिन होने के मौके पर स्मृति चिन्ह के रूप में एक दूसरे के कमीज पर अपनी यादों को लिखने का काम कर रहे थे इससे विद्यालय प्रबंधन में उन तमाम छात्राओं के साथ बदसूलीकी करते हुए उन्हें कमीज (शर्ट) उतार कर घर जाने पर विवश किया। संगठन के राज्य सचिव सोहन महतो ने बयान जारी करते हुए कहा है कि इस प्रकार की घटनाएं वह भी एक शिक्षण संस्थान में होना शर्मनाक है। निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा कानून बनाया जाना चाहिए। एक तरफ जहां लड़कियो के सुरक्षा की गारंटी नहीं, आये दिन समाज में घटनाएं घटित हो रही है। ऐसे में अगर शिक्षण संस्थान में भी छात्राओं के साथ इस प्रकार से व्यवहार किया जायेगा तब वह किस स्थान पर सुरक्षित रहेंगे। सभी छात्राओं को सुरक्षा की गारंटी करनी होगी।

### इफ्टू की राष्ट्रीय कमेटी ने एल एंड टी चेयरमैन के बयान की निंदा की

**जमशेदपुर।** इफ्टू की राष्ट्रीय कमेटी ने एलएंडटी के चेयरमैन द्वारा सप्ताह में 90 घंटे काम करने के विचार की कड़ी निंदा की है। इफ्टू ने यहां एक बयान जारी कर सभी स्तरों पर सभी ट्रेड यूनियनों से आह्वान करती है कि वे 4 लेबर कोड को निरस्त करने तथा श्रम कानूनों के अमल के लिए सामूहिक लड़ाई को मजबूत करें। बयान में इफ्टू ने मांग की है कि सभी राज्य सरकारें, खासकर गैर एनडीए सरकारें, विधानसभाओं में 4 लेबर कोड को निरस्त करने के प्रस्ताव पारित करें तथा मजदूर विरोधी कॉपोरेट समर्थक लेबर कोड़ों के लिए उन्होंने जो नियम बनाए हों उन्हें रद्द करें।

### रेडक्रॉस और यूसील ने लगाया नेत्र शिविर



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर के तहत इस वर्ष का पहला स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन यूसील के कमांड क्षेत्र स्थित झरिया ग्राम में आयोजित हुआ, जहां 48 ग्रामीणों की स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच की गयी, जिसमें 12 ग्रामीणों को जहां चश्मा प्रदान गया, वहीं 8 ग्रामीणों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनका ऑपरेशन बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में की जायेगी। शिविर का संचालन रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह द्वारा किया गया, शिविर में चिकित्सक डॉ. जया मोईत्रा, नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह, कार्यकर्ता राधेश्याम कुमार, राजेश मोहन प्रसाद, आशीष कुमार ने अपनी सेवा प्रदान की।

### रेडक्रॉस-टाटा पिगमेंट्स का नेत्र शिविर 18-20 तक

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 755वां नेत्र शिविर टाटा स्टील समुह की कम्पनी टाटा पिगमेन्टस लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रण के तहत 18 से 20 जनवरी तक बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में किया जायेगा। 18 जनवरी को नेत्र रोगियो के आंखों की जांच की जायेगी तथा मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों का चयन किया जायेगा।

# रेलवे जीएम से सांसदों की विकास के मुद्दे और यात्री सुविधाएं बढ़ाने की मांग

### ›› रेलवे जोनल कमेटी की हुई बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**







1. बैठक में हिस्सा लेते सांसदगण। 2. बैठक में भाग लेते रेल जीएम अनिल कुमार मिश्रा और उनके सहयोगी पदाधिकारी। 3. बैठक में अध्यक्षीय भाषण देते जमशेदपुर के सांसद विद्युतबरण महतो।

**जमशेदपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे जोनल कमेटी की बैठक सोमवार सुबह जमशेदपुर के राष्ट्रीय राजमार्ग-33 स्थित वेब इंटरनेशनल में हुई। सुबह 11 बजे से शुरू हुई इस बैठक में चक्रधरपुर व रांची डिवीजन के 19 सांसदों को आमंत्रित किया गया था लेकिन मात्र नौ सांसद ही बैठक में सम्मिलित हुए। रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, केंद्रीय आदिवासी मामलों के मंत्री जुएल ओरांव व राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी जैसे बड़े नाम इस बैठक से अनुपस्थित रहें। हालांकि उनके प्रतिनिधि बैठक में सम्मिलित हुए।

सुबह 11 बजे से शुरू हुई इस बैठक की अध्यक्षता जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरण महतो ने की। इसमें अधिकतर सांसदों ने लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने, कोविड-19 से पहले जिन स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव होता था वहां फिर से ठहराव को शुरू कराने, वंदे भारत जैसे महंगे ट्रेनों के बजाए सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में मेमू ट्रेनों का संचालन करने, केंद्र व राज्य सरकार के बीच समन्वय की कमी के कारण कई रेल प्रोजेक्ट लंबित हैं उन्हें जल्द पूरा करने, रेलवे ओवरब्रिज, अंडरपास सहित विभिन्न योजनाओं को शुरू करने की मांग की गई। इसके अलावा कई क्षेत्रों में संचालित ट्रेनों को विस्तार देने की भी मांग उठायी गयी।

उल्लेखनीय के दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर डिवीजन और रांची डिवीजन के अंतर्गत आने वाले सभी सांसदों एवं दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारियों के बीच यह बैठक प्रत्येक 6 माह में संपन्न होती है। इस बैठक में आज वरिष्ठ सांसद बिद्युत बरण महतो ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने प्रत्येक सांसद को एवं उनके प्रतिनिधियों को समुचित अवसर देते हुए रेलवे संबंधी उनके क्षेत्र की मांगों को समिति के समक्ष रखने का अवसर प्रदान किया। इन सभी मांगों पर रेल के महाप्रबंधक सहित पदाधिकारियों ने समुचित विचार करने का और कार्यान्वित करने का आश्वासन दिया।

**जमशेदपुर सांसद** विद्युतवरण महतो ने रांची हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस के हावड़ा जाने में चाकुलिया में ठहराव, अंत्योदय एक्सप्रेस का टाटा से पुनः शुरुआत, टाटा से नई दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा की शुरुआत, टाटा से जयपुर के लिए सीधी रेल सेवा, टाटा से बेंगलुरु के लिए जो काटपाडी एवं तिरुपति होते हुए जाये इस प्रकार की ट्रेन सेवा की शुरुआत, चाकुलिया और धालभूमगढ़ के बीच बड़कोला में हाल्ट का निर्माण, सिदिरसाई स्टेशन की ऊंचाई बढ़ाने एवं यात्री सुविधा का विस्तार करने, धालभूमगढ़ में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण, गोविंदपुर और बारीगोड़ा के रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में विलंब, चांडिल, नीमड़ीह बोड़ाम पटमदा होते हुए बांदवान तक रेलवे सुविधा उपलब्ध कराना, कांड्रा नामकुम रेलवे लाइन का निर्माण, इसके अतिरिक्त राजधानी एक्सप्रेस के फेरा में बढ़ोतरी की मांग, धनबाद टाटानगर स्वर्णरेखा एक्सप्रेस का समय और मार्ग में परिवर्तन, टाटा कोडरमा वाया हजारीबाग टाउन इंटरसिटी, टाटा आसनसोल एक्सप्रेस का साहिबगंज तक विस्तार, टाटानगर एसएमवी टी एक्सप्रेस के फेरों में वृद्धि और टाटा रांची इंटरसिटी पुनः शुरू करने एवं इस लोहरदगा तक बढ़ाने की मांग की।

**सिंहभूम सांसद** जोबा माझी ने जमशेदपुर के द वेव इंटरनेशल होटल में आयोजित चक्रधरपुर और रांची रेल मंडल के सांसदों की डिवीजनल कमेटी की बैठक में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने रेल जीएम अनिल कुमार मिश्रा, चक्रधरपुर के डीआरएम तरूण हुरिया सहित रेलवे के वरीय अधिकारियों के समक्ष अपने संसदीय क्षेत्र से सभी स्टेशनों में यात्री सुविधा और ट्रेन ठहराव की मांगों को प्रमुखता से रखा। सांसद ने रेलवे से करीब 32 मांगें रखी। जिसमें चाईबासा जिला मुख्यालय को राजधानी रांची से जोड़ने, चक्रधरपुर स्टेशन के पास वाशिंग साइट को पुनः स्थापित करने, चक्रधरपुर स्टेशन के पोर्टरखोली और बाजार की ओर से आने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रख बुकिंग काउंटर पुनः खोलने, चक्रधरपुर में रेलवे भर्ती बोर्ड की पुनर्स्थापना, चक्रधरपुर स्टेशन के सामने और आरपीएफ बैरक की ओर लीजधारक दुकानदारों को उजाड़ने के पहले बसाने आदि की मांग की।

# बोर्ड परीक्षा में बेहतर रिजल्ट के लिए शिक्षा के स्तर में सुधार जरूरी : अनन्य मित्तल

- डीसी की अध्यक्षता में शिक्षा एवं कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक
- विद्यालय ग्रांट राशि का व्यय, ई-विद्यावाहिनी में उपस्थिति, सीएम स्कॉलरशिप, आदि की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



समीक्षा बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में शिक्षा एवं कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री मनोज कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री आशीष पांडेय व अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ आगामी बोर्ड परीक्षा को लेकर बच्चों की तैयारी, प्री-बोर्ड परीक्षा में बच्चों के प्रदर्शन पर चर्चा की गयी। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए पदाधिकारी, शिक्षक तथा अन्य सहयोगी कर्मी जवाबदेही के साथ कार्य करें। सरकार की योजनाओं का लाभ ससमय बच्चों को मिले, ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या में कमी आए, इस दिशा में प्रयास करें । शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति ई विद्यावाहिनी के माध्यम से हो इसे अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने की बात कही गई। दिसंबर माह में करीब 18 फीसदी शिक्षक एवं 29 फीसदी बच्चों ने अपनी उपस्थिति ई विद्यावाहिनी के माध्यम से दर्ज नहीं कराई है, शत प्रतिशत बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति ई विद्यावाहिनी में दर्ज कराने का निदेश दिया गया।

बैठक में विद्यालयों में भेजे गये ग्रांट की राशि का शत-प्रतिशत व्यय, पोषाक का वितरण, डायस में नामांकन, समग्र शिक्षा अभियान एवं जिला साक्षरता समिति के अन्तर्गत नवभारत साक्षरता कार्यक्रम से संबंधित विभागीय निदेशानुसार कार्य करने एवं अपार कार्यक्रम के तहत सभी छात्र/छात्राओं को जोड़ने को कहा।

पोषाक वितरण में 93 फीसदी उपलब्धि को शत प्रतिशत किए जाने का निदेश दिया गया । कुछ बच्चों के बैंक खाता में त्रुटि या केवाईसी नहीं होने के कारण पोषाक की राशि डीबीटी करने में समस्या आ रही है। संबंधित छात्रों के अभिभावकों के बैंक खाता में राशि डीबीटी किए जाने का निदेश दिया गया । साइकिल वितरण को लेकर निदेशित किया गया कि जनवरी माह के अंत तक शत प्रतिशत बच्चों को साइकिल उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित करायें। सीएम स्पेशल स्कॉलरशिप के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7366 बच्चों को राशि डीबीटी की जानी है। योजना के तगत वर्ग 1 से 8 तक 68 फीसदी एवं वर्ग 9 से 12 तक 85 फीसदी बच्चों को राशि डीबीटी की गई है, शत प्रतिशत बच्चों को जल्द से जल्द योजना से आच्छादित करने को कहा।

जिला में कुल 174727 बच्चों में से 157472 बच्चों का बैंक खाता खुला है, 17255 बच्चों का बैंक खाता नहीं खुल पाया है जिसमें 6896 बच्चों के फॉर्म बैंक में जमा कराये गये हैं। सभी बीईईओ को विद्यालयों के प्राचार्य एवं बैंक शाखा प्रबंधक से समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत बच्चों का बैंक खाता खुलवाने को कहा।

बैठक में स्कूलों में पेयजल, बिजली, शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाओं के उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। विद्यालय ग्रांट की राशि से जरूरी बुनियादी सुविधाओं को बेतहर किए जाने तथा स्कूलों के बेहतर रखरखाव, परिसर की साफ-सफाई, पौधारोपण करने का निदेश दिया गया।

## एक नजर में

### चांडिल : अल्पना स्टूडियो के मालिक की हत्या



**चांडिल।** सोमवार को चांडिल बाजार मेन रोड एनएच 32 में अपराधियों ने अल्पना स्टुडियो संचालक 62 वर्षीय दिलीप गोराईं को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दिया। हर दिन की भांति दिलीप सुबह अपनी दुकान खोला था। जानकारी के अनुसार दो अपराधकर्मी बाइक पर सवार होकर दिलीप का स्टुडियो आए तथा घटना को अंजाम देकर चांडिल स्टेशन की ओर भाग निकले। परिजनों ने आनन-फानन में टीएमएच में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना सोमवार सुबह करीब ग्यारह बजे की है। सूचना मिलने पर चांडिल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाली रही है। दिलीप मूलतः बुंडू के रहने वाले थे। वह काफी सालों से चांडिल में रह कर स्टुडियो चला रहे थे। परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है।

### एनसीपी युवा मोर्चा ने शहीद तिलका मांझी का शहादत दिवस मनाया



**जमशेदपुर।** सोमवार को डिमना लेक रोड स्थित वीर शहीद तिलका मांझी की प्रतिमा पर उनके शहादत दिवस पर एनसीपी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता डॉ पवन पांडेय एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर हुसैन ने जाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। डॉ पांडेय ने कहा कि तिलका मांझी का असली नाम जबरा पहाड़ियां था। उन्होंने पहाड़ियां सरदारों को एकजुट कर अंग्रेजों से अपनी जमीन वापस लेने के लिए प्रेरित किया। इसके लिए उन्होंने कई सालों तक अंग्रेजों से लोहा लेने के बाद 1785 में तिलका को अंग्रेजों ने पकड़ा और 35 साल के उम्र में यह वीर आज ही के दिन शहीद हो गए। लेकिन अपने पीछे उन्होंने जूर्म और अत्याचार से कभी भी किसी भी हालत में समझौता ना करने और अपने अपने लक्ष्य को किसी भी कीमत पर चाहें उसके लिए अपने प्राणों कि आहुति ही क्यों न देनी पड़े दे दी जानी चाहिए। यह सबक सिखलाकर तिलका मांझी चले गये। आज की नौजवान पीढ़ी को झारखंड के ऐसे वीर शहीदों को अपने जीवन में उतारने और और अपनी मातृभूमि के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी को कैसे निभाया जाता है उसकी प्रेरणा लेनी चाहिए।

### मकर पर्व पर नूतनडीह में मना मिलन समारोह मैदान सज-धज कर तैयार, कई प्रतियोगिताएं



**जादूगोड़ा।** मकर पर्व पर जादूगोड़ा स्थित नूतनडीह गांव में कल मंगलवार को मिलन समारोह का आयोजन रखा गया। मौके पर बच्चों व महिलाओं के लिए अलग-अलग खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई है।जिसको लेकर मैदान सज-धज कर तैयार हो गया है। इस बाबत आदिम निवासी जुआन अखाड़ा नूतनडीह के अध्यक्ष रामेश्वर सरदार ने कहा कि बीते 51 सालों से प्रत्येक साल मकर पर्व के मौके पर भूमिज बहुल नूतनडीह गांव में खेल_ कूद के साथ_ साथ मिलन समारोह आयोजित की जाती है। इस बार भी बच्चों व महिलाओं के कई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें पारंपरिक दोना पत्ता बनाना, रस्सी बनाना, पत्तल बनना, बम ब्लास्ट, आटा लाजेश, हड़ी व बैलून फोड,मेढक रेस समेत खेलकूद प्रतियोगिता रखी गई जहा कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ प्रतिभागियों को अखाड़ा के निदेशक सिदेश्वर सरदार व अध्यक्ष रामेश्वर सरदार के हाथों पुरस्कृत किया जायेगा।

### शहीद स्मारक समिति ने मनाया प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका माझी का शहादत दिवस



**जमशेदपुर।** शहीद स्मारक समिति की ओर से पटमदा के बेलटांड़ स्थित बाबा तिलका मांझी के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। विश्वनाथ महतो ने कहा कि बाबा तिलका मांझी ने अंग्रेज हुकूमत के विरोध में सर्वप्रथम लड़ाई का नेतृत्व किया था। उन्होंने अन्याय और गुलामी के खिलाफ जाति धर्म से ऊपर उठकर लोगों को आजादी के लिए संगठित कर जोरदार आंदोलन किए एवं लोगों को प्रेरित किया। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि इतिहास के पन्नों में बाबा तिलका मांझी के योगदान का उल्लेख नहीं मिलता है। शहीद स्मारक समिति मंगा करता है कि झाड़खण्ड के जितने लोगों ने मातृभूमि के लिए वलिदान दिया है सभी का वीर गाथा इतिहास के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए ताकि आनेवाली पीढ़ियां शहीदों के संघर्ष एवं बलिदान से परिचित हो सके। शहीदों के विरासत को बचाने के लिए समिति ने जल, जंगल, जमीन और प्राकृतिक संसाधनों के सुरक्षा का संकल्प लिया। मौके पर विश्वनाथ महतो, मुखिया ज्यामिनी बेसरा, दसरथ बेसरा, अजित रुहिदास, अजय मुर्मू, करमचांद मुर्मू, सुकदेव हेम्ब्रम, भक्तारंजन दास, श्रवण महतो, खलील अंसारी, कृतिवास महतो एंव धनिकलाल महतो शामिल थे।

### राशन से वंचित लाभुकों का डीएसओ के समक्ष प्रदर्शन



**पोटका।** प्रखंड के हाथी बिंदा पंचायत अंतर्गत हाथी बिंदा टोला बहराडीह के राशन डीलर अन्नपूर्णा महिला मंडल ने दो महीना का खाद्यान्न वितरण नहीं करने से आक्रोशित लगभग 100 कार्डधारियों ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन किया तथा एक माग पत्र दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व सुमित्रा हेंब्रम तथा पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष आनंद दास के ने किया। ज्ञापन में कहा गया है कि नवंबर तथा दिसंबर में कार्डधारियों को न तो चावल गेहूं मिला तथा न ही दाल मिला। इसमें भोगांव हसदा, कल्पना हंसदा, परिणीता महतो, सुधीर कुमार महतो, नीरज बरन महतो, सुधीर चंद्र महतो, चिता मुर्मू पानी, टुडू सीनगो भी थे।

## लायंस क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक मेल्विन जोन्स का जन्मदिन मनाया गया



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक मेल्विन जोन्स के जन्मदिन पर लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत द्वारा क्लब के साकची स्थित कार्यालय में एक केक कटिंग कार्यक्रम किया गया। इस दौरान संस्थापक मेल्विन जोन्स की स्मृति में केक काटकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में लायंस क्लब के कैबिनेट सेक्रेटरी लायन शुभम वाजपेई ने मेल्विन जोन्स के योगदान और सेवा भावना को रेखांकित कर क्लब के सदस्यों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। साथ ही रिजन चेयरपर्सन लायन नवनीत चौधरी और जॉन चेयरपर्सन लायन संजय पांडे ने भी अपने विचार साझा किये। लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत के अध्यक्ष एमजेएफ लायन भरत सिंह ने क्लब की गतिविधियों और सामाजिक सेवा में मेल्विन जोन्स के योगदान को रेखांकित किया।

## सूर्य मंदिर समिति सिदगोड़ा ने मनाया मकर संक्रांति महोत्सव

- पतंग महोत्सव व खिचड़ी भोग वितरण, प्रमुख आकर्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा द्वारा 15 जनवरी को मकर संक्रांति महोत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन मंदिर परिसर में किया जायेगा। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण पतंग महोत्सव प्रतियोगिता होगी, जो सुबह 10 बजे से संख मैदान, में आयोजित की जायेगी। समिति ने सभी पतंग प्रेमियों से इस प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का आग्रह किया है।

मंदिर परिसर स्थित सोन मंडप में दोपहर 12 बजे से श्रद्धालुओं के लिए विशेष खिचड़ी भोग वितरण का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वे जमशेदपुर के नागरिकों और सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों के साथ मिलकर इस पावन पर्व को हर्षोल्लास से मनायेंगे।

समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि यह महोत्सव समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का एक अनूठा प्रयास है और सभी से इस आयोजन में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की।

## जमशेदपुर पूर्व के पूर्व विधायक की गलतियों को दुरुस्त किया, अब पश्चिम सुधारेंगे : सरयू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



पत्रकारों से बात करते विधायक।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने एक संवाददाता सम्मेलन कर वर्ष 2025 में अपने एजेंडे को साफ कर दिया जबकि वर्ष 2024 में जमशेदपुर पूर्वी में विधायक रहते हुए किये गये कार्यों का लेखा जोखा भी रखा। उन्होंने वहां पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि कदमा केडी फ्लैट से रास्ता निकालने के लिए टाटा स्टील से बातचीत हुई है और इसका परिणाम जल्द सामने आयेगा। सरयू राय ने कहा कि जमशेदपुर पूर्वी में तीन साल ही वे काम कर पाये। दो साल कोरोना का समय में बित गया. लिहाजा, तीन साल में जितना काम हुआ, वह संतोषजनक रहा। भुइयांडही लाल भट्टा एरिया में पानी की व्यवस्था करायी, बिरसानगर में क्वालिटी सड़क बनवाया, टाटा स्टील से पानी देने की व्यवस्था शुरू किया गया, जेमको में एक और शवदाह गृह बनाने का काम पूरा किया। लेकिन उन्होंने अफसोस जताया कि वे केबुल टाउन में पानी तो दिला दिये, लेकिन बिजली नहीं करा पाये। लेकिन उन्होंने कहा कि तीन समस्या मूलतः यहां थी, जिसमें एक मालिकाना हक, दूसरा म्यूनिसिपैलिटी और तीसरा मोहरदा शामिल थी। मोहरदा में जो गलती पूर्ववर्ती सरकार और जनप्रतिनिधि द्वारा किया गया था।

## लाया थारी चुनरी कर लो मां स्वीकार... जैसे भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु-भक्त

- साकची अग्रसेन भवन में धूमधाम से मना शाकंभरी माता का 11वां वार्षिक महोत्सव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोमवार को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में श्री शाकंभरी माता का ग्यारहवां वार्षिक महोत्सव सह सामूहिक मंगलपाठ का भव्य आयोजन धूमधाम से मनाया गया। श्री शाकंभरी माता परिवार टाटानगर द्वारा आयोजित हुए इस एक दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ पूजा अर्चना एवं ज्योत प्रज्जवलित से हुई। यजमान निशा-सुभाष सोंथालिया, सरिता-विनोद सोंथालिया, मंजू-विजय सोंथालिया, प्रीति-नवीन कांवटिया द्वारा संयुक्त रूप से माता की पूजा की गयी। चंदन पंडित ने पूजा करायी तथा सबको रक्षा सूत्र बांधा। घर में बनाये हुए केक को प्रसाद स्वरूप माता को भोग लगाया गया। इस शुभ अवसर पर 251 से अधिक महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में माता का मंगलपाठ किया। स्थानीय कलाकार मनोज शर्मा मोनु ने मंगलपाठ का वाचन के साथ ही भजनों की शानदार प्रस्तुति दी।

## दोमुहानी महोत्सव के पहले दिन पर्यावरण संगोष्ठी, गंगा आरती आज

- नदियां इंसान की मां, अपनी मां की रक्षा करना सबका दायित्व : डॉ दिनेश मिश्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



महोत्सव के दिन विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को दोमुहानी घाट पर सम्मानित किया गया।

**जमशेदपुर।** हिंदू उत्सव समिति ओर उम्मीद एक अभियान के द्वारा आयोजित लौह नगरी जमशेदपुर के लोगो के लिए श्रद्धा का पर्याय दोमुहानी संगम महोत्सव कल होगा भव्य गंगा आरती का भव्य उद्घाटन प्रथम दिन किया गया, सोनारी स्थित दोमुहानी संगम स्थल पर आज दिनांक 13.01.2025 को उद्घाटन कार्यक्रम किया गया किया गया । इस दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन आज विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम के साथ पर्यावरण गोष्ठी भी सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम का प्रारंभ छात्रों द्वारा नृत्य प्रस्तुति एवं गणेश वंदना के द्वारा किया गया।

**पर्यावरणविदों द्वारा पर्यावरण गोष्ठी हुई आयोजित :** दोमुहानी संगम महोत्सव के आयोजन के प्रथम दिन देश के जाने माने पर्यावरणविद डॉ दिनेश मिश्र के संबोधन के साथ पर्यावरण विचार गोष्ठी प्रारंभ हुई जहां सुवर्णरेखा नदी की वर्तमान स्थिति एवं इसके इतिहास संबंधी महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी उपस्थित श्रोताओं को दी गई। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि विश्व की समस्त नदियां हमारी माताएं है परंतु वर्तमान में हम अपनी इस माता पर कई प्रकार के अत्याचार कर रहे है जो कि निश्चित ही हमारे भविष्य पर प्रभाव डालने का कार्य करेगी। पर्यावरणविद और सेंट्रल यूनिवर्सिटी की प्रोफेशर डॉ. कविता परमार जी मे कैसे नदी को स्वक्छ रखा जाए और पर्यावरण को कैसे संरक्षित किया जाए इसपर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि नदियों को गंदा करना एक पाप के बराबर है ,हम कूड़ा करकट नदी में डालकर इसे गंदा करते है और माँ भी बोलते है ,इसलिए जिसे माँ मानते है उसे गंदा न करें और घर मे जो भी प्लास्टिक उसे बोटल में रखें ताकि प्लास्टिक ओर पन्नियों से जो गुलनशील नही है इससे पर्यावरण दूषित न हो।

**10 स्कूलों के बच्चो ने चित्रांकन प्रतियोगिता में लिया हिस्सा :** महोत्सव के प्रथम दिन स्कूली छात्राओं के बीच पर्यावरण विषय पर ही चित्रांकन प्रतियोगिता का सुंदर आयोजन भी किया गया । इस प्रतियोगिता का परिणाम महोत्सव के दूसरे और अंतिम दिन 14 जनवरी को किया जायेगा। इसमें 20 प्रतिभागी शामिल रहे।

# हर्षित तिर्की बने मिस्टर मेदिनीनगर, अनीशा तिवारी को मिस मेदिनीनगर का ताज

**खबर मन्त्र टोली**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में पलामू चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज लेडीज विंग के तत्वावधान में आयोजित शहर में पहली बार महिलाओं के हुनर को निखारने के लिए महिलाओं द्वारा लगाये गये महिला हुनर हाट 2025 के शानदार सफल आयोजन का समापन हुआ। कार्यक्रम का समापन उद्घाटन वित्त मंत्री राधा कृष्णा किशोर, सांसद बीडी राम एवं प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया।

सभी अतिथियों ने महिलाओं द्वारा लगाये एक से एक व्यंजन एवं गृह निर्मित मिठाई, पापड़, अचार की 75 स्टॉल घूमते हुए कई सामग्री भी खरीदी। साथ ही बच्चों एवं लड़कियों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे कार्यक्रमों की भूरि भूरि प्रशंसा की। रविवार के कार्यक्रम में शहर के सबसे शानदार एवं अत्याधुनिक जिम बी डी फिटनेस द्वारा जहां 10 पुरुष प्रतिभागी उतारे गये। वहीं एक से बढ़कर एक पांच महिला प्रतिभागियों ने भाग लेकर सबों को अपनी फिटनेस दिखाते हुए आश्चर्यचकित किया। कार्यक्रम की शुरुआत बी डी फिटनेस के मालिक भास्कर दुबे ने अपने बॉडी फिटनेस का शानदार प्रदर्शन कर किया। 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बेबी रैंप शो में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया। डॉग शो के प्रति लोगों में काफी उत्साह देखा गया जहां शानदार अलग-अलग ब्रीड के पांच कुत्ते प्रदर्शित किये गये और इनाम दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर मेदिनीनगर एवं मिस मेदनीनगर के प्रति दर्शकों एवं खासकर युवाओं में सबसे ज्यादा उत्साह देखा गया। इस कंपटीशन में लड़कों में 10 एवं लड़कियों में 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मिस्टर मेदनीनगर का खिताब हर्षित तिर्की ने प्रथम स्थान, ऋषभ अग्रवाल द्वितीय एवं प्रिंस अग्रवाल ने तीसरा स्थान जीत कर हर्षित तिर्की 2025 मिस्टर मेदिनी नगर का बन गये। वहीं मिस मेदनीनगर का खिताब अनीशा तिवारी ने जीत कर ताज पहनी। वहीं राजनंदनी दूसरा एवं शिखा सिंह तीसरा स्थान पाकर गौरवान्वित हुई। कार्यक्रम में राजस्थान से आये कलाकारों ने कालबेलिया डांस का लुत्फ उठाते हुए तारीफ की। चेंबर महिला विंग की अध्यक्ष पूरी टीम के साथ काफी सक्रिय थी और लगभग 10000 के भीड़ का सफल संचालन महिला टीम ने कर डाला जो अपने आप में एक इतिहास बनी।

## पलामू में महिला हुनर हाट 2025 का शानदार समापन



### विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी

- **मिस मेदिनीनगर :** अनीशा तिवारी प्रथम, राजनंदनी दूसरा और शिखा सिंह तीसरा
- **मिस्टर मेदिनीनगर :** हर्षित तिर्की प्रथम, ऋषभ अग्रवाल द्वितीय और प्रिंस अग्रवाल तीसरा स्थान।
- **डॉग शो :** चेरी ऑनर नेम मनीष साहनी व मोना साहनी, टायसन मिहुल सिंघानियां, सिमरन सिंघानियां, टायसन ऑनर नेम गुरबीर सिंह व हरसीन कौर।
- **इवेंट हेड :** प्रीती राज गुप्ता और अमित आनंद।
- **डॉग इवेंट हेड :** सिमरन सिंघानियां।
- **डांस इवेंट हेड :** अलका सिंघानियां
- **स्लो डांस :** नित्या आस्वी प्रथम, आदया मनाटेच द्वितीय व अनन्या श्री तृतीय।
- **डांस ग्रुप विजेता :** अरबन डांस स्टूडियो : आरोही, अंश, अंशिता, नार्या।

## स्पीड न्यूज

### वित्त मंत्री किशोर आज तुकबेरा में करेंगे सूरज सवेरा स्वीट्स रेस्टोरेंट का उद्घाटन



**नावा बाजार पलामू।** एनएच 98 स्थित नावा बाजार प्रखंड के तुकबेरा मुख्य पथ पर अवस्थित सूरज सवेरा स्वीट्स और रेस्टोरेंट का उद्घाटन बुधवार को झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के हाथों किया जायेगा। जानकारी देते हुए संस्थान के प्रोपराइटर सूरज कुमार ने बताया कि मकर संक्रांति पर संस्थान का उद्घाटन किया जा रहा है। जिसमें वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री कमलेश सिंह, पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, डॉ राजीव नयन, पूर्व सांसद मनोज भुइयां, झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, अविनाश देव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक, थाना प्रभारी चिंटू कुमार आमंत्रित हैं।

### पारिवारिक मिलन समारोह मना : शंकर



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के महुगावां पंचायत अंतर्गत किनी खुटार में शंकर दुबे के नेतृत्व में वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह मना। जिसमें शंकर दुबे अपने क्षेत्र को एक विकसित क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया है। जिसमें शंकर दुबे को माला पहना कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया और अपने क्षेत्रीय ग्रामीणों माता और बहनों का आशीर्वाद लिया। मौके पर पंकज दुबे, उज्ज्वल दुबे, अंकित दुबे, सूरज दुबे, उमंग दुबे, विकास दुबे, बडू पांडे, छोटू दुबे, पवन दुबे भी थे।

### भक्ति जागरण से सराबोर हुआ चैनपुर



**चैनपुर पलामू।** महान क्लब ने तालाब रोड स्थित सूर्य मंदिर के समीप भक्ति जागरण कराया। जिसका उद्घाटन विधायक आलोक चौरसिया व मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने किया। इस दौरान भोजपुरी गायक आर्यन बाबू अभिमन्यु सिंह एवं गायिका खुशी कक्कड़ ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों के साथ लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। आर्यन बाबू का गाना अवध में भईल लेकर जन्मवा जानत होखब राम जी के नमवा पर खूब वाहवाही बटोरी। बड़ी संख्या में लोगों ने भक्ति जागरण का आनंद उठाया।

### देवगन राधा कृष्ण मंदिर में मकर संक्रांति पर सात दिवसीय मेले का हुआ उद्घाटन



**छतरपुर, पलामू।** प्रखंड के देवगन के प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में मकर संक्रांति पर सात दिवसीय मेले का उद्घाटन पश्चिमी जिप सदस्य संजू जयसवाल और रंजीत जायसवाल ने किया। मंदिर के पुजारी साकेत बिहारी दास उर्फ फलहारी बाबा ने विधिवत पूजा कराकर झंडा स्थापित की। मौके पर गांव के दर्जनों लोग उपस्थित थे। जिप सदस्य संजू जयसवाल ने मेले की सफलता की कामना की, जबकि रंजीत जायसवाल ने भी अपने संबोधन में मेले के महत्व को रेखांकित किया।

### बड़ेपुर से 50 ट्रैक्टर अवैध जमा बालू जब्त



**हुसैनाबाद पलामू।** एसडीओ सह एलआरडीसी गौरांग महतो ने प्रखंड के बड़ेपुर बालू घाट में रात्रि में बेचने के लिए जमा किया गया करीब 50 ट्रैक्टर अवैध बालू को पकड़ा। उन्हें सूचना मिली थी कि अवैध बालू कारोबारी सोन घाट से बालू उठाकर रात्रि में बेच रहे हैं। गया तो रास्ते में करीब 50 ट्रैक्टर बालू जमा मिला। उक्त सभी बालू को सीओ पंकज कुमार को जब्त कर अंचल परिसर में लाने व अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिया।

### नरेश बने अध्यक्ष व अमरेंद्र ठाकुर सचिव



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड परिसर मुखिया कक्ष में एक बैठक हुई, जिसमें पूर्व के संघ को भंग कर नये संघ का चुनाव किया गया। यह चुनाव गोपनीय वोटिंग से हुआ, जिसमें 18 मुखिया भाग लिये। वहीं चार मुखिया अनुपस्थित रहे। वोटिंग में पथरा मुखिया नरेश पासवान को 11 वहीं पूर्व अध्यक्ष बेनिकला मुखिया श्रवण राम को 7 मत मिले। नरेश पासवान को अध्यक्ष घोषित किया। अध्यक्ष ने वैराव मुखिया आत्मेश सिंह को उपाध्यक्ष बनाया। जबकि सचिव पूर्व के ही दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर एवं कोषाध्यक्ष लोटनिया मुखिया विनोद सिंह तथा मीडिया प्रभारी महुदंड मुखिया मीणा देवी को चुना गया। बैठक में मुखिया अनंती देवी, विजय राम, संजू देवी, पूनम कुमारी, सुषमा देवी, प्रेमा देवी, आंचल देवी, रीना कुमारी थे।

### धर्मविलीन सुखदेवाचार्य जी महाराज की पुण्य स्मृति में लगता है भव्य मेला

**चैनपुर पलामू (प्रेमरंजन तिवारी)।** प्रखंड के पूर्वडीहा में 28 वर्षों से मकर संक्रांति पर मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है। कोयल नदी तट पर जिले का सुप्रसिद्ध गांव पूर्वडीहा स्थित है जहां 1994 में भव्य और दिव्य श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन धर्मविलीन श्री सुखदेवाचार्य जी महाराज की देखरेख में चातुर्मास व्रत के समापन के बाद हुआ था। विदाई के बाद स्वामी जी यज्ञ कराने पांडू के ढांचाबार गये, जहां सड़क दुर्घटना में वे परलोक सिधार गये। आज भी ढांचाबार में उनका समाधि स्थल तथा आश्रम है। इसी स्मृति में हर वर्ष मकर संक्रांति के दिन कोयल नदी तट स्थित शिव मंदिर प्रांगण में पूजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम होता आया है।

### पोची के पूर्व मुखिया का निधन, शोक

**सतबरवा।** पोंची के पूर्व मुखिया निरंजन उपाध्याय (82) का निधन सोमवार सुबह घर पर हो गया। अंतिम संस्कार मलय नदी तट पर हुआ। वे काफी दिनों से बीमार थे। बताया जाता है कि निरंजन 1978 से 2010 तक पोंची के मुखिया रहे थे। कुशल व्यवहार तथा राजनीतिक सूझबूझ के कारण वे काफी लोकप्रिय थे। पंचायत चुनाव में पूर्व एयरफोर्स तथा शिक्षक की नौकरी से इस्तीफा देकर राजनीति में कदम रखा था। बताया जाता है कि 1978 के पंचायत चुनाव में अपने प्रतिद्वंदी को एक वोट से हराया था। उनके निधन पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पूर्व सांसद मनोज भुइयां, पाटन छतरपुर के पूर्व विधायक पुष्पा देवी, पोंची मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गिरवर राम, पूर्व उपप्रमुख अशोक राम ने गहरा शोक जताया है।

# टीम वर्क से ही होगा पलामू का समग्र विकास : राधाकृष्ण किशोर

- किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदनों का निष्पादन समय पर करें : सांसद बीडी राम
- आर्थिकी में महिलाओं की सहभागिता पर जोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल पलामू के भाजपा सांसद, वित मंत्री व अन्य।

**मेदिनीनगर।** राज्य के वित, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के माननीय मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता व पलामू सांसद विष्णु दयाल राम एवं उपायुक्त शशि रंजन की मौजूदगी में सोमवार को सितंबर तिमाही 2024 की जिला स्तरीय समीक्षा समिति सह परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में माननीय मंत्री द्वारा सितंबर तक की वार्षिक साख योजना की उपलब्धि, साख जमा अनुपात की उपलब्धि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना झारखंड राज्य कृषि ऋण माफी योजना सहित अन्य योजनाओं पर बिंदुवार समीक्षा की गयी। मंत्री द्वारा सभी सेक्टरों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि पर जानकारी ली गयी। बैठक में मंत्री ने किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य 98359 के विरुद्ध सितंबर तिमाही तक 16928 किसानों को लाभ दिया गया है। यह आंकड़े में तेजी लाने की आवश्यकता है।

**मुख्य बातें**

कहा कि योग्य किसानों को केसीसी का लाभ हर हाल में देना सुनिश्चित करें। सांसद ने भी विषय की बैठकों में केसीसी से जुड़े शिकायतें प्राप्त होने को रेखांकित किया एवं संबंधितों को इस पर गंभीरता बरतते हुए किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदनों का निष्पादन करने की बात कही। इसी तरह सीडी रेशीयो की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कुछ बैंकों द्वारा डिपॉजिट से अधिक एडवांस देने के विषय को रेखांकित करते हुए संबंधितों से रिपोर्ट देने की बात कही। कुछ लोन रिकवरी एजेंट्स द्वारा गलत तरीके से लोन की रिकवरी की जाती है।

# शराब दुकान में 45 लाख गबन मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन, पांच धराये

- गबन की राशि दबाने के लिए सेल्समैन ने चोरी का नाटक किया
- दो सेल्समैन ने दोस्तों के साथ मिल रचा चोरी का नाटक : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिरफ्तार आरोपियों के बारे में जानकारी देते एसपी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बुधुआ स्थित विदेशी शराब दुकान में चोरी की घटना नौ जनवरी को हुई थी। इस मामले में मोहन यादव द्वारा चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने मामले का उद्भेदन किया। एसपी रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि हुसैनाबाद एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया था। एसडीपीओ ने अनुसंधान के क्रम में शराब दुकान के सेल्समैन रणधीर सिंह, विकास सिंह व अभय सिंह को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो इनलोगों ने चोरी की घटना को बताया। कहा कि शराब बिक्री के बाद पैसों को एसआईएस सिक्यूरिटी में जमा किया जाता था लेकिन उसमें से कुछ पैसे निकालकर आपस में ही बांट लेते थे। इस प्रकार करीब 45 लाख रूपये का बंदरबांट हमलोगों द्वारा किया गया।

**क्या बोले एसपी :** एसपी ने बताया कि चोरी की घटना के बाद एसआइएस सुपरिटेंडेंट ने दुकान का निरीक्षण कर सेल्समैन को कहा कि दो दिन बाद दुकान का ऑडिट करेंगे इसलिए सारा हिसाब व कागजात तैयार रखना। इससे तीनों सेल्समैन डर गये कि ऑडिट में कहीं पकड़े न जायें। इसलिए तीनों ने मिलकर चोरी का झूठा नाटक करते हुए दो दोस्त पंकज सिंह व विपिन सिंह के साथ नौ जनवरी को दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसमें लॉकर को तोड़कर 62600 निकाल लिया।

**क्या हुआ बरामद :** टूटा हुआ लॉकर, टूटा ताला, एक देसी कट्टा, ग्राइंडर, तीन मोटरसाइकिल व अन्य सामान बरामद किया गया।

**ये रहे मौजूद :** हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, थाना प्रभारी सोनू चौधरी, पुअनि संजय यादव, बबलू कुमार, अफजल अंसारी, धर्मवीर यादव, अनंत सिंह, कालिका राम।

### सदर एसडीओ ने बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**सतबरवा।** मेदिनीनगर सदर एसडीएम सुलोचना मीणा ने सोमवार को सुबह पोलपोल गांव से अवैध रूप से बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़कर सतबरवा थाना पुलिस को सौंप दिया है। इसकी पुष्टि सतबरवा पुलिस ने की है। बताया जाता है कि इस दौरान मेदिनीनगर (सदर) अंचल के सीओ अमरदीप बलहोत्रा भी मौजूद थे। ट्रैक्टर पकड़े जाने के बाद आसपास के अवैध रूप से बालू कारोबार करने वाले लोगों में हड़कंप मची हुई है। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि किसी को अवैध रूप से बालू की ढुलाई की इजाजत नहीं दी जा सकती वैसे लोगों पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि जब्त की गयी ट्रैक्टर के अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है।

### पुलिस ने तीन वारंटी को किया गिरफ्तार

**पाटन पलामू।** नावा जयपुर पुलिस ने जितेंद्र प्रसाद, पिता राधे प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने जितेंद्र को बी मोड़ रेहला से गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य दो वारंटी को हुरदागा से गिरफ्तार कर पलामू न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया है। थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने बताया कि मारपीट के आरोप में तीनों लोगों पर कोर्ट ने वारंट जारी किया था, जिसके बाद पुलिस के द्वारा तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### वाहनों की टक्कर में छह लोग जख्मी

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के पोलपोल चाय दुकान के समीप बुलेट बाइक और टेंपो में टक्कर हो गई जिसमें दोनों वाहनों में सवार 6 लोग जख्मी हो गए हैं। घटना सोमवार को करीब तीन बजे की है। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि टेंपो और बाइक में भिडंत होने की सूचना के बाद पुलिस ने सभी घायलों को राजा मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल तथा सतबरवा के नवजीवन अस्पताल तुंबागडा इलाज के लिए भेज दिया गया है। टेंपो पर पांच लोग जख्मी है। बताया जाता है कि टैंकर जा रहा था, इसी दौरान बुलेट पर सवार होकर एक युवक गुजर रहा था। इसी क्रम में टैंकर का टायर ब्लास्ट हो गया। बुलेट असंतुलित होकर टेंपो से जा टकराया। जिसमें बुलेट सवार भी जख्मी है।

### विधायक ने चादरपोशी कर मांगी अमन की दुआ



**हरिहरगंज पलामू (राजेश प्रसाद)।** शहर के बंजारी मुहल्ला में रविवार की रात सालाना उर्स खलील ए मिल्लत संपन्न हो गया। इसमें हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक व राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने मजार पर चादरपोशी कर क्षेत्रवासियों के लिए अमन, चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। बाद में जलसा हुआ, जो देर रात तक चला। आयोजन कमेटी ने मजार व आसपास के रास्तों पर भरपूर रोशनी व सजावट की थी। मौके पर युवा राजद प्रदेश महासचिव रवि यादव, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मो फैजुलहक राशिद भी मौजूद थे।

# कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी: सांसद

- सुदना में भाजपा का सदस्यता अभियान संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर के अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में मेदिनीनगर के सुदना स्थित शिव शक्ति धाम में सदस्यता अभियान कार्यक्रम हुआ। जिसका संचालन संटू सिंह ने किया। कार्यक्रम प्रभारी मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भाजपा संगठन राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करती है। सभी वर्ग, जाति एवं समुदाय का उत्थान ही पार्टी के सोच की केंद्र बिंदु है। सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें ताकि वे समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सकें। उन्होंने उपस्थित लोगों को 8800002024 नंबर पर मिस कॉल करवाते हुए उन्हें प्राथमिक सदस्य भी बनाया। हमारी सरकार समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगों तक लाभ पहुंचाने में विश्वास करती है। कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में देश की प्रगति को और तेज रफ्तार देने के लिए हमें इस संगठन को और सशक्त और मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी ने बाइक के चालकों को किया जागरूक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** इंटर स्टेट चेकपोस्ट के समीप एनएच 139 पर सोमवार को पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने दर्जनाधिक बाइक चालकों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हर हाल में हेलमेट पहन कर बाइक चलाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर ही दुघर्टना पर काबू पाया जा सकता है। वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार वाहन जांच की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। उन्होंने नशापान कर, ट्रिपल लोड, नाबालिग को वाहन नहीं चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने का आग्रह किया। साथ ही वाहन संबंधित कागजात अद्यतन रखने तथा ड्राइविंग लाइसेंस के साथ सफर करने की अपील की है। इस अवसर पर एस आई विगेश कुमार राय, समाजसेवी अशोक यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# फर्जी बायोमैट्रिक उपस्थिति घोटाला, हुसैनाबाद प्रखंड संसाधन केंद्र में बड़े रैकेट का खुलासा

**गौतम पटेल**

- उच्च अधिकारियों को लिखने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई
- बीईईओ पर उल्टा कार्रवाई होने पर खुली पोल



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड संसाधन केंद्र हुसैनाबाद (उत्तर) में कार्यरत जय माता दी कंपनी और परियोजना से नियुक्त कर्मियों का फर्जी बायोमैट्रिक उपस्थिति बनाने का मामला उजागर हुआ है। यह घोटाला प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) के सतर्क निरीक्षण के बाद सामने आया। जांच में पाया गया कि कर्मचारी फर्जी अंगूठे (बायोमैट्रिक थंब प्रिंट) बनवाकर रोजाना अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे थे। ये फर्जी अंगूठे माचिस के डब्बे में छिपाकर रखे गये थे और इन्हें बायोमैट्रिक मशीन पर उपयोग किया जा रहा था। इस पूरे फर्जीवाड़े में कई कर्मियों की संलिप्तता है। इनमें डेटा ऑपरेटर, एमडीएम ऑपरेटर, रिसोर्स शिक्षक, लेखापाल, लिपिक आदि शामिल हैं।

# सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह में मां महा मैत्रायणी योगिनी का महानिर्वाण दिवस मना

- विशेष पूजा अर्चना के बाद हुई विचार गोष्ठी, गर्म वस्त्र बंटे

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**विश्रामपुर (पलामू)।** श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह में सोमवार को मां महा मैत्रायनी योगनी जी का महानिर्वाण दिवस पूरे विधि विधान से मनाया गया। मौके पर विशेष पूजा अर्चना हुई। श्रद्धालुओं में महाप्रसाद बंटा। इसके अलावा एक विचार गोष्ठी भी हुई। जिसकी अध्यक्षता रश्मि राय व संचालन संजीत मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि रंजीत सिंह ने सर्वेश्वरी समूह के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि जीवन के आदर्शों से अवगत कराने के लिए भूले भटके लोगों को सिखाने व आदर्श जीवन की प्रेरणा देने के लिये ही सर्वेश्वरी समूह की स्थापना की गयी है। बच्चों में अच्छे संस्कार देना व नशा मुक्ति अभियान पर भी जोर दिया। समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। इसके बाद समूह ने तोलरा दुसाध टोला स्थित स्कूल परिसर में गर्म वस्त्र वितरण समारोह किया। जहां परमपूज्य गुरुदेव गुरुपद संभव बाबा जी, परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु जी व अघोराचार्य बाबा किना राम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

नपं विवाद मामले में संवेदक ने की पलामू एसपी से ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग

# सिटी मिशन मैनेजर करते हैं पद का दुरुपयोग: रोहन सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**हुसैनाबाद पलामू।** बीते दिनों हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय में निविदा वापस करने को लेकर हुई विवाद में जहां नगर प्रशासकीय अधिकारियों ने संवेदक पर आपराधिक व सरकारी कार्यों में बाधा समेत कई गंभीर मुकदमा में केस दर्ज कराया गया है। वहीं संवेदक रोहन सिंह ने इसे साजिश करार देते हुए पूर्व नियोजित षड्यंत्र के तहत सिटी मिशन मैनेजर राकेश कुमार सिंह ने पद का दुरुपयोग करने एवं पूर्व से धमकी दिलाने व गलत मुकदमों में मुझे फंसाने का आरोप लगाते हुए पूरे मामले को जिले एसपी को एक लिखित ज्ञापन देकर मामले को निष्पक्ष जांच की मांग की है।

■ उन्होंने पत्र में लिखा है कि घटना के दिन 10 जनवरी को दो बजे नगर पंचायत के कर्मी अमरेंद्र ठाकुर के मोबाईल नंबर 8674961422 से कॉल कर मुझे सीटी मैनेजर ने खुद ऑफिस में बुलाया एवं वर्तमान ईओ तर्निश हंस के चेम्बर में बुला के कार्यपालक पदाधिकारी ने मुझे कहा कि निविदा संख्या 12 में कुल 14 काम निकाला गया है, जिसमें सभी कामों का प्रत्येक संवेदक को आवंटन कर दिया गया। एक मात्र यह काम मे आप अपना पेपर लिखित रूप से वापस ले लीजिए तो हमने कहा कि पेपर किलियर करना तो आपका सक्षम अधिकार हैं तो मुझे जबरन क्यो बुलाया गया हैं जिस पर प्रशासकीय पदाधिकारी ने कहा कि इस सबन्ध में आप मेरे सिटी मैनेजर से बात कर लीजिए जिसके बाद सिटी मिशन मैनेजर राकेश सिंह ने मुझे अपने चेंबर में बुलाकर जबरन पेपर वापस लेने का दबाव बनाया। साथ ही गाली गलौज करते हुए मुझे उत्तेजित किया जो कि जांच का विषय हैं। उन्होंने बिंदुवार जानकारी देते हुए आवेदन में लिखा है कि सिटी मैनेजर निविदा समिति में सक्षम पदाधिकारी नही हैं इसके वावजूद भी षड्यंत्र के तहत दबाव बनाया गया। साथ ही उन्होंने लिखा है कि हथियार व सरकारी संपत्ति का नुकसान की सीसीटीवी फुटेज जांच किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस निविदा के कारण विवाद उत्पन्न हुआ उसमें कुल 14 काम का आवंटन कर दिया गया है।

# क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर हैं संकल्पित : कुमारी अंजना सिंह

- 120 जरूरतमंदों के बीच कौड़िया मुखिया ने किया कंबल का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कंबल देते कौड़िया मुखिया अंजना सिंह व पंसस अजीत सिंह।

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड क्षेत्र के कौड़िया पंचायत सचिवालय में मंगलवार को कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह ने सरकार से उपलब्ध 120 जरूरतमंदों, गरीबों व असहायों के बीच कंबल बांटा। मुखिया ने कहा कि इन दिनों क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड को देख सरकार ने गरीबों व असहायों के लिए कंबल उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर आगे भी वे कंबल वितरण करेंगे। उन्होंने कहा कि कौड़िया पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित हैं।

**प्रमुख बातें :** सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए प्रयासरत हैं। समाज के समृद्ध लोग भी गरीबों की सेवा में आगे आयें। उन्होंने कहा कि कंबल मिलने से गरीब व असहाय परिवारों के बीच खुशी व्याप्त है। कहा कि कंबल से गरीबों को ठंड से निजात मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क, चिकित्सा, पानी, बिजली समेत कई बुनियादी सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर आयें उनके समस्या का समाधान हर हाल में किया जायेगा। कौड़िया पंसस अजीत सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। कंबल वितरण से गरीबों को ठंड से परेशानी दूर होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए व जनता के समस्या समाधान करते हैं। मौके पर शिक्षक रविंद्र सिंह, छोटू विश्वकर्मा, जावेद अंसारी, मनोहर राम, संजय सिंह, अमना बीबी समेत कई लोग शामिल थे।

# मैया अंबा माई उतरी है बाग में हो माई गीत पर एक साथ झूमे हजारों लोग

## श्रीरामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ व स्वामी विवेकानंद जयंती पर भजन संध्या सह सनातन जन चेतना कार्यक्रम का आयोजन

शहनाज अख्तर के भक्ति भजनों में चांदनी रात में लोग आस्था व भक्ति के गंगोत्री में लगाते रहे डूबकी

खबर मन्त्र संवाददाता



शहनाज का स्वागत करते आयोजन समिति के सदस्य।


भक्ति गीत प्रस्तुत करती शहनाज अख्तर।


कार्यक्रम में भक्ति गीतों पर झूमते लोग।

**गुमला।** अयोध्या श्रीरामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ व स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में रविवार की रात सनातन मंच गुमला के द्वारा लोहरदगा रोड स्थित बस डिपू में सनातन जन चेतना सह भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अंतरराष्ट्रीय वैदिक प्रचारक जयपुर के स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज व भजन गायिका शहनाज अख्तर शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों का स्वागत कर किया गया। स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज ने अपना संबोधन में सनातनियों का आह्वान करते हुए कहा कि अभी भी समय है एक हो जाए और बाहरी ताकतों का विरोध करें। अन्यथा आने वाले 25 से 30 वर्षों में आपका वजूद खत्म हो जाएगा। आप एक बच्चा पैदा कर शांत हो जा रहे हैं। जबकि संख्या बल बढ़ाना होगा। समाज के गद्दारों को पहचाने व उनसे व्यापार बंद करें। सनातन समाज के लोग अपनी एकजुटता बनाये रखें। वहीं मशहूर भजन गायिका शहनाज अख्तर के मंच संभालते ही उपस्थित दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। जैसे ही शहनाज अख्तर ने भजनों की प्रस्तुती आरंभ की लोग उत्साह में झूमने लगे। शहनाज अख्तर ने मंगल भवन अमंगल हारी से भजन आरंभ की। जिसके बाद भजनों की लड़ी लगा दी। शहनाज अख्तर के भजन सुनकर दर्शक रात भर आस्था व भक्ति के गंगोत्री में डूबकी लगाते रहे। चांदनी रात व शीत लहरी के बीच भजनों में झूमकर लोगों के पसीने छूटते दिखे। माहौल भजनों से राममय हो गया। लोग शहनाज अख्तर के साथ राम सियाराम सियाराम जय-जय राम गीत भी दोहराते नजर आये। वहीं अंबा माई उतरी है बागव शंकर चौड़ा गीत पर सभी एक साथ झूम उठे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सनातनियों का जनसैलाब उमड़ा। शहनाज अख्तर ने कहा कि भारत में 130 करोड़ की आबादी हिंदुओं की है तो इसे हिंदू राष्ट्र घोषित करने की जरूरत नहीं यह तो हिंदू राष्ट्र ही है। सिर्फ जरूरत है तो एकजुट होकर कार्य करने की। भगवान श्री राम, भगवान भोलेनाथ, मां दुर्गा, वीर बजरंगबली के भजनों पर श्रोता रातभर थिरके। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, समीर उरांव, रमेश कुमार चीनी, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, आयोजक समिति के बबलू वर्मा, नटवर लाल अग्रवाल, अनिकेत कुमार, शशि प्रिया बंटी, नीतेश लाल, संजीव उर्वशी, अमन आनंद, बिपिन सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### जिला शिक्षा पदाधिकारी ने घाघरा प्रखंड के कई विद्यालयों का किया निरीक्षण



घाघरा। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने घाघरा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस क्रम में ईचा, गम्हरिया, नवडीहा, सरांगो, कस्तूरबा,प्लस टू हाई स्कूल घाघरा, मकरा, आंधराडीह व मॉडल स्कूल का निरीक्षण किया। वही इस क्रम में पीएम पोषाहार, समग्र शिक्षा अभियान के तहत होने वाले सभी प्रोग्राम का निरीक्षण कर संबंधित पंजी का अवलोकन किया। एनआईएलपी के तहत 15 वर्ष से अधिक उम्र के आसाक्षर लोगों को चिन्हित कर जन चेतना केंद्र में पढ़ाया जाना है। जिसके तहत भी जिला शिक्षा प्राधिकारी ने जानकारी हासिल की। साथ ही विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा है कि बच्चों के भविष्य के साथ कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह की लापरवाही यदि मिलती है तो सीधे तौर पर शिक्षकों के ऊपर कारवाई की जाएगी। इस मौके पर से बीपीओ पुष्पा टोप्पो, नीरज कुमार, सदय प्रताप जायसवाल, विजय साहू, अणिमा रानी, मो तलत, मो यूसुफ सहित कई मौजूद थे।

### सत्र 2025 के लिये राजेश कुमार सिंह बने गुमला चेंबर के अध्यक्ष



गुमला। गुमला चेंबर ऑफ कामर्स के सत्र 2025 के लिए राजेश कुमार सिंह को मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार के द्वारा अध्यक्ष घोषित किया गया है। साथ ही निर्देश दिया गया कि अध्यक्ष अपनी टीम को घोषित कर सूचित करें। रमेश कुमार चीनी ने बताया कि सत्र 2025 के लिए 26 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन किया था। जिसमें पांच उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस ले लिया था। चुनाव टीम बनाकर लड़ जा रहा था। राजेश गुट के 21 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसके आधार पर टीम लीडर राजेश कुमार सिंह को चेंबर का अध्यक्ष घोषित किया गया। मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने कहा कि 15 जनवरी तक गुमला चेंबर के संविधान के अनुसार दो उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष व पीआरओ के नाम की राजेश सिंह घोषणा करे। ताकि 19 जनवरी को चेंबर के पदाधिकारी व कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को शपथ दिलाया जा सके। इधर राजेश सिंह के चेंबर अध्यक्ष घोषित होने पर व्यापारियों व चुनाव पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।

### पूर्व वार्ड पार्षद अतुल के निधन पर शोक

गुमला। पूर्व वार्ड पार्षद अतुल बाड़ा के निधन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव रमेश कुमार चीनी ने शोक जताया है। उन्होंने कहा कि अतुल बाड़ा के निधन से जो क्षति हुई है उसकी भरपाई करना काफी कठिन होगा। शोक व्यक्त करने वालों में सचिव अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, राजनील तिग्गा, गुलाम सरवर, रोहित उरांव, सगीर आलम, अमर प्रदीप कुजूर, जय सिंह, शाहजहां अंसारी इत्यादि थे।

### अधिवक्ता अरूण बने अनुमंडल स्तरीय सतर्कता व निगरानी समिति के सदस्य

गुमला। अनुमंडल स्तरीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 के क्रियान्वयन हेतु अनुमंडल स्तरीय सतर्कता व निगरानी समिति का गठन किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। जिसमें एसडीओ गुमला को अध्यक्ष, बीडीओ व सीओ को सचिव एवं अधिवक्ता अरूण कुमार को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावे कई अन्य लोगों को सदस्य बनाया गया है।

### छत्तीसगढ़ में घाघरा के प्राचार्य नितेश रंजन को किया गया सम्मानित



घाघरा। एजुकेशनल एक्सीलेंस कांक्लेव 2025 का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य स्थित रायपुर के बेबीलोन कैपिटल में किया था। जिसमें गत शनिवार को हुए उक्त कार्यक्रम में शिक्षा जगत की हस्तियों को कई कैटेगरी में सम्मानित किया गया। इस दौरान घाघरा के देवी मण्डप रोड स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी के प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर को एजुकेशन कॉन्क्लेव में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए समानित किया गया। गौरतलब है कि नितेश रंजन भास्कर द्वारा पढ़ाए गए छात्र आज देश-विदेश के उच्च पदों पर आसीन है। घाघरा जैसे सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल इलाके में शिक्षा के स्तर को सुधारने में इनका योगदान सराहनीय है। कार्यक्रम के संबंध में नितेश रंजन भास्कर ने बताया कि एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव 2025 के पीछे का उद्देश्य ज्ञान का आदान-प्रदान, पॉलिसी एडवोकेसी, नवाचार को बढ़ावा देना, समस्या को सुलझाना और इंस्पिरेशन एंड मोटिवेशन को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित एमिटी यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रकाश पांडेय, ओडिशा राज परिवार की राजकुमारी मंजुला श्रॉफ, ईयू मीडिया के निदेशक गगन दीप सिंह हैरी और छत्तीसगढ़ शासन के कई लोग सम्मिलित थे।

# पहले के लोगों की जीवन शैली आज से काफी बेहतर था : लोहरदगा एसपी

एसपी पहुंचे क्षेत्रीय पुरानी चीजों का संग्रहालय एडपा, ढेंकी, ठरकी, ओखली आदि पुरानी चीजों का किया अवलोकन

खबर मंत्र संवाददाता





**लोहरदगा।** जिले के पुलिस कप्तान हरिस बिन जमां ने बीएस कॉलेज के निकट बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप परिसर स्थित इस क्षेत्र के पुरानी चीजों का संग्रहालय एडपा (कुड़ूख भाषा में घर) का अवलोकन किया और इसे सजाने के लिए लोगों को बधाई दी। उन्होंने परिसर में तेजपत्ता के पौधे भी लगाए। वहीं उन्होंने ढेकी चलाकर व ठरकी, ओखली, खटिया, झग्गर, लाटकूढ, पाषाण काल में भोजन बनाने के तौर तरीके, मिट्टी के बर्तन, मिट्टी के चूल्हे, जाता, धुरमुश, ढेलफोडवा, रेडियो, पोटम, तीर धनुष, पटिया, पुराने जमाने की स्विच, हर जुवाठ, कांसा के बर्तन, नक्काशीदार दरवाजे, पुराने सिक्के आदि भी देखें। पुलिस कप्तान ने कहा कि पहले के लोगों का जीवन शैली आज से काफी बेहतर था, क्योंकि पहले के लोगों को ब्लड प्रेशर, शुगर, बाल झड़ना व सफेद होना, डिप्रेशन आदि रोग नहीं होते थे। उसका कारण था कि वे पौष्टिक अनाज उपजाते थे फिर जाता, ढेकी, ओखली, लोढ़ा, सिल्वट आदि से कूट पीसकर, मिट्टी के बर्तन में, मिट्टी के चूल्हे पर, लकड़ी से तैयार भोजन करते थे जो अमृत होता था। पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्रीय स्नेक्स लावा, लाडुवा खाने के बाद कहा कि ऐसे क्षेत्रीय स्नेक्स व भोजन को बढ़ावा देने से हेल्थ इस वेल्थ दोनों होता है। वही रोजगार के अवसर भी सृजन होते हैं। संग्रहालय प्रबंधक संजय बर्म्मन ने कहा कि बहुतों के सहयोग से यह 'एडपा' बन रहा है तथा सुबह से शाम विशेष कर बच्चों के साथ कभी भी आकर लोग देख सकते हैं।

## रायडीह प्रखंड के वेन्दवाकोना गांव का गुमला उपायुक्त ने किया दौरा, कहा

# ग्रामीण को योजनाओं का मिले लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता


दर्री पर बैठ कर लोगों की समस्या सुनते उपायुक्त।


पगडंडियों के सहारे गांव जाते कर्ण सत्यर्थी।

**गुमला।** जिले के रायडीह प्रखंड के वेन्दवाकोना गांव का सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यर्थी ने दौरा किया और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी। लगभग 150 की आबादी वाले इस गांव में उपायुक्त ने डेढ़ किमी लंबी दूरी पैदल चलकर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने खराब सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, दो जल मीनारों के खराब होने और जॉब कार्ड से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उपायुक्त ने ग्रामीणों से विशेष रूप से सड़क की समस्या पर चर्चा करते हुए 18 जनवरी तक ग्राम सभा आयोजित कर जानकारी देने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, मंईया सम्मान योजना, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, और छूटे हुए ग्रामीणों के फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया को भी तेज करने का आदेश दिया। गांव में सभी ग्रामीणों का सिकल सेल एनीमिया जांच कराने के लिए विशेष निर्देश दिए गए। साथ ही स्कूल के बच्चों को साइकिल वितरण कराने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मंईया सम्मान योजना, मातृ वंदना योजना, पेंशन योजना, और आयुष्मान कार्ड के लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव में विशेष कैंप का आयोजन कर सभी पात्र नागरिकों को इन योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। उपायुक्त ने ग्रामीणों से शराब का सेवन न करने की अपील की और बताया कि शराब सेवन से क्षेत्र का विकास बाधित होता है। उन्होंने ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने और सरकार द्वारा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। दौरे के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। जहां ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया।

दौरे के दौरान उपायुक्त ने विकास और कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि हर ग्रामीण को योजनाओं का लाभ मिले।

## प्रॉजेक्ट मानसी के तहत टाटा स्टील ने आंगनबाड़ी सेविका को दिया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** प्रॉजेक्ट मानसी के तहत घाघरा ब्लॉक परिसर में टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा आंगनबाड़ी सेविका को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर विजय शंकर और ब्लॉक कॉर्डिनेटर जीवन सिंह ने प्रशिक्षण दिया। इस क्रम में परियोजना के लक्ष्य, उद्देश्य, किशोरी और गर्भवती महिलाओं में एनीमिया बच्चों में कुपोषण का पहचान एवं एमटीसी रेफरल, एमडीएम और टीएचआर की जानकारी दी। साथ ही स्तनपान और मुंहजूठी के तहत ऊपरी आहार शुरू करवाने की जानकारी दी गई। मौके पर रौनक, ऋतुराज, सुजीत गुप्ता, नोरबेता टोप्पो, सावित्री कुजूर, रेलों देवी, सुमंति उरांव, सुशीला देवी, बालमती कुमारी व सेविका उपस्थित थी।

# गुमला के टैंसेरा मोड़ में हुआ शहीद संतोष गोप की प्रतिमा का अनावरण

>> गुमला वीरों की भूमि, यहां एक से बढ़कर एक सपूत जन्म लिये हैं : रामा राव

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** गुमला के टैंसेरा चौक में स्थापित शहीद संतोष गोप की प्रतिमा का अनावरण शुक्रवार को किया गया। अहीर सेना के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूषण भगत ने की। जबकि मंच संचालन अहीर सेना के रविन्द्र गोप और चंदन गोप ने किया। शहीद के प्रतिमा अनावरण के दौरान जवानों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम में वीरगनाओं को भारतिय सेना के पदाधिकारियों के द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अथिति कमांडर रामा राव ने कहा कि गुमला वीरों की भूमि है। यहां एक से बढ़कर एक सपूत जन्म लिये हैं। जिन्होंने देश के जंग मे अपने प्राणों की आहुति दी है। संतोष गोप सच्चे देश भक्त थे। कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, चैतु उरांव, अहीर सेना के लोहर्मन गोप, रामलखन गोप, विनय गोप, अनुज गोप, जनक गोप, योगेंद्र यादव, बुधराम, बसंत यादव, नीरज अधिकारी, अनिल यादव आनंद, सुरेश, हरिवंश, कुंअर चंदमोहन, परमिंदर उपस्थित थे।

### लोहरदगा : सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली



लोहरदगा। सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम को लेकर लोहरदगा जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा जन जागरण कार्यक्रम के तहत समाहरणालय मैदान से लोहरदगा बालिका उच्च विद्यालय, चुन्नीलाल हाई स्कूल आदि स्कूल के तकरीबन 500 से ज्यादा छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी समाहरणालय मैदान से प्रारंभ होकर मैंना बगीचा, पावरगंज चौक,वीर शिवाजी चौक होते हुए महिला कॉलेज परिसर में समाप्त हो गई। रैली में बच्चे हाथ में तख्ती लिए जिसमें लिखा हुआ था, हेलमेट पहने/सीट बेल्ट पहने जीवन को सुरक्षित रखें, ड्रंक एंड ड्राइव जानलेवा है,रफ ड्राइविंग मृत्यु का कारण हो सकता है, दुर्घटना के रोकथाम के लिए अभिभावक भी ध्यान दें, एंबुलेंस को पहले साइड दें, घायलों को अस्पताल पहुंचा कर नेक नागरिक का परिचय दें, वन मिस्टेक गेम ओवर आदि लिखे हुए थे तथा नारा भी लगा रहे थे। कार्यक्रम से पूर्व सभी लोगों ने सड़क सुरक्षा के कायदे कानून पालने की शपथ ली। प्रभात फेरी को जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलिमा टोप्पो, मोटर यान निरीक्षक गौतम गौरव व समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोड एनालिस्ट इंजीनियर कृष्ण कुमार गुप्ता, ट्रैफिक इंचार्ज शिव शंकर मरांडी, सुशील सिंह, जितेंद्र मित्तल आदि की भूमिका रही।

### प्री-बोर्ड परीक्षाफल वितरण सह अभिवावक गोष्ठी समारोह 2024-25 का आयोजन



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में कक्षा दशम के भैया बहनों के साथ अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथि विकास मुखर्जी, मधु गुप्ता एवं प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। मंच संचालन एवं परिचय हिंदी आचार्या अनिता देवी ने किया। प्री-बोर्ड परीक्षाफल वितरण की भूमिका एवं उद्देश्य विज्ञान आचार्य राजीव सिंह ने किया। बिपिन कुमार दास ने अभिभावक गोष्ठी में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पक्ष पर भी ध्यान देना होगा साथ ही साथ भैया बहनों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षक एवं अभिवावकों को जागरूक होना पड़ेगा। अभिभावकों की सहभागिता रही। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अनुशासन, शिक्षा के प्रति उत्साह जागृत करना है, बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना है। अभिभावकों ने भी बच्चों की समस्याओं को रखा एवं कई सुझाव भी दिए। अभिभावक अपना थोड़ा समय बच्चों के लिए जरूर निकालें। उनकी गतिविधियों पर नजर रखें। परीक्षाफल वितरण का प्रस्तुतीकरण मुकेश कुमार सिन्हा ने किया। इस गोष्ठी में कक्षा दशम के तीनों खंड के कक्षाचार्य मंजू देवी, मुकेश कुमार सिन्हा, अनिता देवी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन अनिता देवी ने किया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# लोहरदगा में आजसू ने वनभोज कार्यक्रम का किया आयोजन

नीरू शांति भगत पर पार्टी तोड़ने की साजिश का लगाया गया आरोप

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** विधानसभा चुनाव नतीजे आने के बाद जिला आजसू कमिटी ने कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा सह वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समीक्षा बैठक में पार्टी को मिली हार की समीक्षा की गई और 2029 विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को कार्य करने का निर्देश भी दिया गया। कार्यक्रम में आजसू जिला कमेटी के पदाधिकारी व केंद्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे। साथ ही पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की पत्नी और लोहरदगा विधानसभा सीट से तीन बार की उम्मीदवार रही नीरू शांति भगत के दूसरे दल में जाने की अटकलों का विरोध भी जताया गया। आजसू उम्मीदवार नीरू शांति भगत राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल चुकी हैं जिसके बाद कयास लगाया जा रहा है नीरू शांति भगत जल्द ही जेएमएम में शामिल होंगी। जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी भी देखी गई। बैठक में नीरू शांति भगत मौजूद नहीं थी जो इस अटकलों को और जोर दे रहा है। आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने नीरू शांति भगत पर पार्टी को तोड़ने और स्व कमल किशोर भगत के नाम का दुरुपयोग करने आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी को मिली हार की समीक्षा कार्यकर्ताओं के साथ किया जा रहा है। साथ ही आजसू की तीन बार की उम्मीदवार रही नीरू शांति भगत पार्टी से चुनाव लड़ने के बाद दूसरे दलों में जाने और पार्टी को तोड़ने की सूचना मिल रही है, जिसका आजसू जिला कमेटी विरोध करती है। कार्यक्रम में केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, राम लखन प्रसाद, देवेंद्र साहू, राजू गुप्ता, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, प्रमोद उरांव, विनोद उरांव, चितरंजन उरांव, पंकज मिश्रा, पंचम सहदेव, सुनीता साहू, सुचिता उरांव, रामवती उरांव, उर्मिला देवी, मनोज गुप्ता, सरस्वती देवी, कौशिक राज मेहता, विनोद सिंह, पवन प्रजापति, अरविंद उरांव, पर्वत उरांव, देवधन नायक, भारत राम, भारत साहू, भोला साहू, उमेश उरांव, दीपक लकड़ा, देवचरण महली, भूखंड लोहार, सोनी उरांव, प्रभु राम, सनी भगत, राजेंद्र लोहरा, केदार प्रसाद साहू, सुमन भगत, सुनील उरांव, बैजू लोहार, गुड्डु साहू, महेंद्र यादव, संदीप नायक, आकाश, प्रकाश, संजय साहू, अभिषेक दुबे, राहुल, विष्णु, ओमप्रकाश गुप्ता, संजीव शर्मा, राजेश शर्मा, सत्यनारायण प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# यातायात नियमों का पालन कर समाज को दुर्घटना मुक्त किया जा सकता है : एसडीपीओ

## पुलिस व सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


विजेता टीम को पुरस्कृत करते एसडीपीओ व अन्य।

**गुमला।** घाघरा व बसिया प्रखंड में पुलिस व सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। साथ ही फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान आमजनों को यातायात नियम की जानकारी दी गई। वहीं जनता व पुलिस के बीच मधुर संबंध स्थापित करने का प्रयास किया गया। बसिया में आयोजित मैच में पहानटोली की टीम विजयी रही और घाघरा के रन्हे में आयोजित मैच में बिशुनपुर की टीम विजयी रही।

पुलिस से सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस और प्रशासन ने फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। प्रतिस्पर्धा के विजय टीम करे ट्रॉफी के साथ सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि पुलिस और समाज के बीच के दायरे को कम करने के उद्देश्य से इस प्रकार का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार टीम वर्क से ही किसी मैच को जीता जा सकता है उसी प्रकार समाज में भी पुलिस को मदद कर और नियमों का पालन कर समाज को दुर्घटना मुक्त किया जा सकता है। इस अवसर पर घाघरा थाना प्रभारी तरुण कुमार, बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह, गुरदरी थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, पुसो थाना प्रभारी के साथ सड़क सुरक्षा के प्रभाष कुमार, मंटू रवानी, रामानंद, अश्वनी के अलावा चिल्ड्रन एकेडमी के डायरेक्टर भी मौजूद रहे।

बसिया थाना क्षेत्र में आयोजित मैच में मोटर यान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह, बसिया थाना प्रभारी युधिष्ठिर, सड़क सुरक्षा के प्रणय कांसी व अन्य लोग उपस्थित थे।

# बिमरला में 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान के तहत जागरूकता रैली व शपथ का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता




**लोहरदगा।** हिंडाल्को सीएसआर के तहत मेडिकल यूनिट द्वारा खनन क्षेत्र अंतर्गत घोड़ापत्थर ग्राम में आज जिला स्वास्थ्य समिति गुमला के मार्गदर्शन में आयोजित 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। मौके पर डॉ पीपी सिन्हा ने उपस्थित ग्रामीणों को कहा कि टीबी इलाज संभव है। लोग स्वास्थ्य जांच कराकर इलाज करा रहे हैं। हिंडाल्को सीएसआर के माध्यम से फूड पैकेट इलाजरत टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार का पैकेट प्रदान कर रही है। सरकार द्वारा इलाज व दवा तथा हिंडालको सीएसआर द्वारा न्यूट्रीशन फूड पैकेट से ठीक हो रहे हैं। साथ ही सभी नशापान से भी दूर रहें। इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग की स्वास्थ्य कार्यकर्ता बिमरला के सहिया साथी सुनीता तिर्की ने 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान की जानकारी दी। सभी से जांच कराने को प्रेरित किया। उन्होंने टीबी का जांच, इलाज, दवा आदि की निःशुल्क व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध हैं। हिंडाल्को सीएसआर विभाग अभय भारती ने टीबी जड़ से मिटाने के लिए जन जन तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सभी लोगों को इसे दूर करने के लिए एकजुट करते हुए सामूहिक शपथ कराया। घोड़ापत्थर ग्राम में जागरूकता रैली भी विभिन्न नारों के साथ निकाली गई। कार्यक्रम में बालवाड़ी केंद्र घोड़ापत्थर के बच्चे, हिंडाल्को स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट शिवनाथ उरांव, एएनएम गीता कुमारी, सहिया : बसंती असुर, सुनीता असुर, सीतामुनी उरांव, शिक्षिका प्रतिमा असुर, महिला समूह के सदस्य, ग्रामीण उपस्थित रहे। हिंडाल्को सीएसआर द्वारा 48 ग्रामीणों का इलाज कर उन्हें दवाइयां प्रदान की गई।

# सत्य सनातन का महाकुंभ

महाकुंभ देश और दुनिया के लोगों के लिए भारत के बारे में जानने का एक शानदार अवसर है। इस भव्य और दिव्य आयोजन में भारत की आध्यात्मिक विरासत को संतों के माध्यम से जानने और देखने का अद्भुत अनुभव मिलेगा। इस बार प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन इसलिए भी विशिष्ट है क्योंकि इसका शुभ मुहूर्त 144 वर्षों के बाद आया है। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 दिन का भव्य आयोजन सोमवार से शुरू हो रहा है और इसमें 40 करोड़ लोग शामिल होंगे। 40 करोड़ की आबादी दुनिया के अंदर भारत और चीन के अलावा किसी भी देश में नहीं है। श्रद्धालुओं को मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी के संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। पहली बार महाकुंभ को लेकर अक्षय वट कॉरिडोर, मां सरस्वती, बड़े हनुमान मंदिर, महर्षि व्यास और भगवान राम और निषादराज कॉरिडोर बना गया है।श्रद्धालु यहां नाग वासुकी, द्वादश ज्योतिर्लिंग और चार धाम की यात्रा का आनंद विप्रिका के माध्यम से कर सकेंगे। महाकुंभ का आयोजन 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में हो रहा है। पूरी दुनिया में यह अपने ढंग का एकमात्र आयोजन है जिसे देखने और समझने के लिये पूरी दुनिया से लोग आते हैं। इस महाजुटान में सत्य सनातन की समस्या और उसके निदान के वैश्विक स्वरूप पर संवाद किया जाता है। नागा साधुओं का शाही स्नान के साथ ही अन्य सभी धार्मिक संगठनों के शिविर इस कुंभ स्थल प्रयागराज में लगाये जाते हैं। प्राचीन सनातन धर्म की मान्यताओं पर आधारित कुंभ सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ आंरभ होता है। सूर्य की गति और स्थिति पर आधारित गणना के आधार पर 144 साल बाद पृथ्वी इस शुभ स्थिति में आई है जिसको लेकर सनातनियों में भारी उत्सुकता और प्रसन्नता है। राष्ट्रहित को समर्पित विचार का प्रस्फुटन इस कुंभ से होगा।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

**मेष : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-4-6-7**

**वृष : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7**

**मिथुन : आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवासए मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-4-6**

**कर्क : उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-1-3-5**

**सिंह : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-8**

**कन्या : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8**

**तुला : संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7**

**धनु : कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-1-4-8**

**मकर : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-5-7**

**कुंभ : बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-1-4-6**

**मीन : व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6**

# झारखंड का लोकप्रिय और पंच परगना का महापर्व टुसू



खनिज सम्पदाओं से भरपूर झारखण्ड प्रदेश की हमारे देश में एक अलग पहचान है, उसी तरह झारखंड की कला -संस्कृति, पर्व - त्योहार आदि का भी एक अलग ही पहचान है। यहां का लोक-जीवन संगीतमय रहा है, यहां के लोक -जीवन के संबंध में एक लोकोक्ति काफी प्रचलित है - ह्यह्यझारखंड में चलना ही नृत्य और बोलना ही गीत हैह्यह्य इसी प्रकार पर्व त्योहार के संबंध में भी एक उक्ति काफी प्रचलित है- ह्यह्यबारह मासे तेरह परबह्यह्य। झारखंड में कोई ऐसा महीना नहीं है जिसमें कोई न कोई पूजा, अनुष्ठान, त्योहार या मेला न लगता हो। जिस प्रकार झारखण्ड में करमा और सरहुल बड़े उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला पर्व है ,उससे भी अधिक उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला यदि कोई पर्व है तो वह है ह्यह्यटुसूह्यह्य। ह्यह्यटुसूह्यह्य पर्व मूलतः झारखण्ड का सर्वाधिक लोकप्रिय एवं महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है, लेकिन झारखंड के पंच परगना (सिल्ली, राहे, बुण्डू, तमाड़ और बारेन्दा) क्षेत्र में यदि टुसू पर्व को पंच परगना क्षेत्र का महापर्व कहा जाय तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

वैसे तो टुसू पर्व की शुरूआत अगहन संक्रान्ति के दिन से ही होता है। अगहन संक्रान्ति की संध्या को प्रत्येक गांव की कुंवारी कन्या गांव के ही किसी के घर के एक कमरे में एकत्रित होती हैं और उस कमरे की लिपाई -पोताई कर बांस की टोकरी में गेंदा फूल से सजाकर और धूप - धूना दिखाकर टुसू की स्थापना करते हैं। इस अवसर पर गाया जाने वाला एक गीत जो काफी प्रचलित है-

**आमरा जे मां टुसू थापी अगहन सांकराइते गो ।**
**अबला बाछुरेर गबर आलो चाउलेर गुंड़ी गो ।।**

इस तरह गांव की कुंवारी कन्या प्रत्येक दिन शाम को उसी स्थान पर एकत्रित होकर टुसू की आरती उतारती हैं और टुसू गीत गाती हैं। यह सिलसिला लगभग एक माह तक चलता है। मकर संक्रान्ति के पहले दिन को बाउंड़ी कहा जाता है उस दिन गांव की सभी कंवारी कन्या एवं अन्य महिलाएं आस पास के हाट-बाजारों में जाकर नये-नये कपडे. और टुसू खरीदती हैं। टुसू पटसन और रंगीन कागजों से निर्मित एक मंदिरनुमा आकृति होता है। टुसू के निर्माण को लेकर भी कई गीत प्रचलित हैं जैसे-

सन **खाड़ी भाई कागजेर टुसू ।**
**चलो देखते जाबो एक टुकू ।।**
**साया साड़ी जगाड़ कर ।**
**आइसछे मकर दू दिन सबुर कर।।**

उसके बाद 14 जनवरी को मकर संक्रान्ति के दिन गांव की सभी कुंवारी कन्या एवं अन्य महिलाएं टुसू गीत गाते हुए पवित्र नदी या जलाशय में जाकर स्थापित की हुई टुसू का विर्सजन कर देती हैं और पवित्र नदी या जलाशयों में स्नान कर नये-नये वस्त्र पहनकर चूड़ा, मूढी, गुड़ पीठा आदि खाकर टुसू गीत गाते हुए अपने - अपने घर लौटते हैं। टुसू पर्व की एक खास विशेषता यह है कि चाहे वह अमीर हो या गरीब सभी घरों में गुड़ पीठा और मीट बनता है। टुसू पर्व में कोई पूजा-पाठ नहीं होता है। यह पूर्ण रुप से खाने -पीने और मौज-मस्ती का त्योहार है। जैसा कि टुसू पर्व को लेकर पंचपरगना क्षेत्र में उक्ति चरितार्थ है-

**सभे परबे लागेइक धूप-धूना।**
**पूष परबे पेट पूजा मास तियन दोना-दोना ।।**

मकर संक्रान्ति के दूसरे दिन यानी पहला माघ से टुसू मेला का दौर शुरू होता है। पंचपरगना क्षेत्र का पौराणिक और प्रसिद्व टुसू मेला सतीघाट मेला सोनाहातु प्रखंड अंतर्गत बारेन्दा ग्राम स्थित राढू, कांची और स्वर्णरेखा नदी के संगम स्थल स्वर्णरेखा नदी के पावन तट पर प्रतिवर्ष लगता है। सतीघाट मेला में झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा आदि राज्यों से लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। सतीघाट मेला झारखंड का प्रसिद्व और सबसे बड़ा मेला है। सतीघाट मेला के दिन सुबह से ही लोग नहा धोकर नये-नये वस्त्र पहनकर सतीघाट मेला के लिए प्रस्थान करते हैं। इस दिन किसान हल जोतकर एवं गोबर काट कर खेती कार्य का शुरूआत भी करते हैं। गांव के महिला-पुरुष गाजे-बाजे के साथ हाथ में टुसू लेकर नाचते-गाते सतीघाट मेला जाते हैं और स्वर्णरेखा नदी के पवित्र जल में टुसू का विर्सजन करते हैं। टुसू के विर्सजन के समय जो गीत गाया जाता है, वह इस तरह से है-

**जले हेल जले खेलो जले तुमार के आछे।**
**मने ते बुझिंये देखो जले ससुर घर आछे।।**
**तिरिस दिन राखिलाम टुसू तिरिस सलता पालि गो।**
**आर कि राखिते पारि मकर हइल बासि गो।।**

टुसू मेला का यह दौर करीब एक माह तक झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में चलते रहता है। सतीघाट मेला के दूसरे दिन सिल्ली प्रखंड के कोंचो गांव में स्वर्णरेखा नदी के पावन तट पर हरिहर मेला लगता वहां भी लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इस तरह इस अवसर पर लगने वाले प्रमुख मेलों में वानसिंग मेला, नीलगिरी मेला, पानला मेला, सिरगिटी मेला, अबुआ मेला, सूर्य मंदिर मेला आदि प्रमुख है। पुन 15 फरवरी को द्वितीय सतीघाट मेला के साथ टुसू पर्व का समापन हो जाता है। टुसू के समापन पर एक गीत जो काफी प्रचलित है-

**साया साड़ी बासकांय भर।**
**गेलो परब जाल ससुर घर।।**

टुसू पर्व की उत्पति के संबंध में कहा जाता है कि टुसू कांशीपुर के राजा की अति सुन्दर पुत्री थी। जिसका असमय ही मृत्यु हो गयी थी। टुसू की मृत्यु के बाद राजा काफी उदास रहते थे और पुत्री की मृत्यु से उबर नहीं पा रहे थे। राजा की यह हालत देखकर प्रजा भी काफी दुखी थे । इस बीच राजा के दरबारियों ने राजा को खुश करने के लिए टुसू की मूर्ति बनाकर राजा को दिखाया तो राजा काफी खुश हो गाये और प्रसन्न रहने लगे। उसी की याद में प्रति वर्ष यह टुसू पर्व मनाया जाता है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और सिविल कोर्ट रांची के अधिवक्ता हैं)**



**- मृत्युंजय प्रसाद**

अब तक बुलडोजर कार्रवाई नगर पालिकाओं, पंचायती राज संस्थाओं का विषय रहा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इसे में स्थानीय जिला अधिकारी और उप जिलाधिकारी भी शामिल हो गए हैं। अवैध कब्जे और अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई जिला अधिकारी की निगरानी में होगी और इसके लिए मान्य प्रक्रिया और नोटिस आदि देने की अवधि का पूरी तरह निर्वहण किया

## लेटर टू एडिटर

### किसान हित पहले

कृषि प्रधान देश में किसान कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्हें फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। वहीं आमदनी दोगुनी करने का सरकारी वादा झूठा साबित हुआ। स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार, किसानों को अमेरिकी तर्ज पर फसल की उचित सब्सिडी, बढ़ा हुआ एमएसपी और आपदाओं से राहत के लिए मुआवजा मिलना चाहिए। सहकारी समितियां सस्ती दरों पर कृषि संसाधन उपलब्ध कराएं। सरकार को किसानों के हित में योजनाओं में पारदर्शिता लाकर उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

**-अनिल कौशिक, गढ़वा**

### किसानों की आय बढ़े

कृषि कार्य में लागत बढ़ने से किसान घाटे में हैं। फसल बीमा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और नगद सहायता जैसे नीतिगत उपायों को व्यावहारिक बनाने की आवश्यकता है। छोटे किसानों के लिए सस्ते ऋण और सहकारी समितियों द्वारा कृषि संसाधन उपलब्ध हो। **-रवि रांची**

## ट्वीट

**अविनाशि** तु तद्विद्धि येन सर्वमिदं ततम्। विनाशमव्ययस्यास्य न कश्चित्कर्तुमर्हति॥

अपने अविनाशी सनातन स्वरूप का बोध होते ही अज्ञानजन्य दुःख और अभाव स्वतः ही मिटने लगते हैं। आत्मज्ञान के साथ शरणागति भाव में रहें।अनन्य शरणागति साधक के मन का परिशोधन व अहंकार का शमन कर एकात्मता का प्रकटीकरण करती है।पौष पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएँ।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

**आप** सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाइयां। आशा करता हूं यह पर्व आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उल्लास लेकर आए।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# कुंभ में अलौकिकता का बोध लौकिक सुंदरता और सांस्कृतिक बोध से

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

**प्रयागराज** महाकुंभ अलौकिक, दिव्य व भव्य है। महाकुंभ हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण आयोजन है। प्रयागराज के अलावा हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में यह आयोजन होता है। हरिद्वार और प्रयागराज में दो महाकुंभ पर्वों के बीच छह वर्ष के अंतराल में अर्धकुंभ भी होता है। प्रयागराज में इससे पूर्व सन् 2013 में महाकुंभ और 2019 में अर्धकुंभ का आयोजन हो चुका है। महाकुंभ मेला मकर संक्रांति से प्रारम्भ होता है, क्योंकि उस समय सूर्य और चन्द्रमा, वृश्चिक राशि में और बृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं। मकर संक्रांति के इस योग को ₹महाकुंभ स्नान-योग₹ भी कहते हैं और इस दिन को विशेष मांगलिक पर्व माना जाता है। कहा जाता है कि पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार इस दिन ही खुलते हैं और इस प्रकार इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति सहजता से हो जाती है।

महाकुंभ के आयोजन को लेकर कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें से सर्वाधिक मान्य कथा देव-दानवों द्वारा समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत कुंभ से अमृत बूंद भगवान विष्णु के ऐसा कहने पर संपूर्ण देवता दैत्यों के साथ संधि करके अमृत निकालने के यत्न में लग गए। अमृत कुंभ के निकलते ही देवताओं के इशारे से इंद्रपुत्र 'जयंत' अमृत-कलश को लेकर आकाश में उड़ गया। उसके बाद दैत्यगुरु शुक्राचार्य के निर्देश पर दैत्यों ने अमृत को वापस लेने के लिए जयंत का पीछा किया और घोर परिश्रम के बाद उन्होंने बीच रास्ते में ही जयंत को पकड़ लिया। तत्पश्चात अमृत कलश पर अधिकार जमाने के लिए देव-दानवों में 12 दिन तक अविराम युद्ध होता रहा। इस परस्पर मारकाट के दौरान पृथ्वी के चार स्थानों प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक पर कलश से छलक कर अमृत बूंदें गिरी थीं। उस समय चंद्रमा ने घट से प्रस्त्रवण होने से, सूर्य ने घट फूटने से, गुरु ने दैत्यों के अपहरण से एवं शनि ने देवेन्द्र के भय से

## महाकुंभ 2025

घट की रक्षा की। कलह शांत करने के लिए भगवान ने मोहिनी रूप धारण कर यथाधिकार सबको अमृत बांटकर पिला दिया। इस प्रकार देव-दानव युद्ध का अंत किया गया।

चूंकि अमृत प्राप्ति के लिए देव-दानवों में परस्पर बारह दिन तक निरंतर युद्ध हुआ था। देवताओं के बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्ष के तुल्य होते हैं। इस कारण कुंभ भी बारह होते हैं। उनमें से चार कुंभ पृथ्वी पर होते हैं और शेष आठ कुंभ देवलोक में होते हैं, जिन्हें देवगण ही प्राप्त कर सकते हैं, मनुष्यों की वहां पहुंच नहीं है, ऐसा माना जाता है। जिस समय में चंद्रादिकों ने कलश की रक्षा की थी, उस समय की राशियों पर रक्षा करने वाले चंद्र-सूर्यादिक ग्रह जब आते हैं, उस समय महाकुंभ का योग होता है अर्थात जिस वर्ष, जिस राशि पर सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति का संयोग होता है, उसी वर्ष, उसी राशि के योग में, जहां-जहां अमृत बूंद गिरी थी, वहां-वहां महाकुंभ होता है।

600 ई. पू. के बौद्ध लेखों में नदी मेलों का उल्लेख मिलता है। 400 ई.पू. के सम्राट चन्द्रगुप्त के दरबार में यूनानी दूत ने एक मेले को प्रतिवेदित किया, ऐसा कहा जाता है। विभिन्न पुराणों और अन्य प्राचीन मौखिक परम्पराओं पर आधारित पाठों में पृथ्वी पर चार विभिन्न स्थानों पर अमृत गिरने का उल्लेख हुआ है।

महाकुंभ में अखाड़ों के स्नान का भी विशेष महत्व है। सर्वप्रथम आगम अखाड़े की स्थापना हुई और कालांतर में विखंडन होकर अन्य अखाड़े बने। 547 ईसवी में अभान नामक सबसे प्रारम्भिक अखाड़े का लिखित प्रतिवेदन हुआ था। 600 ईसवी में चीनी यात्री ह्यान-सेंग ने प्रयाग में सम्राट हर्ष द्वारा आयोजित महाकुंभ में स्नान किया था। 904 ईस्वी मे निरन्जनी अखाड़े का गठन हुआ था जबकि 1146 ईसवी मे जूना अखाड़े का गठन हुआ। 1398 ईसवी में तैमूर, हिन्दुओं के प्रति सुल्तान की सहिष्णुता के विरुद्ध दिल्ली को ध्वस्त करता है और फिर हरिद्वार मेले की ओर कूच करता है और हजाऱों श्रद्धालुओं का नरसंहार करता है। जिसके तहत 1398 ईसवी में हरिद्वार महाकुंभ नरसंहार को आज भी याद किया जाता है।1565 ईसवी में मधुसूदन सरस्वती द्वारा दसनामी व्यवस्था की गई और लड़ाका इकाइयों का गठन किया गया । 1678 ईसवी मे प्रणामी संप्रदाय के प्रवर्तक श्री प्राणनाथजी को विजयाभिनन्द बुद्ध निष्कलंक घोषित किया गया ।

1684 ईसवी में फ्रांसीसी यात्री तवेर्निए नें भारत में 12 लाख हिन्दू साधुओं के होने का अनुमान लगाया था।1690 ईसवी में नासिक में शैव और वैष्णव साम्प्रदायों में संघर्ष की कहानी आज भी रोंगटे खड़े करती है, जिसमें 60 हजार लोग मारे गये थे।1760 ईसवी में शैवों और वैष्णवों के बीच हरिद्वार मेले में संघर्ष के तहत 18 सौ लोगो के मरने का इतिहास है। 1780 ईसवी में ब्रिटिशों द्वारा मठवासी समूहों के शाही स्नान के लिए व्यवस्था की स्थापना हुई।

# माघ मकर गत रबि जब होई...

**आचार्य पं. पृथ्वीनाथ पाण्डेय**

एक स्थान से दूजे स्थान में पहुंचना व एक-दूसरे का मिलना 'संक्रान्ति' कहलाती है। 'संक्रान्ति' की व्युत्पत्ति पर विचार करें तो ज्ञात होता है कि यह 'क्रम' धातु का शब्द है, जिसका अर्थ 'गति करना' है। इस धातु के पूर्व में 'सम्यक/उत्तम/श्रेष्ठ रूप से' के अर्थ में 'सम उपसर्ग युक्त है। इस धातु में 'क्तिन' प्रत्यय के जुड़ते ही 'संक्रान्ति' शब्द की रचना होती है। यहां इसका अर्थ है, 'कोई ऐसा बड़ा परिवर्तन, जिससे किसी वस्तु का स्वरूप बिलकुल बदल जाये। जैसेझ्र मकर संक्रान्ति। मकर संक्रान्ति पर्व के मूल मे रवि अर्थात 'सूर्य' की गति है।

ज्ञातव्य है कि सूर्य मास में एक बार अपनी राशि को छोड़कर किसी अन्य राशि में प्रवेश करता है। वह जैसे ही किसी अन्य राशि में प्रवेश करता है वैसा ही वह उस राशि की संक्रान्ति कहलाने लगती है। यही कारण है कि मकर संक्रान्ति को सूर्य के संक्रमणकाल का भी पर्व माना गया है।

गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई पर ध्यान केन्द्रित करेंझ्र माघ मास मकर गत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।।₹ इस चौपाई के अर्थ से ही सुस्पष्ट हो जाता है कि माघ-मास मे जब सूर्य मकर-राशि पर जाता है तब सबलोग तीर्थराज प्रयाग में आते हैं। पहले सूर्य धनुराशि पर होता है, फिर वह जैसे ही मकर राशि पर पहुंचता है वैसे ही सूर्य 'दक्षिणायन' से 'उत्तरायण' हो जाता है। देवताओं के अयन को 'उत्तरायण' की संज्ञा दी गयी है, जोकि मंगल का प्रतीक होता है; मंगलकारी होता है, इसीलिए इसे 'पुण्य-पर्व' कहा गया है। अनुश्रुति है कि इससे शुभ कर्मों का समारम्भ होता है। यदि किसी की उत्तरायण मे मृत्यु होती है तो वह गमनागमन के बन्धन से मुक्त हो जाता है; अर्थात उसे मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। इतना ही नहीं, जब तुलसीदास कहते हैं :झ्र देव दनुज किन्नर नर श्रेनी। सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनी।।" तो इससे ज्ञात होता है कि मकर संक्रान्ति के अवसर पर देव, दैत्य, किन्नर तथा मानव-समूहझ्र सब आदरसहित त्रिवेणी मे स्नान करते हैं।

इससे सुस्पष्ट हो जाता है कि मकर संक्रान्ति की कितनी महत्ता है। यही कारण है कि मकर संक्रान्ति का पर्व सूर्य को समर्पित होता है। सूर्य को आत्मबल और आत्मविश्वास का कारक माना गया है। इस अवसर पर सूर्य का दर्शन करके उन्हें अर्घ्य दिया जाता है। ऐसा विधान है कि तांबे के लोटे में रक्त (लाल) चन्दन, लाल पुष्प आदिक मिश्रित जल से पूर्वमुखी होकर तीन बार भगवान् भास्कर को जल दिया जाये, तत्पश्चात अपने स्थान पर ही खड़े होकर सात बार सूर्य की परिक्रमा की जाये। उसके बाद सूर्याष्टक और गायत्री मन्त्र का पाठ किया जाये।

## पर्व

अर्थात जो मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य की आराधना करता है, उसे पापों से मुक्ति मिलती है और वह स्वर्ग का अधिकारी बनता है। उपर्युक्त उपदेश श्रीकृष्ण-द्वारा अर्जुन को किया गया है, जिसमे उन्होंने मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य की पूजा की महत्ता बतायी है। मकर संक्रान्ति-आयोजन के मूल मे कथाएं भी हैं। पहली कथा शनि और सूर्यदेव के साथ जुड़ी हुई है।

इस अवसर पर वर्जना भी है। जैसे मैथुन करना, भैंस का दूध दूहना, फसल और वृक्ष काटना, कठोर वाणी का व्यवहार करना निषिद्ध है।

'महाभारत' के वनपर्व के अध्याय 43 मे मकर संक्रान्ति के विषय मे उल्लेख है :₹मकरे संक्रमणे पुण्ये यः सूर्यं पूजयेत्ततः। तस्य पापं न विद्यते स्वर्गे मार्गः स च विज्ञेयः।

अर्थात जो मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य की आराधना करता है, उसे पापों से मुक्ति मिलती है और वह स्वर्ग का अधिकारी बनता है। उपर्युक्त उपदेश श्रीकृष्ण-द्वारा अर्जुन को किया गया है, जिसमे उन्होंने मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य की पूजा की महत्ता बतायी है।

मकर संक्रान्ति-आयोजन के मूल मे कथाएं भी हैं। पहली कथा शनि और सूर्यदेव के साथ जुड़ी हुई है। सूर्य की एक पत्नी का नाम छायादेवी है। सूर्यपुत्र शनि का जन्म छाया देवी से ही हुआ था। शनि का शरीर जन्म से ही कृष्णवर्ण का था।

सूर्य के कृष्णवर्ण को देखते ही भगवान् भास्कर ने सुस्पष्ट कर दिया था कि शनि उनका पुत्र नहीं है। इतना ही नहीं, इस आरोप को मढ़ते हुए, सूर्य ने शनि को माता सहित घर से निष्कासित कर दिया था। शनि और छाया 'कुम्भ' घर मे रहते थे। जब माता छाया को ज्ञात हुआ कि उनके पति सूर्य ने माता-पुत्र के लिए अभद्र शब्द-व्यवहार किये थे तब छाया ने उस असह्य वाक्य के कारण कुपित होकर अपने पतिदेव सूर्य को शाप दे दिया थाझ्र आप कुष्ठरोग से ग्रस्त हो जाइए। उसके पश्चात् सूर्य के क्रोध का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने शनिदेव और माता छाया का घर 'कुम्भ' को अपने तेज से जला डाला। कालान्तर में, शनिदेव ने अपने पिता के कुष्ठरोग का उपचार कर दिया था; साथ ही उनसे यह भी कहा था कि वे माता छाया के साथ उचित व्यवहार करें। सूर्यदेव अपने पुत्र शनि के आचरण से प्रभावित होकर उनके घर पहुंचे; परन्तु वहां तो सूर्य के प्रकोप से जलाये गये घर की राख के ढेर ही मिला। शनि ने अपने पिता का अभिनन्दन काले तिल भेंट करके किया था।

सूर्यदेव अपने पुत्र-द्वारा स्वागत-सत्कार देखकर अति प्रसन्न हुए थे। उन्होंने शनि को 'मकर' नामक दूसरा घर दिया था। यही कारण है कि ज्योतिर्विज्ञान के आधार पर शनिदेव को 'मकर' और 'कुम्भ' का स्वामी माना गया है। सूर्य ने वहां से लौटते समय कहा था :झ्र मै प्रतिवर्ष इस घर (मकर) मे प्रवेश करूंगा, फिर यह घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो जायेगा। यही कारण है कि जनसामान्य अपने घर को समृद्ध करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मकर संक्रान्ति का आयोजन करता है।

# पूर्व एसडीओ अशोक कुमार की गिरफ्तारी को लेकर धरना

## समाजसेवी संगठनों और परिजनों ने उठाई आवाज, पत्नी को जलाकर मारने का लगा है गंभीर आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** पूर्व एसडीओ अशोक कुमार की गिरफ्तारी की मांग को लेकर समाजसेवी संगठनों, पूर्व सैनिकों और मृतका के परिजनों ने नए समाहरणालय गेट के पास एकदिवसीय धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन पर लापरवाही और आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया। समाजसेवियों ने कहा कि अब चुप बैठने का समय नहीं है। जिला प्रशासन की निष्क्रियता यह दिखा रही है कि वे अशोक कुमार के कथित अपराधों पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं। वक्ताओं ने हजारीबाग की जनता से अपील की कि वे सड़कों पर उतरकर इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं। उन्होंने कहा, यदि आज इस परिवार को न्याय नहीं मिला, तो भविष्य में किसी और के लिए भी न्याय की उम्मीद करना मुश्किल होगा। यह केवल एक परिवार का मुद्दा नहीं है, बल्कि हम सभी का है। पूर्व सैनिकों ने भी इस घटना पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा, यदि आरोपी कोई आम नागरिक होता, तो अब तक उसकी गिरफ्तारी हो चुकी होती। लेकिन बड़े लोगों के लिए अलग और आम लोगों के लिए अलग कानून अपनाया जा रहा है। यह अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मृतका अनीता देवी के भाई राजू कुमार गुप्ता ने अपनी बहन की मौत पर न्याय की मांग करते हुए कहा, 26 दिसंबर से अब तक किसी ठोस कार्रवाई की गई है। मेरी बहन को जलाकर मार दिया गया, और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। हमने हर संभव कानूनी कदम उठाए, लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई जवाबदेही नहीं दिख रही। अब हमें मजबूर होकर उग्र आंदोलन की तैयारी करनी पड़ रही है। गौरतलब है कि 26 दिसंबर को एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी की जलकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

मृतका के मायकेवालों ने अशोक कुमार और उनके परिवार पर अनीता देवी को जिंदा जलाने का आरोप लगाते हुए लोहसिंघना थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हालांकि, घटना के इतने दिनों बाद भी किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने इसे मात्र दिखावा करार दिया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।


धरना पर बैठे लोग

## एक नजर में

### रेलवे समिति की बैठक में सांसद मनीष जायसवाल ने उठाई हजारीबाग की प्रमुख मांगे



मनीष जायसवाल व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जमशेदपुर में दक्षिण पूर्व रेलवे की संभागीय समिति की बैठक में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने भाग लिया। बैठक में उन्होंने हजारीबाग क्षेत्र से जुड़े रेलवे विकास के कई अहम मुद्दे रेलवे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए।

**प्रमुख मांगें:**

1. रांची-कोडरमा रेलवे लाइन का दोहरीकरणः सांसद ने रांची-कोडरमा वाया हजारीबाग टाउन रेलवे लाइन के दोहरीकरण की मांग की।
2. नई ट्रेन रूट्सः रांची से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों को बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, बरही और कोडरमा के रास्ते चलाने का सुझाव दिया।
3. उद्योगों के लिए साइडिंग सुविधाः हुंडुर रेलवे स्टेशन पर औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए साइडिंग की व्यवस्था की मांग की।
4. वंदे भारत एक्सप्रेसः रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों के रास्ते चलाने की अपील की।
5. आधारभूत सुविधाओं में सुधारः गोला रोड रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग।

रामगढ़ कैंट, बरकी पोना, गोला रोड आदि स्टेशनों पर बेहतर लाइटिंग और पार्किंग की व्यवस्था।

गोला रोड और बरलंगा स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण।

सोनडिबरा हॉल्ट को टिकट काउंटर, पेयजल, शौचालय और प्रतीक्षा हॉल जैसी सुविधाओं से लैस करने का सुझाव।

6. भ्रष्टाचार पर रोकः रेलवे साइडिंग पर कोयला चोरी और मिक्सिंग जैसी समस्याओं को खत्म करने पर जोर दिया।
7. जलजमाव से निजातः रेलवे अंडरपास में जलजमाव की समस्या को स्थायी रूप से हल करने की मांग की गई।

रेलवे अधिकारियों ने इन सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से की शिष्टाचार भेंटसांसद मनीष जायसवाल ने बैठक के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से उनके जमशेदपुर स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरे के दौरान सांसद ने क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

### कुख्यात अपराधी राहुल तुरी का दामोदर घाट पर हुआ अंतिम संस्कार, भाई ने दी मुखाग्निक

**रामगढ़।** रामगढ़ और हजारीबाग पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में मारे गए कुख्यात अपराधी राहुल तुरी उर्फ आलोक का अंतिम संस्कार हो गया। सोमवार दोपहर उसके शव का रामगढ़ के दामोदर नदी घाट पर परिवार वालों ने अंतिम संस्कार किया। राहुल के भाई सत्यम कुमार तुरी ने उसे मुखाग्नि दी। इस दौरान उसके परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। राहुल के शव को उसके भाई सत्यम कुमार तुरी, मामा गणेश तुरी और एक अन्य रिश्तेदार विजय कुमार ने पोस्टमार्टम हाउस से रिसीव किया।

### विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने बिरहोर परिवार के साथ मनाया मकर संक्रांति पर्व

**बरही।** विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के साथ मनाया। सोमवार को फाउंडेशन के लोग बरही प्रखंड के खोड़ाहार पंचायत अंतर्गत केवाल गांव में निवास करने वाले आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के आवासीय परिसर में पहुंचे, वे अपने साथ चूड़ा, दही, तिल, गुड इत्यादि खाद्य सामग्री साथ लेकर गए, जहां उपस्थित बिरहोर परिवार के बच्चे बूढ़े महिलाओं को कतारबद्ध बैठाकर चूड़ा, दही, तिल, गुड परोसा। मौके पर फाउंडेशन के वरिष्ठ सलाहकार विभूतिभूषण प्रताप सिंह ने कहा कि बिरहोर परिवार को बेसन के लिए हमारे दादा स्वर्गीय राजकुमार सिंह ने 20 एकड़ जमीन दान में दी जिसका प्रमाण हमारे पास है।

मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग झारखंड सरकार रामदास सोरेन ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

### शिक्षा के माध्यम से बच्चे अपनी गरीबी दूर करने के साथ साथ

# देश और समाज के विकास में योगदान दे सकते हैं: शिक्षा मंत्री


उद्घाटन करते मंत्री व इनसेट फोटो में बच्चों के साथ मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़/रजरप्पा।** मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग झारखंड सरकार रामदास सोरेन ने सोमवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ विधायक ममता देवी, उपायुक्त चंदन कुमार अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी प्रखंड के दुलमी पंचायत में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय चामरोम का उदघाटन किया। मौके पर अपने संबोधन में मंत्री ने सभी छात्राओं को झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शिक्षा विभाग का यह प्रयास है कि शिक्षा संबंधित सभी तरह की सुविधा राज्य के बच्चों को उपलब्ध कराई जाए इस दिशा में शिक्षा विभाग निरंतर कार्य कर रहा है । वर्तमान में राज्य में 80 सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस है बहुत जल्द ही राज्य में 80 और सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस खोले जाएंगे। मंत्री ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा रास्ता है जिसके माध्यम से ना केवल अपनी गरीबी दूर कर सकते हैं बल्कि देश व समाज के विकास में भी अपना योगदान दे सकते हैं । मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पलायन की दिशा में किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी देते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार सहित कई अन्य कार्यक्रमों को लेकर सभी को जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग को सुदृढ़ बढ़ाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा रिक्त पदों की समीक्षा की जा रही है। जल्द ही रिक्त पदों को योजनाबद्ध तरीके से भरने हेतु कार्य किया जाएगा। इस दौरान रामगढ़ विधायक ममता देवी ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों द्वारा दी गई विभिन्न प्रस्तुतियों की सराहना की। मौके पर उन्होंने राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य एवं उनके द्वारा विभिन्न प्रयासों को सभी के समक्ष रखा।

### झारखंड में जल, जंगल, जमीन की लूट जारी: भुवनेश्वर मेहता


प्रेस वार्ता करते भुनेश्वर मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड में जल, जंगल और जमीन पर मची लूट थमने का नाम नहीं ले रही है। हजारीबाग जिले में ही 25,000 एकड़ से अधिक गैर-मजरूवा और वनभूमि की अवैध बंदोबस्ती हो चुकी है। एसआईटी जांच और रिपोर्ट के बावजूद भू-माफियाओं और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। यह आरोप झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता में लगाए। उन्होंने कहा कि भूमि बैंक में 23 लाख हेक्टेयर जमीन शामिल किए जाने से हजारों किसानों की जमीन पर रसीद कटना बंद हो गया है। खनन, कल-कारखानों और सड़क निर्माण के नाम पर गैर-मजरूवा जमीन अधिग्रहित की जा रही है, लेकिन जिन किसानों के घर और खेत उजड़ रहे हैं, उन्हें मुआवजा तक नहीं मिल रहा। मेहता ने बताया कि चतरा जिले के सिमरिया में किसान 22 अप्रैल 2023 से सिंहपुर, कठौतिया रेलवे लाइन और भारत माला परियोजना के मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। इसी तरह बड़कागांव के गोंदलपुरा में अडानी को आवंटित कोल ब्लॉक रद्द करने की मांग को लेकर 12 अप्रैल 2023 से प्रदर्शन जारी है। बावजूद इसके, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को बार-बार पत्र लिखने और प्रदर्शन करने के बावजूद इन मुद्दों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू और केरेडारी में एनटीपीसी द्वारा खनन का काम तेजी से जारी है। लेकिन विस्थापितों को उचित मुआवजा और रोजगार नहीं मिल पा रहा। त्रिवेणी और सैनिक कंपनियों द्वारा कोयला खनन से पर्यावरण और ग्रामीणों के जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है।

# पुंदाग टोल प्लाजा परिसर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा दिवस मनाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** टोलवे प्राइवेट लिमिटेड एवं हजारीबाग रांची एक्सप्रेस वे लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में पूनदाग टोल प्लाजा परिसर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा दिवस मनाया जा रहा है। आज कार्यक्रम की शुरूआत गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय पदाधिकारी एनएल योतकर, परियोजना निदेशक, सुश्री एकता कुमारी, मनोज पांडे, ट्रैफिक प्रभारी रामगढ़ गजेंद्र पांडे, परियोजना प्रमुख चेतन मलबाड़ी, सौरभ सिंह भदौरिया, रामगढ़ वाहन यूनियन के अध्यक्ष अमित सिन्हा, सौरभ मिश्रा, अमित प्रकाश, जितेंद्र कुमार, जमाल खान, राजेश वर्मा, रंजीत ठाकुर और अनेक राहगीरों के साथ-साथ परियोजना के भारी संख्या में कर्मचारीयों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती है जिसमें जान माल की हानि होती है इसलिए वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की जानकारी दी गई। लोग सड़क सुरक्षा मानकों को नहीं अपना रहे हैं, नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। जिसे देखते हुए लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के तहत लोगों से वाहन धीरे चलाने, नशा का सेवन कर गाड़ी न चलाने सहित हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की गई। सड़क सुरक्षा के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटना में कमी लाना है। सभी राहगीरों के लिए मुफ्त में आंखों की जांच शिविर लगाई गई। दुर्घटनाओं में कमी हो इसको लेकर कंपनी की तरफ से मुफ्त में हेलमेट भी बांटी जा रही थी।



**Government of Jharkhand Directorate of Tourism**
MDI Building, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi-4
Ph.-0651-2400493, Fax-0651-2400492, E-mail:dirjharkhandtourism@gmail.com
Ref. No. Tou/ Dir/Yoj/24/2024 - 64 Dated: - 13/01/2025.

**Notice Inviting Tender**

for

**Selection of Agency for organizing Eco Retreat-2025 with setup, operation & management of Tent City facilities at Netarhat, Jharkhand (Feb, 2025)**

The Directorate of Tourism (DoT), Govt. of Jharkhand intends to Selection of an Agency for setting up and installation of Lease Line Connection at Patratu Lake Resort, Patratu, Ramgarh by Directorate of Tourism, Government of Jharkhand therefore, invites interested agencies to submit their Bids.

Interested agencies may download the document from **13/01/2025, 17:00 Hours** onwards from the Department of Tourism website:–www.tourism.jharkhand.gov.in/ and submit their Applications. The Bid Due Date is on **29/01/2025 at 14:00 hours**. A Technical Bid & Financial Bid opening Conference will be held on **29/01/2025 at 14:30 Hours** at the office of Directorate of Tourism (DoT), Govt. of Jharkhand.

A pre-application conference will be held on 17/01/2025 at MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi–04, Tel Phone: 0651-2400493, e-mail: dirjharkhandtourism@gmail.com.

All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the website www.tourism.jharkhand.gov.in

*DoT reserves the right to cancel this invitation and/or invite fresh Bid with or without amendments to this invitation, without liability or any obligation for such invitation and without assigning any reason.*

PR 344262 Tourism (24-25)D

Sd/-
Director,Tourism.

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Office of the General Manager,Transmission Zone-V, Hazaribag,**
**Office At - Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag, Pin – 825301, JH**
**eMail iD:- gmtzone5hzb@gmail.com**

**e-Tender Notice**

E-Tender notice in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) are invited from reputed, experienced capable and financially sound agencies / contractors for the following works:-

| Sl. No. | NIT No. | Description of Work | Estimated Cost including of GST & Labour Cess (Rs.) | Earnest Money Deposit(Rs.) | Cost of Tender (Non Refundable)(Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 321/PR/JUSNL /2024 – 25 | Work for construction of continuous electric welding in bracing members at every angle joint points required in different tower types in 220KV D/C Itkhori – Pakribarwadih Transmission Line under Jurisdiction of Transmission Sub Division, Itkhori (Total 44 nos. of Towers. | Rs.23,24,791.00 | Rs.46,500.00/- | Rs.5000+18%GST = Rs. 5900/- |

| | |
|---|---|
| Availability of T ender Documents on website | From 15/01/2025 at 10.00 AM to 05/02/2025 upto 2:00PM |
| Last Date & Time for uploading of e-Tender | 05/02/2025 upto 2:00PM |
| BID Opening date for Technical (Part – I) | 06/02/2025 at 04.00 PM |
| BID Opening date for Financial (Part – II) | Will be communicated later on. |
| Tendering Officer, address for communication & submission of tender documents | G.M.,TRANSMISSION ZONE-V, HAZARIBAG Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road, Near Montfort School, Hazaribag – 825301, JH |

1) e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (**06546-270375**) during office hours. NIC helpline no.- **0651-2400178**.
2) Bidder shall deposit online Tender fee & EMD as per rules of e-tendering portal.
3) The bids will be received through electronic tendering mode only.
4) No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-V, Hazaribag

PR 344194 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D

**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा**

**—:आम सूचना:—**

सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड, राँची द्वारा निर्गत राज्यादेश संख्या 15 रा0 दिनांक 01.07.2024 के तहत पंचायत स्तरीय दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन माह–जनवरी 2025 में किया जा रहा है, जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी / संक्रामक रोगों से बचाव हेतु जानकारी / बीमार पशुओं की चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान, टिकाकरण एवं मल, मूत्र रक्त आदि की जाँच की जाएगी। पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम में भाग लेकर इसका लाभ उठायेंगे।

:—पंचायत का नाम, ग्राम तथा शिविर आयोजन की तिथि:—

| क्र.स. | प्रखण्ड | पंचायत | शिविर आयोजन की तिथि | शिविर स्थल का नाम | उत्तरदायी पदाधिकारी का नाम / पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडु | जीमा | 15.01.2025<br>16.01.2025 | घटकपुर<br>गोपी टोली (जीमा) | डॉ0 शकुन्तला सोरेन, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कुडु, लोहरदगा 9934038731 / 9431361554 |
| 2 | | टाटी | 17.01.2025<br>18.01.2025 | जिंदो<br>टाकू | |
| 3 | | लावागाँई | 20.01.2025<br>21.01.2025 | झकराटोली (ननतीलो)<br>लावागाँई | |
| 4 | | कोलसिमरी | 24.01.2025<br>25.01.2025 | बारडीह<br>रोन्हेया | |
| 5 | | जिंगी | 27.01.2025<br>28.01.2025 | तान<br>मकरा | |
| 6 | | उडुमुडू | 29.01.2025<br>30.01.2025 | उडुमुडू<br>हुरहद | |
| 6 | | सलगी | 15.01.2025<br>16.01.2025 | लालूटोली<br>धोबरना | डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993 / 8809426652 |
| 7 | | चौपी | 17.01.2025<br>18.01.2025 | छोटकी चौपी<br>बड़की चौपी | |
| 8 | | चिरी | 20.01.2025<br>21.01.2025 | चिरी<br>बरवाटोली | |
| 9 | | सुंदरू | 22.01.2025<br>23.01.2025 | ओपा<br>सुंदरू | |
| 10 | लोहरदगा | रामपूर | 16.01.2025<br>17.01.2025 | खकपरता<br>रामपुर | डॉ0 मनीषा लकड़ा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, रामपुर 8969860976 |
| 11 | | बाथा | 21.01.2025<br>22.01.2025 | बाथा<br>बकरनी | |
| 12 | | तिगरा | 24.01.2025<br>25.01.2025 | बेजवाली<br>इटा | |
| 13 | | अरकोसा | 28.01.2025<br>29.01.2025 | भक्सो<br>अरकोसा | |
| 14 | | हरमु | 16.01.2025<br>17.01.2025 | नदिया<br>हरमु | डा0 अभिषेक उराँव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा 9431528212 |
| 15 | | मन्हो | 20.01.2025<br>21.01.2025 | कैमो<br>मन्हो | |
| 16 | | हेसल | 23.01.2025<br>24.01.2025 | कुज्जी<br>हेसल | |
| 17 | | हिरही | 28.01.2025<br>29.01.2025 | इदहु बराटपुर<br>हिरही | |
| 18 | पेशरार | सेरन्द | 15.01.2025<br>16.01.2025 | सेरन्द<br>चान्दगो | डा0 बिरसा उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969 / 9798078205 |
| 19 | | हेसाग | 17.01.2025<br>18.01.2025 | गढ़कसमार<br>नवाडीह | |
| 20 | | तुईमू | 21.01.2025<br>22.01.2025 | रनकुली<br>सिन्दूर | |
| 21 | किस्को | बगडू | 23.01.2025<br>24.01.2025 | जामुनटोली<br>महतोटोली | |
| 22 | | हिसरी | 27.01.2025<br>28.01.2025 | झटगटोली<br>मेरले | |
| 23 | | आरेया | 29.01.2025<br>30.01.2025 | बोंगा<br>आरेया | |
| 24 | किस्को | पाखर | 15.01.2025<br>16.01.2025 | तिसिया<br>सलैया | डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, खरचा, 9430190718 |
| 25 | | देवदरिया | 17.01.2025<br>18.01.2025 | खरचा<br>जोबांग | |
| 26 | | नावाडीह | 20.01.2025<br>21.01.2025 | नारी<br>नावाडीह | |
| 27 | | खरकी | 28.01.2025<br>29.01.2025 | खरकी<br>सेमरडीह | |
| 28 | | बेटहठ | 30.01.2025<br>31.01.2025 | बेटहठ<br>पतगच्छा | |
| 29 | भण्डरा | मसमानो | 15.01.2025<br>16.01.2025 | बेदाल<br>मसमानो | डॉ0 मनोज कुमार, प्रखण्ड पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भण्डरा 7903325460 |
| 30 | | उदरंगी | 20.01.2025<br>21.01.2025 | उदरंगी<br>हाटी | |
| 31 | | आकाशी | 24.01.2025<br>25.01.2025 | खरमातु<br>कुम्हरिया | |
| 32 | | बड़ागाई | 29.01.2025<br>30.01.2025 | कुन्दो<br>झारो | डा0 संजय उरांव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चौपी, भण्डरा 9905411330 |
| 33 | | गड़रपो | 17.01.2025<br>18.01.2025 | गड़रपो<br>पोढ़हा | डॉ0 अंजिला श्रद्धा तृप्ति कुजूर, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भण्डरा 8974749989 |
| 34 | | भौरो | 27.01.2025<br>28.01.2025 | भौरो, मलनटोली<br>बलसोता,सरनाटोली | |
| 35 | कैरो | गजनी | 21.01.2025<br>22.01.2025 | खण्डा<br>महुवरी | डा0 अमरदीपक तिग्गा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कैरो 7250757243 |
| 36 | | गुड़ी | 23.01.2025<br>24.01.2025 | गुड़ी<br>नगड़ा | |
| 37 | | हनहट | 25.01.2025<br>27.01.2025 | हुदू<br>तोहाग | |
| 38 | | नरौली | 30.01.2025<br>31.01.2025 | पंचगाई<br>चरीमा | |
| 39 | सेन्हा | सेन्हा | 15.01.2025<br>16.01.2025 | पशुचिकित्सालय सेन्हा<br>उरांवटोली | डॉ0 मनोज कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सेन्हा 7004141738 |
| 40 | | डाडू | 17.01.2025<br>18.01.2025 | चितरीअम्बाटोली<br>एकागुड़ी | |
| 41 | | झालजमीरा | 20.01.2025 | झालजमीरा पीपरनाटोली, | |
| 42 | | | 21.01.2025 | दीपाटोली | |
| 43 | | उगरा | 27.01.2025<br>28.01.2025 | टंगराटोली<br>मेढ़ो | |
| 44 | | अरू | 29.01.2025<br>30.01.2025 | अरू पतराटोली<br>अरू | |
| 45 | | भड़गांव | 24.01.2025<br>25.01.2025 | भड़गांव<br>कुदगड़ी | डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993 / 8809426652 |
| 46 | | अलौदी | 28.01.2025<br>29.01.2025 | साके,<br>गड़गांव | |
| 47 | | बुटी | 30.01.2025<br>31.01.2025 | खास बुटी<br>कण्डरा | |

नोटः—लोहरदगा जिलान्तर्गत सभी पंचायतों के स्थानीय जनप्रतिनिधि / मुखियागणों को सभी विशेष पशुचिकित्सा शिविरों में सादर आमंत्रित किया जाता है एवं पशुपालकों से अनुरोध है कि शिविर में अपने पशुओं को बिमारियों से बचाव हेतु टीका / औषधियाँ अवश्य दिलाएँ।

PR 344153 (Lohardaga) 24-25 (D)

जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

कोडरमा जिला पर्यावरण समिति की बैठक में डीसी ने दिए कई निर्देश

# सड़क किनारे पेड़ों पर लगाये गये होर्डिंग बोर्ड हटेंगे

- जिला स्तरीय पर्यावरण समिति में दो विशेषज्ञ सदस्यों के मनोनयन का लिया गया निर्णय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान पर्यावरण से संबंधित सभी अधिनियमों के क्रियान्वयन, एनजीटी द्वारा विभिन्न वादों में पारित आदेशों के अनुपालन आदि की समीक्षा की गयी, साथ ही जिला स्तरीय पर्यावरण समिति में दो विशेषज्ञ सदस्यों के मनोनयन पर चर्चा करते हुए दो सदस्यों के मनोनयन का निर्णय लिया गया। बैठक में सड़क किनारे वृक्षों पर कील ठोककर विज्ञापन से संबंधित होर्डिंग बोर्ड लगाने के कारण पेड़ों को हो रहे नुकसान की चर्चा करते हुए जल्द से जल्द ऐसे होर्डिंग को हटाने और इसका प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। जिले में संचालित क्रेशरों और खनन लीज (बंद व चालू दोनों) समेत अन्य औद्योगिक इकाइयों को सीमाओं पर वृक्षारोपण करवाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने नगर प्रशासकों को झुमरीतिलैया, कोडरमा नगर पंचायत और डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र के सड़क किनारे वृक्षों पर लगाये गए होर्डिंग्स को अविलंब हटाने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी के अलावे डीएफओ सौमित्र शुक्ला, डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के पदाधिकारी, नगर प्रशासक शंभु कुशवाहा, अंकित कुमार, विभिन्न कार्य एजेंसियों के कार्य पालक अभियंता आदि मौजूद थे।

## जिले के सभी हल्का में 15 जनवरी से विशेष शिविर का आयोजन, ऑनलाइन रसीद होंगे निर्गत

- दाखिल खारिज और रसीद निर्गत होने में हो रहे परेशानियों को देखते हुए डीसी ने उठाया कदम

**कोडरमा।** जिले के विभिन्न अंचलों में दाखिल खारिज और रसीद निर्गत करवाने में आमलोगों को हो रहे परेशानियों को देखते हुए उपायुक्त ने एक निर्देश जारी कर 15 जनवरी से सभी अंचलों के हल्कों में विशेष राजस्व शिविर आयोजित करने का निर्देश जारी किया है। वहीं उन्होंने सभी सीओ को निर्देशित करते हुए 15 जनवरी से 17 जनवरी तक सभी हल्का में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन करने और राजस्व सम्बन्धित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया है। वहीं उपायुक्त द्वारा जारी निर्देश के अनुसार कोडरमा अंचल में 15 और 17 जनवरी को विभिन्न हल्का में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं चंदवारा अंचल के विभिन्न हल्कों में 15 से 17, डोमचांच अंचल कर विभिन्न हल्कों में 15 से 17, मरकच्चो अंचल में 15 से 17, सतगावां में 15 से 17 जबकि जयनगर अंचल में 15 से 18 जनवरी को विशेष राजस्व शिविर सम्बंधित हल्का में आयोजित किया जाएगा।

## एक नजर में

### चतरा लायंस क्लब के डायरेक्टर सह जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने सदर अस्पताल में किया कंबल वितरण



**चतरा।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए चतरा लायंस क्लब के डायरेक्टर सह जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने रविवार देर शाम सदर अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों और उनके परिजनों के बीच कंबल वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान बिरजू तिवारी ने कहा कि समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा करना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ठंड के इस मौसम में गर्म कपड़ों और कंबलों की जरूरत सबसे ज्यादा होती है, और लायंस क्लब इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को कंबल मिलने से राहत महसूस हुई। मरीजों और उनके परिवारजनों ने बिरजू तिवारी और लायंस क्लब को इस सहायता के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर बिरजू तिवारी ने कहा कि लायंस क्लब हमेशा समाजसेवा के कार्यों में आगे रहा है। उन्होंने सभी से अपील की कि समाज के जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं और इस कड़ाके की ठंड में उनकी मदद करें। कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष हसदेव गुप्ता, जितेन्द्र जैन, मनोज साहू विकास केशरी, सुबोध सिंह, मुकेश पाण्डेय व क्लब के अन्य सदस्य, और गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

### मां भद्रकाली का तोरण द्वार निर्माण को मिली स्वीकृति



**इटखोरी।** मां भद्रकाली मंदिर प्रबंधन समिति की वर्षों पुरानी मांग को आखिरकार स्वीकृति मिल गई है। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने जुहू मोड़, इटखोरी और चौपारण चतरा मोड़ पर तोरण द्वार निर्माण की अनुमति प्रदान की है। यह निर्माण एनटीपीसी के सहयोग से किया जाएगा। तोरण द्वार निर्माण की यह प्रक्रिया ओडिशा के पूर्व राज्यपाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के प्रयासों से आगे बढ़ी। उन्होंने मंदिर प्रबंधन समिति की मांग को गंभीरता से लेते हुए इस परियोजना को प्राथमिकता दी। तोरण द्वार बनने से पर्यटकों को मंदिर तक पहुंचने में सहूलियत होगी और मंदिर की आध्यात्मिक पहचान को और मजबूती मिलेगी। इसी संबंध में मां भद्रकाली मंदिर प्रबंधन समिति का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त नैंसी सहाय से मिला। इस मौके पर मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य रत्न शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह, रामदहिन सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे। उन्होंने उपायुक्त और अन्य संबंधित अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह कदम पर्यटन को बढ़ावा देगा और क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने में सहायक होगा।

### भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान



**मरकच्चो (कोडरमा)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान के लिए पंचायत स्तर पर सघन अभियान चलाया जा रहा है। सदस्यता अभियान में जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने प्रखंड क्षेत्र के मुर्कमनिया, देवीपुर, पूर्णानगर, महुगांय, नवाडीह आदि पंचायत के गांवों में जाकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया और सभी बूथ अध्यक्षों से आग्रह किया कि आप अपने द्वारा पचास सदस्य बनाकर सक्रिय सदस्य बनें और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाएं। मौके पर विजय यादव, हरि पंडित, सुनील यादव, पवन सिंह आदि मौजूद थे।

### गरीब व असहाय के बीच कम्बल वितरण



**मरकच्चो (कोडरमा)।** पिछले दिनों बादल के छाए रहने के कारण ठंड काफी पड़ रही है एवं मौसम खुशगवार बना हुआ है। मगर गरीबों के लिए यह सर्दी का मौसम कई मुश्किलें लेकर आती है। वहीं सर्दी में गरीबों को राहत पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया कंबल सोमवार को प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह व बीडीओ हुलास महतो द्वारा गरीब एवं असहाय के बीच कंबल वितरण किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि ठंड को देखते हुए जिला द्वारा सभी 16 पंचायतों में मुखिया को कंबल वितरण के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। जिससे गरीबों को ठंड से राहत मिल सके

### करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत, मां गंभीर

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत भुताही में एक किशोर युवक करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि अपने बेटे को बचाने के दौरान मां 35 वर्षीय रिंकू देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे इलाज के लिए आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

एसपी ने की क्राइम मीटिंग, अधिकारियों को दिए कई निर्देश

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आये शिकायतों को जल्द निष्पादित करें : एसपी

- एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को लम्बित कांडों को निष्पादित करते हुए अंतिम प्रपत्र समर्पित करने के दिये निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान थानावार लम्बित विभिन्न प्रकार के कांडों के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा करते हुए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्धारित अवधि के अंदर लम्बित कांडों को निष्पादित करते हुए अंतिम प्रपत्र समर्पित करने का निर्देश दिया। साथ ही थाना क्षेत्रों के उपद्रवियों, शरारती तत्वों और सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने, वाहन चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने, नियमित रूप से बैंक, एटीएम, ज्वेलरी दुकानों आदि जगहों पर गश्ती करने आदि का निर्देश दिया। वहीं एसपी ने थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विशेष अभियान चलाकर लम्बित वारंट, कुर्की आदि का निष्पादन करने, अंतरराज्य, अंतरजिला चेकपोस्ट पर सघन जांच करें, सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात के नियमों को सख्ती से अनुपालन करवाने को लेकर नियमित रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में एसपी ने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आये मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान फरियादियों द्वारा किये गए शिकायतों को जल्द से जल्द निष्पादित करें।

मौके पर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के अलावे विभिन्न थानों के थानेदार आदि मौजूद थे।

### अखंड कीर्तन मंडली में जिप उपाध्यक्ष ने किया कंबल वितरण



**इटखोरी।** भद्रकाली मंदिर परिसर में संचालित अखंड कीर्तन मंडली में चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। इस अवसर पर बिरजू तिवारी ने कहा कि ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों की मदद करना मानव सेवा का सबसे बड़ा कार्य है। उन्होंने कहा कि भद्रकाली मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यह सामाजिक और धार्मिक कार्यों का भी प्रमुख स्थल है। उन्होंने सभी कीर्तनकारों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर टुन्नी सिंह, प्रकाश यादव, नवल किशोर सिन्हा, नागेश्वर यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### 2005 बैच के विद्यार्थियों ने मनाया मिलन समारोह

**टंडवा।** एसएस हाई स्कूल, टंडवा के 2005 बैच के विद्यार्थियों ने नए वर्ष के अवसर पर मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन रविवार को साराढु स्थित ललकी चट्टान पर संपन्न हुआ। 20 साल बाद मिले इन दोस्तों ने पुराने दिनों को याद करते हुए केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और एक-दूसरे से अपने जीवन के अनुभव साझा किए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेंद्र सोनी और प्रिंस बक्शी ने अहम भूमिका निभाई। सभी ने मिलकर पुराने दिनों की यादें ताजा की और भविष्य में इस तरह के आयोजन को जारी रखने की बात कही। साथ ही, समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान देने का निर्णय भी लिया। बैच के सभी सदस्यों ने तिथि निर्धारित कर गरीब और असहाय वृद्ध लोगों के बीच कंबल वितरण करने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल मित्रता को मजबूत करने का जरिया बना, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी बना। इस मौके पर टंडवा से पिंटू साव, सुरेंद्र सोनी, प्रिंस बक्शी, विक्की मालाकार, बबलू गुप्ता, शिवा साव, सुनील कुमार साहू, निक्की गुप्ता और होन्हे से सिकंदर यादव सहित गाड़ीलौंग, साराढु, पचड़ा, बुकरू और अन्य क्षेत्रों के कई पूर्व छात्र शामिल हुए। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया और खुशी जाहिर की।

### सहायिका चुनाव में अनियमितता का आरोप



**हंटरगंज।** डुमरीकला पंचायत के नौकाडीह आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका चुनाव तो संपन्न हुआ, लेकिन इस चुनाव में पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति की अनुपस्थिति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। चुनाव में हुई अनियमितताओं को लेकर मुखिया साधना सिंह और पंचायत समिति फूलमांती देवी ने विरोध जताया है। मुखिया और पंचायत समिति ने आरोप लगाया कि चुनाव बिना पूर्व सूचना के और बिना उनकी जानकारी के संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि इस तरह का चुनाव पूरी तरह से जल्दबाजी में किया गया और ग्राम सभा की बैठक में सभी संबंधित पक्षों की उपस्थिति अनिवार्य थी, जिसे नजरअंदाज किया गया। रीमा कुमारी ने आंगनबाड़ी सहायिका चुनाव में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि पुष्पा कुमारी को चयनित किया गया, जबकि उनके पास आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और वोटर आई कार्ड नहीं था, जो नियमों के खिलाफ है। अब सवाल यह है कि क्या इस मामले में पदाधिकारी कार्रवाई करेंगे या फिर अनियमितताओं पर चुप्पी साधी जाएगी।

### 31 मार्च तक कोडरमा से राजगीर तक चलेगी इंटरसिटी एक्सप्रेस

**कोडरमा।** दानापुर से राजगीर तक चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस का विस्तार कर झारखंड के कोडरमा रेलवे स्टेशन तक किया गया है, यह ट्रेन अब 03322 बनकर राजगीर से झारखंड के कोडरमा तक आयेगी। इस ट्रेन को विस्तारित करने के बाद अब राजगीर सीधे रूप से झारखंड से जुड़ जायेगा। अभी तक एक भी ट्रेन राजगीर से झारखंड के लिए नहीं चल रही थी, राजगीर से यह ट्रेन कोडरमा के लिए 10:55 मिनट पर खुलेगी, जो 2:15 बजे कोडरमा पहुंचेगी और तीन बजे कोडरमा से खुलकर 5:50 पर राजगीर पहुंचेगी। फिर राजगीर से राजगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस बनकर दानापुर के लिए छह बजे दानापुर के लिए प्रस्थान करेगी, राजगीर स्टेशन प्रबंधक सीइसी ने बताया कि राजगीर से 10:55 पर स्पेशल ट्रेन बनकर यह ट्रेन कोडरमा के लिए प्रस्थान करेगी जो 11: 15 बजे नाटेशर जंक्शन, 12 बजे तिलैया, 1:08 पर पहाड़पुर स्टेशन, 1:17 पर गुरपा स्टेशन, 1:40 गुझंडी स्टेशन और 2:15 कोडरमा स्टेशन पहुंचेगी, पुनः यह गाड़ी वापसी में 03321 बनाकर 3:00 कोडरमा से रांची के लिए प्रस्थान करेगी। इस दौरान यह ट्रेन वापसी में 3:8 मिनट पर गझंडी स्टेशन, 3:30 बजे गुरपा, 3:40 बजे पहाड़पुर, 4:55 बजे तिलैया रेलवे स्टेशन, 5:30 नाटेशर जंक्शन और 5:50 बजे राजगीर पहुंचेगी, पुनः यहां ट्रेन राजगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस 13233 बनकर 6 बजे संध्या को दानापुर के लिए प्रस्थान करेगी, जो रात्रि 9:15 पर दानापुर पहुंचेगी। इस ट्रेन को 31 मार्च तक के लिए प्रायोगिक तौर पर दानापुर डिवीजन द्वारा चलाया जा रहा है।

## विवेकानंद के दर्शन में है विकसित भारत की प्रेरणा : प्राचार्य

- रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानन्द विषयक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ.लक्ष्मी सरकार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय जनमानस को उनके खोए हुए आत्मगौरव का बोध कराया और उन्हें अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई में शामिल होने की प्रेरणा दी। उनकी इस प्रेरणा से संपूर्ण भारत ने नई अंगड़ाई ली और हम 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्र हुए। उन्होंने कहा कि विवेकानंद के दर्शन में सशक्त, समृद्ध एवं समावेशी समाज के निर्माण का सूत्र निहित है। यही सूत्र विकसित भारत का आधार है। यदि हम विवेकानंद के संदेशों को जीवन में अपनाएंगे तो निश्चित रूप से आजादी के सौवें साल (वर्ष 2047) तक विकसित बनाने का स्वप्न साकार होगा। वहीं सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं शास्वत एवं सनातन हैं, ये शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। वहीं सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने कहा कि विवेकानंद भारतीयता की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने दुनिया को विश्वगुरु भारत के मूल स्वरूप एवं उसकी वास्तविक शक्ति का एहसास दिलाया। वहीं कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम राहुल, द्वितीय प्रिंस व कविता के लिए स्मृति को पुरष्कृत किया गया। मौके पर सुनील, रिशु कुमारी, मो. सेराज, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, आनंद कुमार, मिथिलेश कुमार, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, शाहिद खान, संटू कुमार, गौरव सिन्हा, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार, राहुल, प्रिया समेत कई लोग मौजूद थे।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल को 5-स्टार रेटिंग व ए प्लस ग्रेड से किया गया सम्मानित

- यह कार्यक्रम नई दिल्ली के होटल रैडिसन ब्लू द्वारका में आयोजित किया गया




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल ने एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। सेंटर फॉर एक्सीलेंस द्वारा आयोजित एनुअल कॉन्फ्रेंस कम स्कूल स्टार रैंकिंग अवार्ड सेरेमनी में स्कूल को 5-स्टार रेटिंग और ए प्लस ग्रेड से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली के होटल रैडिसन ब्लू द्वारका में आयोजित किया गया। यह स्कूल की अभिनव शिक्षण पद्धतियों और समग्र शिक्षा के प्रति उसके योगदान का प्रमाण है। स्कूल का यह सम्मान स्कूल की ओर से प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने प्राप्त किया। सेक्रेड हार्ट स्कूल की उत्कृष्ट यात्रा और सफलता को स्कूल ऑफ द ईयर बुक में स्थान दिया गया, जो स्कूल की प्रेरणादायक कहानी को संजोता है। इस पुस्तक का लोकार्पण डॉ. श्रीधर श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक, एनसीईआरटी के आर मंगलम यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर दिनेश सिंह, केवीएस के पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर अनुभूति मेहता, प्रियदर्शिनी नायक, सतीश पहल उप सचिव एनसीईआरटी, डॉ. प्रियदर्शी नायक अध्यक्ष सीईडी फाउंडेशन आदि शामिल थे। यह पुस्तक सेक्रेड हार्ट स्कूल के नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों के सर्वांगीण विकास की यात्रा को रेखांकित करती है, जो अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने स्किल एजुकेशन पर आयोजित राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। उन्होंने कौशल आधारित शिक्षा और अनुभवात्मक शिक्षण के महत्व पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि आज के समय में छात्रों को वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए शिक्षा में कौशल विकास का होना बेहद जरूरी है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि यह सम्मान हमारे शिक्षकों, छात्रों और पूरे स्कूल परिवार के समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है। सेक्रेड हार्ट स्कूल हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह पुरस्कार हमारे लिए प्रेरणा है कि हम शिक्षा के क्षेत्र में और नई ऊंचाइयों को छुएं। सेक्रेड हार्ट स्कूल की यह सफलता पूरे स्कूल परिवार के लिए गर्व का क्षण है। यह न केवल स्कूल की प्रगति का प्रतीक है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणा भी है। इस उपलब्धि ने सेक्रेड हार्ट स्कूल को राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श स्थान प्रदान किया है, जो भविष्य में भी शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### संस्कृत विद्यालय में रविंद्र शांडिल्य ने दिया 26 हजार रुपए का दान



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत झारखंड अधिविध परिषद् एवं झारखंड सरकार द्वारा प्रस्वीकृति प्राप्त अखिलेश्वर पांडेय संस्कृत प्राथमिक सह मध्य विद्यालय नंदूडीह को 26 हजार रुपए की राशि रविंद्र कुमार शांडिल्य द्वारा दान दिया गया। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई। श्री पांडेय ने बताया कि उक्त राशि 13 जनवरी 2025 को बैंक ऑफ इंडिया शाखा बासोडीह में विद्यालय के खाता संख्या 498310100005060 में बैंक ऑफ इंडिया शाखा झुमरीतिलैया के माध्यम से नगद राशि 26 हजार रुपये जमा की गई। श्री शांडिल्य के द्वारा दान की राशि जमा किए जाने पर विद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा श्री शांडिल्य के प्रति आभार प्रकट किया।

जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने सीओ और थाना प्रभारियों को दिये सख्त निर्देश

# अपने क्षेत्रों में अवैध खनन और भंडारण के खिलाफ सक्रिय होकर करें कार्रवाई

- अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम को लेकर की गई व्यापक चर्चा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम को लेकर व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता अरविंद, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**67 प्राथमिकी दर्ज, 147 वाहन जब्त :** जिला खनन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान अब तक अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ 67 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। 147 वाहनों को जब्त किया गया और 22,90,232 रुपये जुमार्ने के रूप में वसूले गए हैं।

**आम्रपाली परियोजना पर कड़ा निर्देश :** आम्रपाली परियोजनान्तर्गत सीटीओ की शर्तों के अनुपालन पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने परियोजना के महाप्रबंधक को निर्देश दिया कि बॉडी एक्सटेंडेड वाहनों को कोयला परिवहन की अनुमति न दी जाए। साथ ही, सड़क पर पानी का छिड़काव नियमित रूप से हो और दो नई रोड स्वैपिंग मशीनें क्रय की जाएं।

**अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश :** उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में अवैध खनन और भंडारण के खिलाफ सक्रिय होकर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले कर्मियों और अधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**वन क्षेत्रों पर विशेष निगरानी :** पिपरवार थाना क्षेत्र के लुकैया, झुलनडीहा, पंडरिया और किरीगड़ा टोंगरी वन क्षेत्र में अवैध कोयला खनन और भंडारण पर सतत निगरानी के निर्देश दिए गए।

**पत्थर खनन पट्टों की जांच जारी :** बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि पांच पत्थर खनन पट्टों की मापी का कार्य पूर्ण हो चुका है। उपायुक्त ने शेष पट्टों की मापी कार्य जनवरी 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों से अपने क्षेत्रों में अवैध खनन के खिलाफ अभियान को तेज करने और रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### अवैध बालू भंडारण मामले में होगी सख्त कार्रवाई

**चतरा।** जिले में अवैध बालू भंडारण के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। हाल ही में मयूरहंड प्रखंड में भारी मात्रा में अवैध बालू का भंडारण पकड़ा गया, जिससे प्रशासनिक उदासीनता और भ्रष्टाचार की ओर इशारा हुआ। चतरा उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। यदि जांच में किसी पदाधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चतरा डीसी ने कहा कि जिले में पत्थर खनन पट्टों की भी गहन जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में कई मामलों में स्वीकृत क्षेत्र से अधिक भूमि पर खनन कार्य पाया गया है, जिससे राजस्व को भारी नुकसान हुआ है। ऐसे मामलों में खनन पट्टा धारकों और अन्य संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। टंडवा प्रखंड स्थित एनटीपीसी प्लांट परिसर में अवैध बालू भंडारण पकड़ा गया है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्लांट के सुरक्षा घेरे में इतनी बड़ी मात्रा में अवैध बालू का भंडारण कैसे संभव हुआ, यह जांच का विषय है। बताया जा रहा है कि इसमें एनटीपीसी के कुछ बड़े अधिकारियों की संलिप्तता हो सकती है। जिला प्रशासन ने साफ किया है कि अवैध खनन और भंडारण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जिले में पारदर्शिता बनाए रखने और राजस्व हानि रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# जिले में अफीम की खेती व कारोबारियों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाएं : उपायुक्त

- एनसीओआरडी जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने हेतु किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार समेत अन्य सभी संबंधित जिले के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। अफीम की खेती के विरुद्ध थाना स्तर व अंचल स्तर तक की अबतक की कार्रवाई की सभी थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी से जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अफीम की खरीद-बिक्री करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई करें। जिन क्षेत्रों में अफीम की खेती की सूचना मिलती है तो खेती के विनष्टीकरण के साथ उसमें संलिप्त लोगों को चिन्हित करते हुए उनके ऊपर कठोर कार्रवाई करें। साथ ही नशीले पदार्थों व अफीम की खेती से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति जागरूकता अभियान की भी विस्तृत जानकारी ली गई। उपायुक्त ने कहा कि जिले में अफीम की खेती व कारोबारियों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाएं।

थाना प्रभारियों द्वारा बताया गया कि जैसे ही अफीम की खेती या कारोबारियों के बारे में सूचना प्राप्त होती है उसपर वन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्रवाई की जाती है। रैयती भूमि पर अगर अफीम की खेती की जा रही है तो जमीन मालिक व उसमें संलिप्त लोगों के ऊपर कार्रवाई करें। वहीं सरकारी भूमि/ वन भूमि पर भी अफीम की खेती की रोकथाम हेतु कड़ा कदम उठाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा प्रत्येक माह थाना स्तर पर की गई कार्रवाई की बिंदुवार समीक्षा की जाएगी।

बैठक में उक्त के अलावे अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा,सिमरिया, टंडवा, सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाना चिकित्सकों का कर्तव्य : डॉ. निशांत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बिहार, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के बर्डर पर स्थित झारखंड का गढ़वा जिला स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अग्रणी बनता जा रहा है। यह संभव हुआ है जिला मुख्यालय के परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के शानदार उपलबियों के कारण। गढ़वा में इसकी पहचान वैसी है जैसा रेगिस्तान में खजूर की होती है। लेप्रोस्कपी सर्जरी के साथ अन्य कई महत्वपूर्ण एवं गंभीर बीमारियों का इलाज करने वाला यह अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए कई कार्यक्रम कर रहा है। इसी क्रम में नगर ऊंटारी के सिद्धि श्री होटल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के डॉक्टर, कर्मचारी अथवा प्रतिनिधि उपस्थित थे। गढ़वा के परमेश्वरी मेडिकल सेंटर (पीएमसी) में दूरबीन विधि से ऑपरेशन कर हजारों लोगों को नई जिंदगी दी गई है। सेमिनार में इसकी जानकारी देते हुए पीएमसी के निदेशक एवं लेप्रोस्कपी - इनडोस्कोपिक सर्जन, डॉ. कुमार निशांत सिंह ने कहा कि बिना चीड़फाड़ के कम खर्च और दर्द रहित ऑपरेशन से कई वैसे मरीज बचाए गए हैं जिन्होंने जीने की उम्मीदें खो दी थी। उन्होंने कहा कि दूरबीन के माध्यम से सर्जरी की एक्यूरेसी काफी हाई होती है। इस विधि से ऑपरेशन कराने वाले मरीजों को बहुत दिनों तक अस्पताल में रहने की झंझट से मुक्ति मिल जाती है। उनका खर्च भी बचता है और आभास भी नहीं होता कि उनका ऑपरेशन भी हुआ है। डॉ निशांत ने प्रोजेक्टर के माध्यम से सिरोसिस, गोल ब्लॉडर, एपेंडिक्स, स्टॉमक, बड़ी आंत, ट्यूमर, यूट्रस आदि के क्रिटिकल ऑपरेशन से बचाए गए लोगों की वीडियो को साझा किया। उन्होंने ठीक हुए मरीजों की प्रतिक्रिया भी सुनवाई।

**वरदान साबित हो रहा है सिपाका ग्रामीण आईसीयू :** चिकित्सा जगत में भारत की सबसे बड़ी ग्रामीण आईसीयू सिपाका की एक इकाई परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में भी स्थापित है। इसमें अत्याधुनिक अनुभवी चिकित्सक और नर्स सिपाका की ओर से गढ़वा में प्रतिनियुक्त हैं। इस आईसीयू की स्थापना के बाद हार्ट अटैक, ब्रेन हैंब्रेज, आर्टरी ब्लॉकेज के मरीजों को मौत की मुंह से बाहर निकालने में कामयाबी मिल रही है। गढ़वा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सामान्य बनाने के उद्देश्य से चिनिया रोड स्थित क्लीनिक ऑन स्क्रीन में 96 स्लाइस का अत्याधुनिक सिटी स्कैन मशीन स्थापित है। वहीं परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में अल्ट्रा साउंड सहित सभी अवश्य स्वास्थ्य जांच के लिए अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं। जांच के बाद रोगों के निदान बिल्कुल ही आसान हो जाता है। पीएमसी के निदेशक ने सेमिनार में उपस्थित सभी चिकित्सकों एवं महानुभावों से इलाज के लिए उपलब्ध संसाधनों एवं हॉस्पिटल से मरीजों को जोड़ने की अपील की। कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से निपटने में पीएमसी सदैव सहयोग के लिए तैयार रहेगा।

## बड़े शहरों की तरह सारी सुविधाएं हैं गढ़वा के पीएमसी में



जटिल रोगों के निदान की जानकारी देते डॉ. निशांत

## पीएमसी का जागरूकता कार्यक्रम सराहनीय : डॉ. सिद्धनाथ

श्री बंशीार नगर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक ड सिद्धनाथ प्रसाद ने सेमिनार को संबोाित करते हुए कहा कि परमेश्वरी मेडिकल सेंटर का यह जागरूकता कार्यक्रम अति सराहनीय है। गढ़वा जैसे क्षेत्र में इलाज की इतनी अच्छी सुविाा हम सब के लिए गर्व की बात है।

## इलाज की कसौटी पर खरे उतरना आज की जरूरत : डॉ वर्मा

गढ़वा के पूर्व सिविल सर्जन सह श्री बंशीार नगर के जाने माने चिकित्सक ड शशि शेखर वर्मा ने कहा कि चिकित्सा जगत में नित प्रतिदिन परिवर्तन हो रहा है। ऐसी स्थिति में चिकित्सक और हस्पिटल का नवीनीकरण आवश्यक हो जाता है। पीएमसी पूरी तरह अपने आप को अद्यतन करता रहा है। जीवनदाई अस्पताल के रूप में पहचान बनाने वाले पीएमसी से गढ़वा का गौरव बढ़ रहा है।

## एक चौथाई राशि में ही ठीक हो जाते हैं मरीज : डॉ धर्मचंद

एसएसजेएस नामारी कलेज गढ़वा के पूर्व प्राचार्य ार्मचंद लाल अग्रवाल ने कहा कि रांची, पटना अथवा बनारस में इलाज कराने में जो खर्च होते हैं उसके एक चौथाई राशि में ही वैसा ही इलाज परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में किया जाता है। इससे इस क्षेत्र के लोगों को कम खर्च में अच्छी चिकित्सा मिल रही है। गरीब मरीजों की इलाज में अस्पताल का सहयोगात्मक रुख लोगों का दुःख दूर करने में सहयोग की भावना को दिखाता है। सेमिनार में ड शशिशेखर वर्मा, ड सिद्धनाथ प्रसाद, ड निशीथ नीरव, ड अमित कुमार प्रसाद, शैलेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### अवैध डंपिंग बालू को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के दवनकारा गांव के झनझनावा टोला में विशुनपुरा थाना से लगभग 700 से 800 मीटर की दुरी पर लगभग 50 ट्रैक्टर अवैध रूप से डंपिंग बालू को लेकर गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, एसआई नसीम अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी कर जप्त किया गया था। वहीं सोमवार को अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार एवं पुलिस निरीक्षक के द्वारा थाना कांड संख्या 6/2025 के तहत सुसंगत धाराओं में मेराल थाना क्षेत्र के पथहरिया गांव निवासी कुलदीप बिआर, आशिष बिआर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। इस संबंध में अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से डंपिंग बालू को शनिवार को जप्त किया गया था। वहीं सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### भाकपा-माले ने मनाया शहीद तिलकामांझी का शहादत दिवस

**भागलपुर।** भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन के प्रथम नायक अमर शहीद बाबा तिलकामांझी का 240वां शहादत दिवस सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर भागलपुर के सुरखीकल यूनियन कार्यालय में भाकपा-माले और ऐक्टू कार्यकर्ताओं ने शहीदों के सपनों का भारत बनाओ, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करो, रोजी-रोटी, स्वास्थ्य, शिक्षा और सम्मान दो, शहीद तिलकामांझी अमर रहे आदि गूंजते नारों के बीच शहीद तिलकामांझी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित की एवं दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए आजादी, संविधान व लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया।

### गांजा कोर्ट परिसर से हुआ फरार

**अररिया।** जिले में फुलकाहा थाना क्षेत्र के भंगही के समीप रविवार को स्विफ्ट कार में 103 किलो तस्करी के गांजे के साथ पकड़ाए दो तस्करों में से एक तस्कर कोर्ट में पेशगी के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। फरार हुआ तस्कर नरपतगंज थाना क्षेत्र के खैराचंदा निवासी मनीष कुमार है। कोर्ट में पेशी के दौरान मनीष कुमार हथकड़ी से अपना हाथ छुड़ाते हुए पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस बात की पुष्टि फुलकाहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने की है।

### पुलिस ने 15 हजार लीटर जावा महुआ को किया नष्ट

**नवादा।** नवादा पुलिस व उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार को रजौली थाना क्षेत्र के झराही के जंगल में अवैध महुआ शराब की भट्ठियों पर व्यापक छापेमारी की। थानाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस एवं उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने रजौली थाना क्षेत्र के झराही के जंगल में अवैध रूप से संचालित महुआ शराब की आधा दर्जन भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। छापामारी के दौरान 6 भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया एवं लगभग 15000 लीटर जावा महुआ को भी जमीन में बहाकर नष्ट कर दिया गया।

# बालिका वर्ग में शांति निवास 10वीं बार चैंपियन



चैम्पियन टीम के साथ पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में शांति निवास ने बीएनटी संत मैरी की टीम को सात विकेटों से हराकर लगातार दूसरी बार कुल दसवीं बार चैम्पियन बना। बालिका वर्ग के फाइनल मैच में बीएनटी संत मैरी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर स्वेता के 11 ओर सौम्या के छह रन के सहयोग से 42 रन बनाए। शांति निवास की ओर से रिमझिम ने तीन, शीतल ओर चांदनी ने दो-दो विकेट प्राप्त की। जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम श्रुति के 13 ओर अंजनी के छह रन के सहयोग से तीन विकेट खोकर जीत दर्ज करते हुए लगातार दूसरी कुल दसवीं बार कब्जा जमाया। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास के रिमझिम को दिया गया। मैच से पूर्व आरपी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. पतंजलि केशरी, प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर डॉ. पतंजलि केशरी ने कहा कि जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति जिले के सभी क्षेत्र के प्रतिभाओं को आगे लाने का काम कर रही है। गढ़वा जैसे शहर में लड़कियों को चौके छक्के लगाते देख मैं काफी प्रभावित हुआ हूं। उन्होंने कहा कि प्रतिभा हर बच्चे में होती है पर जरूरत है उसे तराशने की और यह दायित्व समिति ने उठाया है। मौके पर प्रतियोगिता को उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, मनीष उपाध्याय, रोहन तिवारी, अभय दुबे, आकाश, प्रवीण मिश्रा, धीरज सिंह, आकाश, नैतिक, हेमंत, गोलू दास सहित कई लोग उपस्थित थे। मैच में अंपायर की भूमिका आकाश कुमार और मनीष उपाध्याय, वहीं कॉमेंटेटर की भूमिका में मनोज तिवारी ने निभाई।

# जन शिक्षण संस्थान के 42वें स्थापना दिवस पर कला एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



उपस्थित सचिव धनंजय कश्यप व अन्य

**गढ़वा।** जन शिक्षण संस्थान गढ़वा के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) व विकास भारती बिशुनपुर के 42वें स्थापना दिवस पर जिले के भंडरिया प्रखंड के नौका ग्राम में कला एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जन शिक्षण संस्थान गढ़वा के सचिव धनंजय कश्यप, भंडरिया जिला परिषद सदस्य हिरवंती देवी, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर-पीतांबर के पांचवें वंशज अरुण सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जयदीप एवं उनकी टीम ने पारंपरिक आदिवासी नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किया। जिसके बाद आनंदी एवं उनकी टीम ने विकास भारती विशुनपुर के सचिव पद्मश्री अशोक भगत एवं नीलांबर-पीतांबर के जीवन पर आधारित गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात अतिथियों ने प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा लगाए गए स्व. निर्मित उत्पादों के स्टॉल का निरीक्षण किया। मौके पर जन शिक्षण संस्थान गढ़वा के सचिव धनंजय कश्यप ने विवेकानंद के जीवन परिचय, राष्ट्र के प्रति युवाओं का कर्तव्य एवं जीवन का लक्ष्य विषयों पर प्रकाश डालते हुए विवेकानंद जी के विचारों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विकास भारती बिशुनपुर ग्रामीण युवाओं को शिक्षा एवं स्वरोजगार से जोड़ने का काम पिछले 42 वर्षों से लगातार कर रही है। जिसका परिणाम आप सबों के समक्ष दिख रहा है। कार्यक्रम को जिला परिषद सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि ने भी संबोधित किया एवं विकास भारती द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। मौके पर वनवासी कल्याण केंद्र के संजय सिंह, शिक्षक नितेश वर्मा, मिशन स्वावलंबन के डिस्ट्रिक्ट को-आर्डिनेटर रवि, राकेश पाठक, प्रभारी निदेशक प्रशांत कुमार मिश्रा सहित प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षनार्थी उपस्थित थे।

# श्री राम मंदिर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर हनुमान चालीसा का पाठ

खबर मन्त्र संवाददाता



पाठ करते लोग

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार सब्जी मंडी के समीप श्री राम जानकी अखाड़ा परिसर में हिंदू एकता मंच के बैनर तले श्री राम मंदिर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर सनातनियों ने धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सामूहिक रूप से सुबह 8 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक 07 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। तत्पश्चात हिंदू एकता मंच के द्वारा महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। वही गायत्री परिवार द्वारा संध्या में दीप यज्ञ का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी सनातनियों ने एक-एक कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में हिंदू एकता मंच के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता आदि रामभक्त उपस्थित थे।

# मकर संक्रांति के विराट मेले की तैयारी अंतिम चरण में

## सतबहिनी झरना तीर्थ में

खबर मन्त्र संवाददाता



दुकान सजाते व्यापारी

**कांडी।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले तीन दिवसीय मेले को लेकर कई दिनों से तैयारी की जा रही है। इस दौरान स्थानीय एवं बाहर से आने वाले व्यापारी अपनी-अपनी दुकानें सजा रहे हैं। दो-तीन दिन पहले ही दर्जनों दुकानें सजाई जा चुकी हैं। जबकि आज सोमवार को भी काफी संख्या में अपना स्थान आरक्षित कराए हुए लोग दुकान सजाने का काम कर रहे हैं। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में मेले की देखरेख करने वाले सदस्यों ने बताया कि सोमवार की पूरी रात दुकान सजाने का काम नानस्टॉप जारी रहेगा। क्योंकि 14 जनवरी की सुबह से ही मेले की शुरुआत हो जाएगी। जानकारी देते हुए समिति के सचिव पंडित मुरलीार मिश्र ने कहा कि स्थानीय व्यापारियों के साथ कई अन्य जिलों के भी व्यवसायी आकर इस मेले में दुकान सजाते हैं। इन दुकानों में प्रसाद, खिलौना, श्रृंगार, मिठाई, जलेबी, कचौड़ी, रेडीमेड, फोटो ग्राफी, होटल, लोहे का सामान, लकड़ी का सामान, त्रिम आभूषण, वीडियो ग्राफी आदि की सैकड़ो दुकानें सजाई जाती हैं। जिन पर लाखों की संख्या में लोगों को खरीदारी करते देखा जाता है। यह मेला 14 जनवरी से प्रारंभ होकर 16 जनवरी तक चलेगा। मेले में शांति एवं कानून व्यवस्था के अनुपालन के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार को आवेदन देकर मेले की अनुमति ले ली गई है। अतः मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगी। जिससे शांतिपूर्वक दुकानदारी की जा सके एवं खरीदारों को भी किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े।

सचिव ने कहा कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश व उनके उत्तरायण होने के उपलक्ष्य में मकर संक्रांति का पवित्र त्योहार मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सतबहिनी झरना तीर्थ में नौ मंदिरों की श्रृंखला अवस्थित है। जहां नौ देव शक्तियां विराजमान हैं। यहां मनोरम झरना में स्नान करके लोग मंदिरों में पूजा अर्चना एवं दान पुण्य किया करते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से सतबहिनी झरना तीर्थ में आकर पुण्य लाभ के साथ-साथ विराट मेले में भाग लेने का आह्वान किया है।

## आसा पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक

**भागलपुर।** जिले के तिलकामांझी स्थित आप सबकी आवाज 'आसा' पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हंसल सिंह के आवास पर सोमवार को पार्टी की एक बैठक हुई। इस दौरान आसा के बिहार प्रदेश के अध्यक्ष प्रीतम सिंह पटेल के द्वारा जिले के सभी कार्यकताओं को जननायक कपूरी ठाकूर की जयंती मनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह पटेल ने बताया कि आसा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर सी पी सिंह निर्देश पर इस बार सुल्तानगंज में जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती पर विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आज की बैठक में आसा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हंसल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह पटेल, भागलपुर जिलाध्यक्ष, भागलपुर युवा जिलाध्यक्ष पंकज पासवान सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने अनाथ बच्चों को दिलाया स्पान्सरशिप



आवेदन लेते पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मेराल प्रखंड के ग्राम बहुरहा के दो असहाय बच्चे जिनके माता-पिता दोनों की मृत्यु हो गई है, इन बच्चों को अब तक कोई भी सरकारी लाभ नहीं मिल पाया है। पीएलवी ने इन बच्चों को स्पान्सरशिप से जोड़ने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। ताकि इन अनाथों तक न्याय की किरण पहुंच सके। साथ ही उड़ीसा निवासी असहाय विधवा अंजलि कौर जो 9 वर्ष के बच्चे के साथ कभी फुटपाथ पर कभी समाहरणालय के सामने पार्क के पास कभी अस्पताल में अभी वर्तमान में महिला आश्रय गृह में रह रही है। उसके पति की मृत्यु के उपरांत मुआवजा के रूप में 70 हजार रूपये मिला था। लेकिन मृतक के मामा उक्त विधवा को वह पैसा नहीं दे रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के पीएलवी कृष्णा नन्द दुबे, मुरली श्याम तिवारी, सुनीता पांडेय, विकास गौतम ने उक्त विधवा महिला से जानकारी प्राप्त कर आवेदन लिया। जिसे अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला विाकि सेवा प्राधिकार गढ़वा सचिव को समर्पित किया है।

### आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन



शिविर में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय पर सोमवार को बीडीओ राकेश सहाय के नेतृत्व में एक दिवसीय गैर आवासीय आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों के बीच आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए तकनीकी जानकारियां देते हुए इसके लाभ के बारे जानकारियां दी गई। ताकि भविष्य में घर के कोई सदस्य बीमार पड़ता है तो उसे पांच लाख तक का मुफ्त उपचार किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड के इच्छुक लाभुक राशन आधार कार्ड और बैंक अकाउंट के साथ सीएसपी केंद्र में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवा लें ताकि भविष्य में इस योजना की लाभ लें सकें। सरकार की मनसा है कि इस योजना का लाभ हर कोई ले सके। बीडीओ राकेश सहाय ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग आयुष्मान कार्ड के बारे में संवेदनशील नहीं हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने के प्रति वह लापरवाह हैं। उनको यह भी गलतफहमी है कि उनके घर में एक आयुष्मान कार्ड है तो सभी सदस्यों को इसका लाभ मिलेगा। उन्हें यह समझाया गया कि आयुष्मान कार्ड का लाभ जिसके नाम से है उसी को इसका लाभ मिलता है। 21 जनवरी को प्रखंड कार्यालय भवन में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है स्वास्थ्य विभाग की तरफ से इसमें सभी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी गोविंद सेठ, प्रखण्ड लिपिक अनूप कुमार, कम्प्यूटर सहायक ओम प्रकाश, राजीव कुमार, पंचायत सचिव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### यूथ किक बॉक्सिग चैंपियनशिप में गढ़वा ने जीता छह पदक



विजेता खिलाड़ी के साथ पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** रामगढ़ में आयोजित यूथ किक बॉक्सिग चैंपियनशिप में गढ़वा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर छह पदक जीता है। जिसमें पांच स्वर्ण एवं एक कांस्य पदक शामिल है। जानकारी देते हुए गढ़वा जिला किक बॉक्सिग संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि अनुराज पांडेय ने 24 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, अदिति पांडेय ने 32 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, सुप्रिया कुमारी ने 38 किलोग्राम स्वर्ण पदक, पुण्य प्रसून ने 38 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, अर्णव कुमार ने 23 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, समीर कुमार चौबे ने 85 किलोग्राम में कांस्य पदक जीता है। बधाई देने वालों में किक बॉक्सिग संघ के संरक्षक संजय कुमार सिंह, सचिव मनोज संसाई, वरीय उपाध्यक्ष जेबी थापा, उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार सिंह, अरविंद दुबे, प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह, सह सचिव गणेश यादव, कार्यकारी सदस्य अभय कांत, राजकुमार राम, अजीत कुमार, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक अनिता दत्त, राकेश पाल, रेखा चौबे, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, रामप्रवेश तिवारी, नितिन तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी आदि का नाम शामिल है।

### नीतीश की फिर फिसली जुबान

### जीविका दीदीयों से बोले- आप और हम पैदा कैसे हुए

एजेंसी

**रांची।** मुख्यमंत्री नीतिश कुमार की जुवान सोमवार को एकबार फिर फिसल गयी, इससे वहां मौजूद महिलाओं को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। दरअसल सीएम सीएम नीतीश कुमार ने सोमवार को समस्तीपुर में 500 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास और कई महत्वपूर्ण योजनाओं की भी घोषणा की। इस दौरान जीविका दीदीयों से बात करते हुए उन्होंने ने एक बार फिर हम और आप कैसे पैदा हुए वाली बात बोल दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं कितनी अच्छी बढ़ रही हैं, देख रहे है ना। आप लोगों को भी कहेंगे, आप और हम पैदा कैसे हुए? मां ना पैदा की जी? सब इन्ही को पावर है। इसलिए सबको जरा पढ़ाइये।

**रोकने पर भी नहीं रुके :** सीएम नीतिश कुमार मंच से आगे कुछ और बोलते व बात बिगड़ती, इससे पहले डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने कहा कि हो गया सर.. चलिए। इसके बावजूद मुख्यमंत्री चुप नहीं बैठे और बोलते चले गये। उन्होंने कहा कि आप देखियेगा कि बिहार में सब बहुत अच्छा से बढ़ रहा है। अब पुरूष भी महिलाओं का बहुत इज्जत कर रहे हैं। यह बहुत अच्छा है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

### सीमेंट लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त

**महुआडांड़।** कुसुमी अम्बाटोली भाया चंपा मार्ग होते हुए छत्तीसगढ़ से झारखंड के लातेहार जिले के महुआडांड़ आ रहा। जे के लक्ष्मी सिमेंट लदा ट्रक सोमवार को मेराम घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में ट्रक क्षतिग्रस्त हुआ. कई बोरी सिमेंट बर्बाद हो गया, ट्रक पर सवार ड्राइवर और उप चालक सही समय पर ट्रक से कुदकर सुरक्षित बच गये। ज्ञात हो कि महुआडांड़-कुसुमी अम्बाटोली भाया चंपा मार्ग से जब भी कोई ट्रक समान लेकर मेराम घाटी उतरता है, तो अक्सर गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होती है। पूर्व में मेराम घाटी में दुर्घटनाग्रस्त होने से कितने लोगो की जान भी चली गई है।

### युवक गिरफ्तार, गया जेल

**चंदवा।** पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने चोरी के बाइक के साथ कामता के बेलवाही ग्राम निवासी असलम खान पिता कुर्बान खान को धर दबोचा। मामले में जांचोपरांत अग्रतार कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 12/25 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार असलम खान को मंडल कारा भेज दिया। पुलिस ने बताया कि चंदवा पुलिस को लगातार दूसरे जिलों से बाइक चोरी होने व चोरी के संदिग्ध बाइक क्षेत्र में लाये जाने की सूचना प्राप्त हो रही थी, इसी आलोक में कार्रवाई करते हुए जांच अभियान चलाया गया जिसमें उक्त सफलता मिली।

### जनसुनवाई का किया गया आयोजन

**लातेहार।** प्रखंड सभागार में प्रखंडस्तरीय सामाजिक आकेक्षण एवं जनसुनवाई का आयोजन सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम में जिप सदस्य पूनम देवी ज्यूरीमेंबर में शामिल थी। कार्यक्रम से बाहर निकलकर पूनम देवी ने बताया कि जनसुनवाई के द्वारा बहुत सारी खामियां पाई गई है जिसमें कई अधिकारी पकड़े गए। उन्होंने आगे बताया कि अक्टूबर माह से ही बेरोजगारी भत्ता देना था। लेकिन अभी तक बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया गया। जोकि आज तक का बेरोजगारी भत्ता 20 हजार 78 रुपए होता है। जिप अध्यक्ष ने कहा कि अगर बेरोजगारी भत्ता देना ही था तो बेरोजगार क्यों किया गया। अभी तक बेरोजगारी भत्ता क्यों नहीं दिया गया? वहीं उन्होंने कहा कि पंचायत का जनसुनवाई पंचायत में ही खत्म करना था, उसे प्रखंड में क्यों लाया गया। इन सभी खामियों को देखकर मैं संतुष्ट नहीं हूं इसलिए जनसुनवाई कार्यक्रम को छोड़कर बाहर निकल गई। लेकिन मेरी अनुपस्थिति में भी जनसुनवाई चालू रहा। इसका मैं घोर निंदा करती हूं।

### संपन्न परिवार राशन कार्ड सेरेंडर करें नहीं तो होगी कार्रवाई: बीएसओ

**महुआडांड़।** प्रखंड में सरकारी नौकरी, आयकर दाता, व्यवसायिक करदाता, चारपहिया-तीन कमरा से अधिक छतदार पक्का मकान वाले दायरे में आते है तो उनका राशन कार्ड रद होगा। एमओ सुमित सिंह ने बताया कि संपन्न परिवार अपना कार्ड सलेंडर जल्द करें नहीं तो होगी प्रशासनिक कार्रवाई उसमें अपात्र के रूप में पकड़े जाने पर एफआईआर की कार्रवाई भी होगी। प्रखंड में सैकड़ों अपात्र राशन कार्डधारी चिन्हित है। अहर्ता को पूरा करने वाले परिवार द्वारा राशन कार्ड धारक होना या राशन उठाव करना गैर कानूनी है। ऐसे लोग सरेंडर नहीं किए जाने एवं सर्वेक्षण में अपात्र पाये जाने वाले वैसे लाभुकों से नियमानुसार उठाव किए गए खाद्यान्न का बाजार मूल्य से समतुल्य राशि का वसूल किए जाने का प्रावधान है। ऐसे में अपात्र लाभुक हर हाल में राशन कार्ड सरेंडर कर ही दें।

### अलाव तापने के दौरान महिला झुलसी

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र इटके ग्राम में सोमवार को अलाव तापने के दौरान एक महिला झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद आस-पास के लोगो के द्वारा महिला को 108 एम्बुलेंस से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार साबो देवी 30 वर्ष पिता स्व० भुवनेश्वर उरांव ग्राम इटके थाना बारियातू निवासी अपने घर में अलाव ताप रही थी। जहां अलाव से उठे चिंगारी ने उसके कपड़े में पकड़ लिया। जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस गई। डॉक्टर के अनुसार घटना में 50% आग जल गया है। वहीं महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। ज्ञात हो कि महिला का पति रामु उरांव शादी के कुछ दिन बाद महिला को छोड़ दिया था। वह अपने मायके में रह रही थी कुछ वर्ष उसके माता पिता का भी देहांत हो गया है। व उसका कोई बच्चा भी नही है। वह अपने छोटे भाई के साथ मायके में रह रही थी। छोटा भाई भी एक सप्ताह पूर्व कमाने के लिए चेन्नई चला गया था। वही इस परिस्थिति में महिला के गंभीर रूप से झुलसने के बाद आसपास के लोगों ने महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करवाने के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

उपायुक्त ने समग्र शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पोशाक, डिजिटल शिक्षा संबंधित की समीक्षा बैठक

# छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समग्र शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पोशाक, डिजिटल शिक्षा, छात्रवृति, मध्यान भोजन संबंधित समीक्षा कर जिला स्तर पर शिक्षा विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा विद्यालय स्तर पर चलाई जा रही सारी योजनाओं का लाभ छात्र छात्राओं को मिले, इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी कर्मी सजगता के साथ काम करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे में जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने सभी प्रखंड में ई विद्या वाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। समीक्षा बैठक में विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत नामांकन, मध्यान भोजन, पोशाक एवं छात्रवृति, पी0एम0 पोषण योजना सहित अन्य बिन्दुओ पर विस्तार पूर्वक प्रखंडवार समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, एडीपीओ, एपीओ, बीपीओ, बीओ उपस्थित थे।



समीक्षा बैठक करते डीसी।

## कृषि प्रणाली विषय पर ऑफिसर ट्रेनिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



जानकारी देते जिला कृषि पदाधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सोमवार को जिला कृषि कार्यालय के आत्मा सभागार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-तेलहन योजना अन्तर्गत समेकित कृषि प्रणाली विषय पर ऑफिसर ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह एवं कृषि वैज्ञानिक, एसपी सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र, बालुमाथ ने संयुक्त रूप से किया। जिला कृषि पदाधिकारी लातेहार ने कृषि विभाग आत्मा एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-दलहन, तेलहन एवं मोटे अनाज इत्यादि योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक एवं रबी फसलों में लगने वाले किट व्याधि के बारे में जानकारी दिया गया। वहीं एसपी सिंह के द्वारा समेकित कृषि प्रणाली के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जिला परामर्शी बलबीर सिंह एनएफएसएम के द्वारा फसलों में पोषक तत्वों के कमी के लक्षण एवं उनके उपाय के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। उप परियोजना निदेशक सविता उरांव के द्वारा ऑर्गेनिक खेती के बारे में बताया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्य स्तरीय तकनीकी सलाहकार, उद्यान विभाग, विद्याधर सिंह मुण्डा, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, मनीष कुमार पाण्डेय, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, रामनाथ यादव, सहायक तकनीकी प्रबंधक, सपना कुमारी, जितेंद्र कुमार सिंह चन्दवा सहित अनेको बीएओ एटीएम बीटीएम और जनसेवक उपस्थित थे।

## पुलिस कप्तान ने बरवाडीह थाना और एसडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण, दिये निर्देश


एसडीपीओ कार्यालय से निकलते एसपी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** लातेहार जिला पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने सोमवार को बरवाडीह थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बरवाडीह थाना प्रभारी के कार्यालय कक्ष में पुलिस पदाधिकारियों के साथ थाना क्षेत्र से जुड़ी जानकारी ली। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम, सर्किल इंस्पेक्टर अशोक सिंह और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के अलावे अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जहां पुलिस कप्तान ने पदाधिकारियों के साथ करीब चार घंटे मैराथन बैठक की। जहां सभी पदाधिकारियों को थाना क्षेत्र में लंबित कांडों के ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने फरार वारंटी को पकड़ने, नियमित रात्रि गश्ती करने, अपराध पर नियंत्रण करने, महिला सुरक्षा पर फोकस करने, सड़क दुर्घटना के रोकथाम को लेकर लगातार वाहन जांच अभियान चलाने सहित अन्य कई आवश्यक निर्देश दिए। वहीं थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, हवालात, मालखाना, मेस, बैरक और थाना की साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। जबकि अपराध रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर आदि महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन कर थाना क्षेत्र में घटित अपराधों के विषय में पूछताछ की गई। जिसके उपरांत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का भी पुलिस कप्तान ने औचक निरीक्षण किया। मौके पर कई पुलिस पदाधिकारी व बल के जवान शामिल थे।

एक नजर में

### बालूमाथ पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया


गिरफ्तार अपराधी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने सोमवार को तीन लाल वारंटी समेत दो अन्य कांड के अभियुक्त को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया की बालूमाथ के मकईयाटांड पिकेट में कार्यरत पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर को शुक्रवार को जानबूझकर टक्कर मारकर फरार होने वाले पंकज गंझु पिता चंद्रदीप गंझु ग्राम हेमपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा पिकेट प्रभारी को टक्कर मार दिया था। और मौके पर से फरार हो गया था। जिसमें पिकेट प्रभारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं भोलेनाथ कुमार पिता रामदयाल गंझु ग्राम सिंनदाग लावालौंग जिला चतरा द्वारा बीते शनिवार को हाईवा संख्या जेएच02बीएस8506 से प्रयाग यादव 60 वर्ष ग्राम मुरपा थाना बालूमाथ निवासी जो अपने पोता के साथ मैक्लुस्कीगंज जा रहा था। उसे टक्कर मार दिया था। जिसमें प्रयाग यादव की मौत इलाज के दौरान हो गई थी। इस मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि भोलेनाथ कुमार हाईवा का खलासी था। जो उस दिन गाड़ी चला रहा था। इसके अलावा तीन स्थाई लाल वारंटी राजेंद्र उरांव पिता मंगरा उरांव ग्राम सीरम थाना बालूमाथ निवासी सोनू भुइयां पिता पूजन भुइयां ग्राम बालू थाना बालूमाथ निवासी उदय चरण साव पिता स्वर्गीय पांडे साव ग्राम नगडा थाना बालूमाथ निवासी को गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार लोगों को सोमवार को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया।

### फर्जी ग्राम सभा कर एनओसी लेने का आरोप



**चंदवा।** पीवीयूएनएल बनहरदी कोल खनन परियोजना को लेकर भूमि अधिग्रहण विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। कई बार ग्राम सभा होने के बाद भी जमीन अधिग्रहण को लेकर कंपनी प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच गतिरोध समाप्त नही हुआ है। इसी बीच बनहरदी कोयला खनन परियोजना से प्रभावित सुरली गांव के ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन पर फर्जी तरीके से ग्राम सभा कर वन भूमि, गैर मजरुआ, आम व खास भूमि के साथ जंगल व झाड़ी के लिए एनओसी लेने का आरोप लगाया गया। मामले को लेकर सोमवार को सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपयुक्त कार्यालय पहुंचे व उपयुक्त के नाम लिखित आवेदन देकर मामले में न्याय की गुहार लगाई। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम सभा मे ग्राम प्रधान, वन समिति के अध्यक्ष व सचिव व ग्रामीणों के वगैर मौजूदगी के हीं फर्जी ग्राम सभा किया गया, जिसका हम सभी विरोध करते हैं। ग्रामीणों ने मामले में उपायुक्त से जांच कर न्याय करने की गुहार लगाई है। गुहार लगाने वालों में बाबूलाल उरांव, चंदन यादव, सधना उरांव, मुकेश लोहरा, सूरज भुइयां, नरेश लोहरा, रामलाल गंझू, विजय भुइयां, सुनीता देवी, सफीक अंसारी, राजेंद्र यादव, अशोक गंझू, कमला देवी, प्रदीप यादव, सूरज भुइयां, रामवृक्ष यादव, परमेश्वर यादव, विमल देवी, चरया देवी शामिल है।

### चंदवा: मकर संक्रांति आज तिलकुट की सजी बाजार

**चंदवा।** प्रखंड समेत ग्रामीण इलाकों में मकर संक्रांति का त्योहार मंगलवार 14 जनवरी को मनाया जाएगा। त्यौहार को लेकर शहर में चहल-पहल बढ़ गई है व लोग जमकर गुड़, चूड़ा, तिलकुट, दही समेत अन्य सामग्री की खरीददारी करते देखे जा रहे हैं। शहर में इंदिरा गांधी चौक,मेन रोड में तिलकुट निर्माण के कई दुकान लगाए गए हैं। हालांकि इस वर्ष महंगाई की मार तिलकुट बाजार में साफ दिखाई दे रही है। तिलकुट व्यवसायियों ने बताया कि ग्राहकों को गुड़ चीनी के अलावे खोवा का तिलकुट भी इस वर्ष उपलब्ध कराया जा रहा है। इस वर्ष शहर के बाजार में 200 से लेकर 300 तक के गुड़ एवं चीनी के तिलकुट उपलब्ध है। वही स्पेशल एवं खोवा के तिलकुट 400 तक के दर में मिल रहे हैं। इसके अलावा काले सफेद तिल के लड्डू, लाइ, बादाम चक्की, चूड़ा, बूंदी के लड्डू समेत अन्य चीजों की बिक्री बाजार में हो रही है। मकर संक्रांति तिथि को लेकर पंडित रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि 14 जनवरी को सूर्य मकर रेखा में मंगलवार की सुबह संक्रमण काल मे प्रवेश कर रहा है संक्रमण काल को पुण्यकाल भी कहा जाता है। तब से संक्रांति काल शुरू हो जाएगा और उदया तिथि के हिसाब से त्यौहार मंगलवार को मनाना ही बेहतर होगा। उन्होंने बताया कि संक्रांति काल बहुत विशेष होता है। मकर राशि मे प्रवेश के साथ ही भगवान सूर्य उत्तरायण होंगे, उत्तरायण को देवताओ का दिन कहा जाता है। उन्होंने बताया कि महाभारत कथा में भी इच्छा मृत्यु का वरदान पाने वाले भीष्म पितामह ने अपने प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने का इंतजार किया था।

## आरसीएम ने एकदिवसीय सेमिनार का किया आयोजन

➲ स्वास्थ्य रक्षा, स्वावलंबन और महिला सशक्तिकरण मुख्य उद्देश्य : शिव कुमार शर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत आदर्श नगर स्थित उत्तम मैरेज हॉल में सोमवार को राइट कंसेप्ट मार्केटिंग (आरसीएम) के तत्वाधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिंद हरियाणा से स्टार एमराल्ड शिव कुमार शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने बताया कि आरसीएम के तीन उद्देश्य हैं। जिनमें स्वास्थ्य रक्षा, स्वावलंबन और महिला सशक्तिकरण, इसके साथ ही आरसीएम से सात फायदे इस प्रकार हैं। बाजार से कम कीमत पर वस्तु, शुद्धता की गारंटी, स्वयं की खरीद पर दश प्रतिशत आय, बिना पूंजी लगाए एक बड़ा व्यापार, परिवार की आर्थिक सुरक्षा, बेरोजगारों को एक नया रोजगार एवं 45 प्रतिशत कंपनी के मुनाफे में साझेदारी। उन्होंने बताया कि आज लगभग हर इंसान के समक्ष गरीबी, बेरोजगारी, मंहगाई एवं समय की कमी आदि कई समस्याएं हैं और ये सिस्टम हमें इन सभी समस्याओं से मुक्ति दिलाता है। वहीं स्टार पर्ल अभिमन्यु मेहता द्वारा कार्यक्रम में आरसीएम के सभी उत्पादों की जानकारी दी गई। बताया कि बेहतर स्वास्थ्य रक्षा के लिए बेहतरीन प्रोडक्ट आपको आरसीएम देती है। इसके माध्यम से एक आम आदमी अपने जीवन के सारे सपने पूरे कर सकता है। महिलाओं के लिए बिना कोई रिस्क यह एक बहुत बड़ा अवसर है। इस मौके पर स्टार पर्ल दीनानाथ मेहता, रॉयल्टी अचीवर रांची से डॉक्टर एसके सुमन, एस के ठाकुर, सुमन कु.ठाकुर, पीयूसी होल्डर रविंद्र कुमार, शिव कुमार मेहरा, अरुण कु.शर्मा, डॉ.राजू कु.प्रजापति, केदार सिंह, अनंत अग्रवाल, व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज, पूर्व उप प्रमुख पंकज गुप्ता, सूरज कुमार, मनीषा राज, पूजा मेहता, सुनीता देवी समेत सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल थे।


आरसीएम के फायदे बताते शिव कुमार शर्मा।

### महुआडांड़ : अवैध खनन करते दो ट्रैक्टर जब्त


जब्त ट्रैक्टर।

**महुआडांड़।** पलामू व्याघ्र परियोजना के दक्षिणी वन प्रमंडल के महुआडांड़ वन क्षेत्र में अवैध पत्थर और बालू की ढुलाई के खिलाफ वन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो दिनों में दो ट्रैक्टर जब्त किए हैं। रेंजर तरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान बेलवार जंगल और चुटिया जंगल से ये ट्रैक्टर जब्त किए गए। रेंजर ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार प्रतिबंधित वन क्षेत्र से अवैध खनन और ढुलाई की शिकायतें मिल रही थीं। इसी के आधार पर टीम ने कार्रवाई की। पहले दिन बेलवार जंगल से एक ट्रैक्टर को बालू की अवैध ढुलाई करते हुए पकड़ा गया, जबकि दूसरे दिन चुटिया के जंगल से पत्थर की अवैध ढुलाई करते हुए एक और ट्रैक्टर जब्त किया गया। जब्त किए गए ट्रैक्टरों में से एक बिटू उर्फ सर्वेश प्रसाद (नेतरहाट) का है और दूसरा राजेंद्र यादव उर्फ पोद्दार यादव (चुटिया गांव) का बताया जा रहा है। दोनों ही ट्रैक्टर मालिकों और चालक उपेंद्र यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। रेंजर तरुण कुमार सिंह ने कहा कि वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध उत्खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वन विभाग की टीम ऐसे मामलों पर नजर बनाए हुए है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे वन संपदा की सुरक्षा में सहयोग करें और अवैध खनन की जानकारी तुरंत विभाग को दें। सूचना मिलते ही विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### चतरा सांसद ने भाजपा कार्यकर्ताओं से बंटवाया कंबल


कंबल वितरण करते भाजपा कार्यकर्ता।

**चंदवा।** चंदवा मंडल भाजपा कार्यकताओं के द्वारा चतरा सांसद कालीचरण सिंह के सौजन्य से चंदवा प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायत में सैकड़ो गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। पड़ रहे कड़ाके की ठंड के बीच के बीच कम्बल पाकर गरीबो के चेहरे में खुशी देखी गयी। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि कड़ाके की ठंड के बीच गरीबों को राहत पहुंचाने के लिए चतरा सांसद का यह प्रयास काफी सराहनीय कदम है। साथ ही श्री गुप्ता ने समाज के संपन्न लोगों से भी गरीब और जरूरतमंदों की सेवा में हाथ बढ़ाने की अपील की। वही भाजपा कार्यकर्ताओं ने आधी ठंड बीत जाने के बाद भी अब तक राज्य सरकार की ओर से कंबल वितरण नहीं होने पर नाराजगी भी व्यक्ति की। कंबल वितरण में दीपक निषाद, मनोज पाठक, राजेश गंझू, राजन भगत, दुर्गा ठाकुर, कुलामन साहू, राम प्रसाद साहू, राजेश यादव, रामकिशुन गंझू, शंकर मुंडा, सुनील मुंडा, हीरामणि देवी समेत दर्जनों भाजपाई शामिल थे।

### मनिका थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त सफारी वाहन से तस्करी के लिए ले जा रहे पांच पशु बरामद


जब्त सफारी वाहन।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंजो पंचायत स्थित राष्ट्रीय मार्ग-39 पर दिन रविवार को जेएच 01 एक्यू 0966 नंबर की एक दुर्घटनाग्रस्त सफारी वाहन से पशु तस्करी के मामले का भंडाफोड़ करने में मनिका पुलिस को सफलता हासिल हुई है। वहीं वाहन दुर्घटना की सूचना मिलने पर जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो पाया कि दुर्घटनाग्रस्त सफारी वाहन में पांच पशुओं को क्रूरता से लोड करके ले जाया जा रहा था। मौके पर पुलिस ने वाहन चालक अली कुरैशी (23), निवासी महजीद मोहल्ला,डोरंडा,रांची को गिरफ्तार कर लिया और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर मनिका थाना ले आया गया। वहीं थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार ने बताया कि आरोपी पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और सभी पांचों पशुओं को भी थाने लाया गया है। उन्होंने कहा कि पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चालक को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है। साथ ही मामले की गंभीरता पूर्वक जांच की जा रही है। वहीं इस घटना से स्पष्ट है कि पुलिस पशु तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस के द्वारा तत्परता से क्षेत्र में तस्करी जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाया गया है।

### जागरूकता जन सभा कार्यक्रम का

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के कोपे पंचायत अंतर्गत जेरुवा गांव स्थित बहेरटोला में वन अधिकार कानूनी जागरूकता जनसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर मुख्य रूप से वन विभाग अधिकारी मनिका ठाकुर पासवान,झारखंड प्रदेश मनरेगा वॉच सदस्य जेम्स हेरेंज,प्रमुख प्रतिमा देवी,जिप सदस्य बलवंत सिंह,समेत कई लोग मौजूद रहे।

# अवैध पोस्ता खेती करने वाले 30 लोगों पर मामला दर्ज


## बालूभांग पंचायत मे एक दिनों के अंदर 21 एकड़ में लगे अफीम पोस्ता खेती को किया गया नष्ट

संजय राम

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के सीमावर्ती एरिया मे अफीम खेती किया जा रहा है। पुलिस ने लगातार अफीम को खेती विनिष्टि करण करने और चिन्हित कर कार्रवाई कर रही है। अफीम उत्पादन करने वाले पर अब तक लगभग 30 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। पोस्ता खेती नस्ट करने के साथ-साथ बारियातू थाना क्षेत्र मे पहली बार बड़े पैमाने पर गांजा की खेती को भी नस्ट किया जा चूका है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निदेर्शानुसार पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी के नेतृत्व मे थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह पुअनि निर्मल मंडल, रितेश तिग्गा, सअनि सुरेश सिंह,नीरज दुबे सहित शस्त्र बल के जवान लगातार कार्रवाई मे जूटे हुए है। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के तत्परता से लगातार अभियान जारी है।

**पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई के बाद अबतक 30 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है**

पुलिस ने पश्चामी, पुरबी व उत्तरी सीमांत मे अधिक पोस्ता खेती को नस्ट कर लगभग 30 लोगों पर मामला दर्ज किया है। हालांकि कार्रवाई लगातार जारी है। वहीं पुलिस ने पोस्ता उत्पादन वाले पंचायत मे शिविर लगाकर जागरूकता भी किया है। खेती को को नस्ट करने की चेतावनी भी दी गई है। स्वयं खेती को नस्ट करने पर कार्रवाई से बचा जा सकता है। अन्यथा पुलिस नस्ट करेगी तो वैसे लोगों पर निश्चित रूप से विधि संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


नष्ट करती पुलिस।

**पोस्ता को चीरा लगाकर निकाला जाता है अफीम**


पोस्ता का पौधा तैयार होने के बाद उसके फल मे चीरा लगाकर अफीम गद्दे निकाला जाता है। अफीम गद्दे से नशीले पदार्थो बनाकर महंगे दामों मे बेचा जाता है हालांकि ऐसे मामले मे कई लोग जेल जा चुके हैं।

**सबसे अधिक बालूभांग पंचायत मे पोस्ता खेती को किया है नष्ट**

थाना क्षेत्र के अंतिम छोर वाले पंचायत बालूभाँग सीमांत सहित बारियातू टंडवा व चतरा से सटे घने जंगल किनारे जंगल को उजाड़ कर भारी पैमाने पर पोस्ता उत्पादन किया जा रहा था। पुलिस ने उपरोक्त कई स्थानों पर जाकर ट्रेक्टर व लाठी डंडे से पीटकर पोस्ते को नस्ट किया है।

**अकड़ा के अनुसार सबसे अधिक वन क्षेत्र मे उत्पादन किया जा रहा है पोस्ता वन विभाग का खाश सक्रियता नहीं**

अफीम उत्पादन करने वाले गैरमजूरवा भूमि के अलावे सबसे अधिक वन भूमि क्षेत्र मे पोस्ता उत्पादन किया जा रहा है। जिसमे वन विभाग द्वारा धीमी गति से विनिष्टि कर किया जा रहा है वन भूमि मे पोस्ता उत्पादन करने के पूर्व जंगल उजाड़कर जोतकार बनाकर उत्पादन किया जाता है जिससे भारी मात्रा मे वन उजाड़े गए है। जिससे पर्यावरण नुकसान के साथ वन प्राणियों को भी परेशानी हो रही है वन विभाग के उदासीनता के कारण पोस्ता उत्पादन मामला मे कोई खाश कमी नहीं आयी है।



# आध्यात्मिक यात्रा का पवित्र समागम

## आस्था, विश्वास, सौहार्द और भारतीय संस्कृतियों का मिलन...

**महाकुम्भ मेला 2025 :** दुनिया के सबसे बड़े जनसमूह, महाकुम्भ मेला 2025 में आपका हार्दिक स्वागत है! इस भव्य आध्यात्मिक संगम में शामिल हों और जीवंत संस्कृति, भक्ति एवं एकता का अनुभव करें।



**आस्था, विश्वास, सौहार्द्र एवं संस्कृतियों के मिलन का पर्व है कुम्भ।** ज्ञान, चेतना और उसका परस्पर मंथन कुम्भ मेले का वो आयाम है जो आदिकाल से ही हिन्दू धर्मावलम्बियों की जागृत चेतना को बिना किसी आमन्त्रण के खींच कर ले आता है। कुम्भ पर्व किसी इतिहास निर्माण के दृष्टिकोण से नहीं शुरू हुआ था अपितु इसका इतिहास समय के प्रवाह से साथ स्वयं ही बनता चला गया। वैसे भी धार्मिक परम्पराएं हमेशा आस्था एवं विश्वास के आधार पर टिकती हैं न कि इतिहास पर। यह कहा जा सकता है कि कुम्भ जैसा विशालतम मेला संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधे रखने के लिए ही आयोजित होता है।

**परिचय-महा-कुम्भ-मेला-2025-प्रयागराज** : का शाब्दिक अर्थ कलश है। यहाँ कलश का सम्बन्ध अमृत कलश से है। बात उस समय की है जब देवासुर संग्राम के बाद दोनों पक्ष समुद्र मंथन को राजी हुए थे। मथना था समुद्र तो मथनी और नेति भी उसी हिसाब की चाहिए थी। ऐसे में मंदराचल पर्वत मथनी बना और नागवासुकि उसकी नेति। मंथन से चौदह रत्नों की प्राप्ति हुई जिन्हें परस्पर बाँट लिया गया परन्तु जब धन्वन्तरि ने अमृत कलश देवताओं को दे दिया तो फिर युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो गयी। तब भगवान विष्णु ने स्वयं मोहिनी रूप धारण कर सबको अमृत-पान कराने की बात कही और अमृत कलश का दायित्व इंद्र-पुत्र जयंत को सौंपा। अमृत-कलश को प्राप्त कर जब जयंत दानवों से अमृत की रक्षा के लिए भाग रहे थे तभी अमृत की बूंदे पृथ्वी पर हरिद्वार, नासिक, उज्जैन और प्रयागराज में गिरी। चूँकि विष्णु की आज्ञा से सूर्य, चन्द्र, शनि एवं बृहस्पति भी अमृत कलश की रक्षा कर रहे थे और विभिन्न राशियों (सिंह, कुम्भ एवं मेष) में विचरण के कारण ये सभी कुम्भ पर्व के द्योतक बन गये। इस प्रकार ग्रहों एवं राशियों की सहभागिता के कारण कुम्भ पर्व ज्योतिष का पर्व भी बन गया।

जयंत को अमृत कलश को स्वर्ग ले जाने में 12 दिन का समय लगा था और माना जाता है कि देवताओं का एक दिन पृथ्वी के एक वर्ष के बराबर होता है। यही कारण है कि कालान्तर में वर्णित स्थानों पर ही ग्रह-राशियों के विशेष संयोग पर 12 वर्षों में कुम्भ मेले का आयोजन होने लगा।

**महाकुम्भ का अर्थ :** महाकुम्भ मेला, एक पवित्र समागम है जो हर बारह वर्षों में होता है, यह लाखों लोगों का एक जनसमूह ही नहीं है, यह एक आध्यात्मिक यात्रा है, जो मानव अस्तित्व के मूल में उतरती है। प्राचीन हिंदू पौराणिक कथाओं में उल्लेखित, महाकुम्भ मेला एक गहन आंतरिक अर्थ रखता है, जो आत्मबोध, शुद्धीकरण और आध्यात्मिक प्रबोधन की शाश्वत खोज की प्रतीकात्मक यात्रा के रूप में अभिव्यक्त होता है।

### ज्योतिष गणना के अनुसार चार प्रकार से माना गया है कुम्भ का आयोजन

**01** बृहस्पति के कुम्भ राशि में तथा सूर्य के मेष राशि में प्रवेश होने पर हरिद्वार में गंगा-तट पर कुम्भ पर्व का आयोजन होता है।

**02** बृहस्पति के मेष राशि में प्रवेश तथा सूर्य और चंद्र के मकर राशि में आने पर अमावस्या के दिन प्रयागराज में त्रिवेणी संगम तट पर कुम्भ का आयोजन होता है।

**03** बृहस्पति और सूर्य के सिंह राशि में प्रविष्ट करने पर नासिक में गोदावरी के तट पर कुम्भ पर्व का आयोजन होता है।

**04** बृहस्पति के सिंह राशि में तथा सूर्य के मेष राशि में प्रविष्ट होने पर उज्जैन में शिप्रा तट पर कुम्भ पर्व का आयोजन होता है।

## महाकुम्भ 2025 प्रयागराज का पौराणिक महत्व

प्रयागराज में कुम्भ मेला को ज्ञान एवं प्रकाश के स्रोत के रूप में सभी कुम्भ पर्वों में व्यापक रूप से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण माना जाता है। सूर्य जो ज्ञान का प्रतीक है, इस त्योहार में उदित होता है। शास्त्रीय रूप से यह माना जाता है कि ब्रह्मा जी ने पवित्रतम नदी गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर दशाश्वमेघ घाट पर अश्वमेघ यज्ञ किया था और सृष्टि का सृजन किया था।

1. कुम्भ सृष्टि में सभी संस्कृतियों का संगम है।
2. कुम्भ आध्यत्मिक चेतना है।
3. कुम्भ मानवता का प्रवाह है।
4. कुम्भ नदियों, वनों एवं ऋषि संस्कृति का प्रवाह है।
5. कुम्भ आत्मप्रकाश का मार्ग है।
6. कुम्भ नदियों, वनों एवं ऋषि संस्कृति का प्रवाह है।
7. कुम्भ जीवन की गतिशीलता है।
8. कुम्भ प्रकृति एवं मानव जीवन का समन्वय है।
9. कुम्भ ऊर्जा का स्रोत है।



## कुम्भ में कल्पवास का महत्व

कुम्भ मेले में संगम तट पर कल्पवास का विशेष महत्त्व है। पद्म पुराण एवं ब्रह्म पुराण के अनुसार कल्पवास की अवधि पौष मास के शुक्लपक्ष की एकादशी से प्रारंभ होकर माघ मास की एकादशी तक है। पद्म पुराण में महर्षि दत्तात्रेय ने कल्पवास की पूर्ण व्यवस्था का वर्णन किया है। उनके अनुसार कल्पवासी को इक्कीस नियमों का पालन करना चाहिए। ये नियम हैं सत्यवचन, अहिंसा, इन्द्रियों का शमन, सभी प्राणियों पर दयाभाव, ब्रह्मचर्य का पालन, व्यसनों का त्याग, सूर्योदय से पूर्व शैय्या-त्याग, नित्य तीन बार सुरसरि-स्नान, त्रिकालसंध्या, पितरों का पिण्डदान, यथा-शक्ति दान, अन्तमुर्खी जप, सत्संग, क्षेत्र संन्यास अर्थात् संकल्पित क्षेत्र के बाहर न जाना, परनिंदा त्याग, साधु-संतों की सेवा, जप एवं संकीर्तन, एक समय भोजन, भूमि शयन, अग्नि सेवन न करना। ब्रह्मचर्य, व्रत एवं उपवास, देव पूजन, सत्संग, दान का विशेष महत्त्व है।

## महाकुम्भ 2025 का सामाजिक महत्व

किसी उत्सव के आयोजन में व्यापक जनसम्पर्क अभियान, प्रोन्नयन गतिविधियां और अतिथियों को आमंत्रण प्रेषित किये जाने की आवश्यकता होती है, जबकि कुम्भ विश्व में एक ऐसा पर्व है जहाँ कोई आमंत्रण अपेक्षित नहीं होता है तथापि करोड़ों तीर्थयात्री इस पवित्र पर्व को मनाने के लिए स्वयं एकत्र होते हैं। प्राथमिक स्नान कर्म के अतिरिक्त पर्व का सामाजिक पक्ष विभिन्न यज्ञों का अनुष्ठान, वेद मंत्रों का उच्चारण, प्रवचन, नृत्य, भक्ति भाव के गीतों, आध्यात्मिक कथानकों पर आधारित कार्यक्रमों, प्रार्थनाओं, धार्मिक सभाओं के चारों ओर घूमता हैं, जहाँ प्रसिद्ध संतों एवं साधुओं के द्वारा विभिन्न सिद्धांतों पर वाद-विवाद एवं विचार-विमर्श करते हुए मानक स्वरूप प्रदान किया जाता है।



मानव मात्र का कल्याण, सम्पूर्ण विश्व में सभी मनुष्यों के मध्य वसुधैव कुटुम्बकम के रूप में अच्छा सम्बन्ध बनाये रखने के साथ आदर्श विचारों एवं गूढ़ ज्ञान का आदान प्रदान कुम्भ का मूल तत्त्व और संदेश है। कुम्भ भारत और विश्व के जन सामान्य को आदिकाल से आध्यात्मिक रूप से एक सूत्र में पिरोता रहा है और भविष्य में भी कुम्भ का यह स्वरुप विद्यमान रहेगा।

*प्रयागराज में लगे महाकुम्भ मेला में जाने से पहले आपको कुछ खास चीजों के बारे में अच्छी तरह से जान लेना है कि आपको वहां क्या करना है और क्या नहीं करना है।*

### कुम्भ मेला में क्या करें

- कृपया वेबसाइट देखकर अपनी यात्रा का कार्यक्रम बनायें, आवास, प्रमुख आयोजन तिथियों की जानकारी के लिए मोबाइल ऐप डाउनलोड करें।
- डॉक्टर द्वारा सलाह दिए जाने पर ही यात्रा करें और दवाएँ अपने साथ रखें।
- अस्पताल, भोजन और आपातकालीन सेवाओं आदि जैसी सुविधाओं से अवगत रहें। आपातकालीन संपर्क नंबर जानें।
- केवल उन्हीं स्नान क्षेत्रों/घाटों का उपयोग करें जो मेला प्रशासन द्वारा अधिकृत हैं। उपलब्ध शौचालयों एवं मूत्रालयों का प्रयोग करें।
- कचरे के निपटान के लिए कूड़ेदान का प्रयोग करें।
- रास्ता खोजने के लिए संकेत चिह्नों का उपयोग करें।
- वाहनों की पार्किंग के लिए पार्किंग स्थलों का उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करें।
- मेला क्षेत्र या शहर में ठहरने के स्थान के निकटतम स्नान घाटों का उपयोग करें।
- किसी आपत्तिजनक सामग्री के मिलने पर पुलिस या मेला प्रशासन को सूचित करें।
- पब्लिक एड्रेस सिस्टम या किसी अन्य माध्यम से दिए गये नियमों, विनियमों और निर्देशों का पालन करें।
- मेले के आयोजन में शामिल विभागों का सहयोग करें।
- आपके कोई साथी अथवा सामग्री के खो जाने पर खोया-पाया केंद्रों का उपयोग करें।
- पर्याप्त समय को ध्यान में रखकर यात्रा की योजना बनायें।

### कुम्भ मेला में क्या न करें

- मूल्यवान सामग्री, अनावश्यक खान-पान और अनावश्यक कपड़े न ले जाएं।
- अजनबियों पर भरोसा न करें, अनधिकृत स्थलों पर भोजन न करें।
- नदी में स्नान करते समय रिवर बैरिकेडिंग या इंगित स्थान से आगे न जाएँ।
- नदियों में कपड़े धोने अथवा नहाने के लिए साबुन/डिटर्जेंट का उपयोग प्रतिबंधित है।
- संक्रामक रोग से पीड़ित हों तो भीड़-भाड़ वाली जगहों पर न जाएँ।
- महाकुम्भ मेले के दौरान शहर एवं मेला क्षेत्र में प्लास्टिक थैलियों का प्रयोग न करें।
- खुले में शौच न करें।



## त्रिवेणी संगम

तीर्थराज प्रयाग की पुण्यभूमि पर माँ गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती का मिलन ही त्रिवेणी संगम कहलाता है। कहते हैं जब गंगा एवं यमुना के संगम की बात चली तब गंगा जी ने यमुना जी से मिलने से मना कर दिया। किंवदंती के अनुसार गंगा जी यमुना जी के विशद क्षेत्र एवं गहराई से चिंतित थीं। उन्हें यह डर था कहीं यमुना जी से मिलने से उनका अस्तित्व न समाप्त हो जाए, उन्होंने गंगा जी को आश्वस्त किया कि संगमोपरान्त गंगा जी ही पूर्ण-रूप से जानी जायेंगी। एक और कथा प्रचलित है कि जब सूर्य-सुता यमुना एवं गंगा के संगम की चर्चा हो रही थी तब गंगा जी ने यमुना जी के श्याम रंग के कारण उनसे मिलने से इनकार कर दिया था। इस पर भगवान भास्कर अत्यधिक नाराज हुए और उन्होंने गंगा जी को कलयुग में मैला एवं मृत शरीर ढोने का शाप दे दिया। इस पर गंगा जी बहुत व्यथित हुईं, उन्होंने अपनी पीड़ा भगवान विष्णु को बताई। विष्णु जी ने कहा कि वे भगवान भास्कर का शाप तो नहीं लौटा सकते परन्तु यह वरदान देते हैं कि बिना गंगा के जल के कोई भी पुण्यकर्म पूर्ण नहीं माना जायेगा। उन्होंने यमुना जी को वरदान दिया कि तुम्हारा जल अक्षयवट के सम्पर्क में आते ही पापनाशक हो जायेगा। इसपर गंगा जी बहुत प्रसन्न हुईं एवं बोली अब यमुना जी के मिलन से मेरी महत्ता भी बढ़ जाएगी। सरस्वती जी भी अक्षयवट के महत्त्व को समझते हुए प्रभु आज्ञा से इस संगम में आ गयी। प्रयागराज के इस अद्वितीय त्रिवेणी संगम का महत्त्व इस कारण भी है कि ब्रह्मा जी ने यहाँ भगवान शिव को इष्ट मान कर यज्ञ किया था, जिसकी रक्षा स्वयं भगवान विष्णु माधव रूप में कर रहे थे। दूसरा, कालान्तर में इसे ही पृथ्वी का केंद्र भी माना गया है। ऐसे में तीर्थराज प्रयागराज एवं त्रिवेणी संगम का महत्त्व स्वत: ही अत्यधिक बढ़ जाता है।

## शाही स्नान केंद्रीय आकर्षण



कुम्भ मेला हिन्दू तीर्थयात्राओं में सर्वाधिक पवित्र पावन तीर्थयात्रा है। प्रयागराज कुम्भ में अनेक कर्मकाण्ड सम्मिलित हैं, जिनमें से स्नान कर्म सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। करोड़ों तीर्थयात्री और श्रद्धालु कुम्भ मेला के अवसर पर त्रिवेणी संगम के पवित्र जल में स्नान करते हैं। पवित्र कुम्भ का स्नानकर्म इस विश्वास के अनुसरण में किया जाता है कि त्रिवेणी संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाकर एक व्यक्ति अपने समस्त पाप को धो डालता है, स्वयं को और अपने पूर्वजों को पुनर्जन्म के चक्र से अवमुक्त कर देता है और मोक्ष को प्राप्त हो जाता है। स्नान-कर्म के साथ-साथ तीर्थयात्री पवित्र नदी के तटों पर पूजा भी करते हैं और विभिन्न साधु-संतों के साथ सत्संग में प्रतिभाग करते हैं। कुम्भ मेला के आरंभ से विहित तिथियों पर शाही स्नान को राजयोगी स्नान के रूप में भी जाना जाता है, जिसमें विभिन्न अखाड़ों के सदस्यों, संतों एवं उनके शिष्यों के द्वारा आकर्षक शोभायात्रा निकाली जाती है। शाही स्नान, कुम्भ मेला का केन्द्रीय आकर्षण होने के साथ ही महोत्सव का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भाग है।

## प्रयागराज कुम्भ मेला स्नान तिथियां

कुम्भ मेला धार्मिक-आध्यात्मिक अनुष्ठानों का एक भव्य आयोजन है, जिसमें संगम-स्नान उन सभी अनुष्ठानों में सबसे महत्त्वपूर्ण है। त्रिवेणी संगम पर लाखों तीर्थयात्री इस पवित्र कार्य में भाग लेने के लिए एक साथ आते हैं। उनको यह दृढ़ विश्वास है कि संगम के पवित्र जल में स्नान करने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो जाता है तथा अपने साथ अपने पूर्वजों को पुनर्जन्म के चक्र से छुटकारा दिलाकर अंतत: मोक्ष, या आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त कर सकता है। संगम-स्नान के अलावा, तीर्थयात्री पवित्र नदी के किनारे पूजा में भी शामिल होते हैं और विभिन्न साधुओं और संतों के मार्गदर्शन में ज्ञानवर्द्धक प्रवचनों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

### शाही स्नान की तिथियां

पौष पूर्णिमा 13 जनवरी 2025
मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025
मौनी अमावस्या 29 जनवरी 2025
वसन्त पञ्चमी 03 फरवरी 2025
माघी पूर्णिमा 12 फरवरी 2025
महाशिवरात्रि 26 फरवरी 2025

कुम्भ मेला, मकर संक्रांति (जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है) के शुभ अवसर अथवा पौष पूर्णिमा से प्रारम्भ होता है। कुम्भ मेला की सम्पूर्ण अवधि के दौरान पवित्र जल में स्नान करना पवित्र माना जाता है, किन्तु कुछ विशिष्ट तिथियाँ हैं, जो विशेष महत्त्व रखती हैं। इन तिथियों पर विभिन्न अखाड़ों के संत अपने शिष्यों के साथ भव्य जुलूस निकालते हैं। वे एक भव्य अनुष्ठान में भाग लेते हैं, जिसे 'शाही स्नान' भी कहा जाता है, जो कुम्भ मेले के शुभारम्भ का प्रतीक है।

### पौष पूर्णिमा (१३ जनवरी २०२५)

पौष माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को पौष पूर्णिमा पड़ती है। यह पौष मास की शुक्ल पक्ष की अंतिम तिथि का नाम है। इस दिन पूर्ण चंद्र दिखाई देता है इसलिए पूर्णिमा की पवित्र तिथि होती है। इस दिन सूर्य एवं चंद्र की पूजा एवं आराधना तथा गंगा में स्नान करना बहुत शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार ऐसा करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पौष पूर्णिमा से ही कल्पवास का प्रारम्भ होता है।

### मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025

हिंदू पंचांग के अनुसार जब भगवान सूर्य धनु राशि का भ्रमण पूरा करके मकर राशि में प्रवेश करते हैं उस काल को मकर संक्रांति कहा जाता है। इसी दिन से सूर्य उत्तरायण होते है तथा दिन बड़े होने लगते हैं। यह मान्यता है कि इस दिन पवित्र जल में स्नान करने, पूजा-पाठ, यज्ञ तथा तिल, घी, गुड़ और खिचड़ी का दान-दक्षिणा देने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

### मौनी अमावस्या (२९ जनवरी २०२५)

मौनी अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्त्व है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इस दिन पवित्र नदी में स्नान करने के लिए ग्रहों की स्थिति सर्वथा अनुकूल होती है। यह तिथि एक पवित्र घटना का स्मरण कराती है जब आदि ऋषि भगवान ऋषभदेव ने अपनी मौन रहने की शपथ को तोड़कर संगम के पवित्र जल में स्वयं को लीन कर लिया था। तीर्थ यात्रियों की विशाल मंडली मौनी अमावस्या के दिन कुम्भ मेले में आती है और इस दिन को आध्यात्मिक शक्ति तथा शुद्धीकरण का महत्त्वपूर्ण दिन बनाती है।

### वसन्त पञ्चमी (03 फरवरी 2025)

माघ मास की शुक्ल पक्ष की पञ्चमी तिथि को वसन्त पञ्चमी के नाम से जाना जाता है। हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार वसन्त पञ्चमी ऋतुओं में परिवर्तन तथा ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी भगवती सरस्वती के आविर्भाव के उत्सव का प्रतीक है। इस पवित्र उत्सव को मनाने के लिए कल्पवासी पीले रंग के वस्त्र धारण करते हैं। इस दिन पवित्र नदी में स्नान, दान तथा पूजन का विशेष महत्त्व है।

### माघी पूर्णिमा (१२ फरवरी २०२५)

माघी पूर्णिमा को माघ मास का अंतिम दिन माना जाता है। इस दिन पवित्र जल में स्नान तथा वस्त्र और गोदान दैहिक तथा दैविक सभी कष्टों का निवारण करता है। माना जाता है कि माघ पूर्णिमा के दिन देवतागण पृथ्वी लोक में भ्रमण के लिए आते हैं। माघी पूर्णिमा कल्पवास की पूर्णता का पर्व है। एक मास की तपस्या एवं साधना इस तिथि को पूर्णता को प्राप्त होती है।

### महाशिवरात्रि (२६ फरवरी २०२५)

फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी महाशिवरात्रि के रूप में मनाई जाती है। पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान शिव का पार्वती जी से विवाह हुआ था। यह कुम्भ का अंतिम स्नान पर्व है। इस दिन स्नान के पश्चात बिल्वपत्र, धतूरा, आक के फूल, चंदन, अक्षत, ईख की गँडेरियों सुगंधित द्रव्य, मधु, नवनीत, दूध तथा गंगाजल द्वारा शिवलिंग की पूजा एवं अभिषेक करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

*बता दें कि विभिन्न ग्रंथों में संगम स्नान का अलग-अलग महत्त्व बताया गया है। ब्रह्म पुराण के अनुसार संगम स्नान से अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है तथा मत्स्य पुराण के अनुसार दस करोड़ तीर्थों का फल मिलता है। महाभारत के एक सूक्त में संगम में स्नान के फल स्वरुप प्राप्त पुण्य को राजसूय एवं अश्वमेध यज्ञों के पुण्यफल के बराबर बताया गया है।*

प्रस्तुति : बीरेंद्र कुमार प्रजपाति

## महाकुंभ : संगम की रेत पर उमड़ा आस्था का सैलाब, 12 किमी पैदल चलकर पहुंच रहे देश-विदेश के श्रद्धालु

# करीब दो करोड़ लोगों ने लगायी डुबकी

**महाकुंभनगर।** दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम महाकुंभ का भव्य शुभारंभ सोमवार को पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के साथ हो गया। इस अवसर पर डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पतित पाविनी गंगा,श्यामल वर्ण यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के संगम पर अमृत स्नान किया।

इसके साथ ही महाकुम्भ की विशिष्ट परंपरा कल्पवास की भी शुरूआत हो गई है। पद्म पुराण और महाभारत के अनुसार संगम तट पर माघ मास में कल्पवास करने से सौ वर्षों तक तपस्या करने के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। विधि-विधान के अनुसार लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने संगम तट पर केला,तुलसी और जौं रोपकर एक महा व्रत और संयम का पालन करते हुए कल्पवास की शुरूआत की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया ह्ल मानवता के मंगलपर्व 'महाकुम्भ 2025' में 'पौष पूर्णिमा' के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।

प्रथम स्नान पर्व पर आज 1.50 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुम्भ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन,पुलिस, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुम्भ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद। पुण्य फलें, महाकुम्भ चलें।

संगम की रेती पर बसे भव्य एवं सुरम्य अस्थायी जिले में महाकुंभ में उमड़ते जनसैलाब के विहंगम दृश्य के साक्षी अमेरिका, रूस, जर्मनी, इटली, इक्वाडोर समेत तमाम देशों से आये विदेशी श्रद्धालु भी बने। मेला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार शाम चार बजे तक एक करोड़ 60 लाख लोग संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके थे। स्नान करने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहने का अनुमान है।

पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को पुलिस के जवान चप्पे चप्पे पर सतर्क निगाहों के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करते दिखे। इस दौरान देश दुनिया के कोने कोने से



आये श्रद्धालुओं के प्रति उनका विनम्र व्यवहार आकर्षण का केंद्र बना। पांटून ब्रिज हो या सेक्टर, श्रद्धालु जब भी पुलिस बल से कहीं भी जाने की राह पूछते तो पुलिस कर्मी उन्हें पूरी विनम्रता के साथ उनके गंतव्य के लिए राह दिखा देते। पुलिस की यह विनम्रता देखकर श्रद्धालु भी बेहद खुश नजर आए।



आस्था के महासंगम में चहुंओर सारा दिन हर-हर गंगे के जयकारे गूंजते रहे। साधु संतों की उपस्थिति से वातावरण भक्ति रस से ओतप्रोत बना रहा। गरीब अमीर, जाति धर्म से परे आस्था का यह समागम देश की एकता और अखंडता का प्रतीक बन कर दुनिया भर में अपनी आभा फैला रहा था।महाकुंभ सनातन धर्म का सबसे बड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक पर्व है। इसका आयोजन हर 12 सालों के बाद किया जाता है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर श्रद्धालुओं का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आधी रात से ही श्रद्धालु और कल्पवासी संगम तट पर जुटने लगे थे। हर-हर गंगे और जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। विदेशी श्रद्धालुओं ने भी पावन स्नान किया।


वैदिक पंचांग के अनुसार प्रथम स्नान स्नान के लिए सुबह 5.27 से लेकर सुबह 6.21 तक का सबसे शुभ माना गया है। लेकिन श्रद्धालु आधी रात के बाद से आस्था की डुबकी लगानी शुरू कर दी। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं तड़के से ही संगम स्नान के लिए पहुंचने लगे। आस्था का ऐसा आलम था कि सिर पर गठरी का वजन भी उनके उत्साह को कम नहीं कर सका। संगम नोज, एरावत घाट और वीआईपी घाट समेत समस्त घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालु स्नान करते नजर आए। युवाओं में सनातन संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला। संगम स्नान और दान-पुण्य में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम तट पर पूजा-अर्चना और दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेला क्षेत्र में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही थी। डीआईजी और एसएसपी खुद चक्रमण कर रहे थे। भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। आधी रात और सुबह तड़के से ही पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

पहले स्नान पर्व के दौरान इंद्रदेव ने भी अपनी कृपा बरसाई। एक दिन पहले रविवार को हुई हल्की बारिश के बाद ठंडी हवा और हल्की हवा के बीच श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान का आनंद लिया। संगम क्षेत्र में आस्था का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने सनातन संस्कृति और आस्था के प्रति गौरव की अनुभूति कराई।

संगम तट पर पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ कल्पवास की शुरूआत हो गई। महाकुम्भ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है। इसलिये इस वर्ष अनुमान के मुताबिक 10 लाख से अधिक लोग संगम तट पर पूरे एक माह का कल्पवास करेंगे। कल्पवास के विधान और महात्म के बारे में तीर्थपुरोहित श्याम सुंदर पाण्डेय कहते हैं कि कल्पवास का शाब्दिक अर्थ है कि एक कल्प अर्थात एक निश्चित समयावधि में संगम तट पर निवास करना। पौराणिक मान्यता के अनुसार माघ मास में पौष पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक कल्पवास करने का विधान है। श्रद्धालु अपनी शारीरिक और मानसिक स्थित के अनुरूप तीन दिन, पांच दिन, ग्यारह दिन आदि का संकल्प लेकर भी कल्पवास करते हैं। पूरी तरह विधि-विधान से कल्पवास करने वाले साधक बारह वर्ष लगातार कल्पवास कर महाकुम्भ के अवसर पर इसका पारण करते हैं, जो कि शास्त्रों में विशेष फलदायी और मोक्षदायक माना गया है।

पौराणिक मान्यता और शास्त्रों के अनुसार पौष पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में संगम स्नान कर, भगवान शालिग्रमा और तुलसी की स्थापना कर, उनका पूजन किया।



## संगम घाट दुनिया के लिए बड़ा आकर्षण का केंद्र बना

महाकुम्भ का संगम घाट इस बार दुनिया के लिए बड़ा आकर्षण का केंद्र बना गया है।अमेरिका, रूस, जर्मनी, इटली, इक्वाडोर समेत तमाम देशों के लोग सनातन संस्कृति से अभिभूत नजर आए और सभी ने संगम में डुबकी लगाई और माथे पर तिलक लगाकर संगम की रेती पर निकल पड़े। इस दौरान स्पेनिश, जर्मन, रशियन और फ्रेंच समेत कई विदेशी भाषाओं में जय श्री राम और हर हर गंगे के जयकारों से संगम का वातावरण गूंज उठा। विदेशी श्रद्धालुओं ने इसे आध्यात्मिक अनुभव का केंद्र बताया है।



अमेरिका के न्यू मैक्सिको में जन्मे बाबा मोक्षपुरी ने पवित्र संगम पर अपनी उपस्थिति से सभी का ध्यान खींचा। कभी अमेरिकी सेना में सैनिक रहे माइकल अब बाबा मोक्षपुरी बन गये हैं। उन्होंने आध्यात्मिक यात्रा और सनातन धर्म से जुड़ने की कहानी साझा की। उन्होने कहा ह्ल मैं भी कभी साधारण व्यक्ति था। परिवार और पत्नी के साथ समय बिताना और घूमना मुझे पसंद था। सेना में भी शामिल हुआ। लेकिन एक समय ऐसा आया जब मैंने महसूस किया कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है। तभी मैंने मोक्ष की तलाश में इस अनंत यात्रा की शुरूआत की।ह्व आज वे जूना अखाड़े से जुड़े हैं और अपना पूरा जीवन सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर चुके हैं। अमेरिका में जन्मे बाबा मोक्षपुरी ने साल 2000 में पहली बार अपने परिवार (पत्नी और बेटे) के साथ भारत यात्रा की। वह बताते हैं, ह्ल वह यात्रा मेरे जीवन की सबसे यादगार घटना थी। इसी दौरान मैंने ध्यान और योग को जाना और पहली बार सनातन धर्म के बारे में समझा। भारतीय संस्कृति और परंपराओं ने मुझे गहराई से प्रभावित किया। यह मेरी आध्यात्मिक जागृति का प्रारंभ था, जिसे मैं अब ईश्वर का आह्वान मानता हूं। जर्मनी की रहने वाली क्रिस्टीना ने कहा यहां आकर आत्मा को शांति मिलती है। मैंने महाकुम्भ के बारे में सुना जरूर था, लेकिन यहां आकर ऐसा लगा कि यह अनुभव अविस्मरणीय है।ह्व क्रिस्टीना का जन्म इक्वाडोर में हुआ था।

स्पीड न्यूज

### मुठभेड़ में मारे गये चार नक्सलियों की हुई पहचान

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मद्देड़ थाना क्षेत्रांतर्गत बंदेपारा-कोरंजेड नेशनल पार्क एरिया में रविवार को हुई मुठभेड़ में मारे गए 15 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सलियों की शिनाख्तगी पश्चिम बस्तर डिवीजन नेशनल पार्क एरिया कमेटी डीव्हीसीएम प्लाटून नम्बर 2 कमाण्डर रैनु हेमला, मद्देड एरिया कमेटी प्लाटून नंबर 11 पीपीसीएम, ज्योति ताती, मिलिशया प्लाटून कमांडर रमेश एचाम, मिलिशिया प्लाटून सदस्य रमेश मिच्चा के रूप में हुई। मुठभेड़ स्थल से एक एलएलआर, एक 12 बोर, दो सिंगल शॉट एक, बीजीएल लांचर एक एवं देशी भरमार एक सहित बड़ी मात्रा कारतुस एवं विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य, दवाईया, नक्सली काली वर्दी एवं अन्य दैनिक उपयोगी की सामग्री बरामद हुए हैं।

### लॉस एंजिलिस में दावानल से अब तक 24 की मौत

**लॉस एंजिलिस।** लॉस एंजिलिस दावानल से जूझ रहा है। गरम और तेज हवा चल रही है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि लॉस एंजिल्स में लगी आग से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार देररात से बुधवार तक क्षेत्र में तेज हवा चलने की आशंका से लोग भयभीत हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, सप्ताहांत में दमकल कर्मचारियों को तेज और गरम हवाओं के बीच पैलिसेड्स और ईटन में आग का प्रकोप करने में काफी हद तक कामयाबी मिली।

## चीन सीमा संवेदनशील, सैनिकों की तैनाती में कमी नहीं: जनरल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि पूर्वी लद्दाख में चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है और वहां तैनात सैनिकों की संख्या में अभी कमी नहीं की जायेगी।

सेना प्रमुख ने सेना दिवस से पहले यहां सोमवार को वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वास्तविक स्थिति के संबंध में पूछे गये सवालों तथा इस संबंध में अपने आरंभिक वक्तव्य में कहा कि वहां स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के अंत में दोनों देशों के बीच बनी सहमति के बाद कई मुद्दों का समाधान हुआ है। दोनों सेनाओं के



सैनिकों की गश्त तथा चरवाहों की गतिविधि से संबंधित मुद्दों का समाधान हुआ है। उन्होंने कहा कि वहां पर सेना की तैनाती के मामले में भी संतुलन बनाकर रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए पूरी सक्षम है।

जनरल द्विवेदी ने सवालों के जवाब में कहा कि अप्रैल 2020 के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगते क्षेत्रों में जो गतिरोध बना था। उस समय दोनों तरफ से निर्माण संबंधी गतिविधियां तथा कुछ और बदलाव किये गये हैं।

## पीएम मोदी राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा पूरा करेंगे , उमर ने जताया विश्वास

**श्रीनगर/सोनमर्ग।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्रशासित प्रदेश के राज्य का दर्जा बहाल करने के अपने वादे का सम्मान करेंगे, जैसे उन्होंने क्षेत्र में विधानसभा चुनाव कराने की प्रतिबद्धता को पूरा किया है। प्रधानमंत्री के मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करने के बाद सोनमर्ग में रैली को संबोधित करते हुए श्री अब्दुल्ला ने दिल्ली से दूरी और दिलों से दूरी दोनों को कम करने के लिए श्री मोदी की पूर्व में व्यक्त प्रतिबद्धता पर विचार किया। श्री अब्दुल्ला ने कहा, ह्लप्रधानमंत्री साहब, जब आप अपनी तीसरी चुनावी जीत के बाद अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दौरान श्रीनगर गए थे, तो आपने



जम्मू-कश्मीर के लोगों से कुछ वादे किए, जिससे आपके शब्दों पर उनका विश्वास मजबूत हुआ। आपने तीन प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने की बात की: अविश्वास की खाई को पाटना और दिल्ली और लोगों के दिलों के बीच की दूरी को कम करना। आपने कार्यों के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हालिया विकासात्मक प्रगति पर प्रकाश डाला।

## आर्थिक सुरक्षा के लिए साइबर बन सकता है खतरा: सीतारमण

### राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में 447 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

**गांधीनगर।(एजेंसी)** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी (आरआरयू) में आयोजित चौथा दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने गुजरात सरकार के मंत्री कनू देसाई की उपस्थिति में कुल 447 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की। निर्मला सीतारमण ने अपने संबोधन में आरआरयू की खासियत और राष्ट्रीय सुरक्षा के विस्तृत दृष्टिकोण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा महज सशस्त्र बल तक सीमित नहीं है, देश की आर्थिक सुरक्षा और लोगों के कल्याण को भी समाहित करती है।

उन्होंने प्रो. बिमल एन पटेल के राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि तकनीक मात्र सीमाओं तक सीमित नहीं है। उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि साइबर विश्व-देश की आर्थिक सुरक्षा के लिए भी खतरा बन सकता है। उन्होंने डिजिटल पब्लिक इन्फ्रांस्ट्रक्चर (डीपीआई) के फायदे और खतरे के संबंध में भी चर्चा की।



केन्द्रीय मंत्री ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को एक साथ बढ़ाने के लिए आरआरयू के पाठयक्रम को हमेशा अपडेट करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने रक्षा साधनों के उत्पादन, निर्यात में बढ़ोतरी, देश की समुद्री क्षेत्र, जीआईएफटी आईएफएससी में शिप लिजिंग सेक्टर और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में आंकड़ों की जानकारी साझा की। दीक्षांत समारोह में 13 विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक सफर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल दिया गया। वहीं 3 विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में शोध के लिए पीएचडी की उपाधि दी गई। इसके अलावा नौ सेना के 11 अधिकारियों को डिप्लोमा एवं पीजी डिप्लोमा की उपाधि दी गई।